राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 274
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
शनिवार 16 अप्रैल 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट
पेज 3 लक्ष्मीबाई नगर और लोधी गार्डन में 'सिंथेटिक ईपीडीएम ट्रैक' और नेहरू पार्क में 'विशेष रनिंग सिंथेटिक ईपीडीएम ट्रैक' विकसित करेगा
पेज 5 अयोध्या में राममंदिर का पुनर्निर्माण भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक : नायडू
पेज 7 मारियुपोल पर कब्जा करने के करीब रूस, कीव के बाहर बना मिलिट्री बेस भी तबाह किया

## दिल्ली में 24 घंटे में 366 नए कोरोना मरीज मिले

### बढ़ते मरीज देख दिल्ली सरकार ने तीसरा टीका फ्री में लगाने का ऐलान किया



एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में शुक्रवार को 366 नए कोरोना मरीज मिले हैं। ये आंकड़ा 24 घंटे का है। इस दौरान किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई। पॉजिटिविटी दर 3.95 प्रतिशत दर्ज की गई। गुरुवार यानी 14 अप्रैल को दिल्ली में 325 नए कोरोना मामले सामने आए थे, जो 3 मार्च के बाद से एक दिन में सबसे अधिक केस थे। इस दौरान पॉजिटिविटी दर 2.39 प्रतिशत दर्ज की गई। 13 अप्रैल को दिल्ली में 299 नए मरीज मिले थे।पिछले कुछ दिनों से दिल्ली में दैनिक कोविड-19 मामलों में तेजी के बीच सरकार ने सरकारी अस्पतालों में फ्री में बूस्टर डोज देने का फैसला लिया है, क्योंकि संक्रमण की एक और लहर की आशंका है। शुक्रवार को कोरोना के 366 नए मामले सामने आए थे। इससे पहले गुरुवार को 325 केस मिले थे।

एजेंसी के अनुसार, राष्ट्रीय राजधानी में कोविड-19 पॉजिटिवीटी रेट एक सप्ताह में 0.5 प्रतिशत से बढ़कर 2.7 प्रतिशत हो गई है। हालांकि, डॉक्टरों ने कहा कि यह कोई भयावह स्थिति नहीं है लेकिन कोरोना संक्रमण से बचाव के लिए गाइडलाइन्स का पालन करना जरूरी होगा।

### देश में कोरोना के 949 नये मामले दर्ज

देश में पिछले 24 घंटे में कोरोना वायरस संक्रमण के 949 नये मामले सामने आये हैं और इसी के साथ कुल संक्रमितों की संख्या चार करोड़ 30 लाख 39 हजार 972 हो गई है। इस दौरान छह लोगों की कोरोना से मौत हुई है, जिसके साथ ही संक्रमण से मरने वालों की संख्या कुल पांच लाख 21 हजार 743 तक पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने शुक्रवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक 186 करोड़ 30 लाख 62 हजार 546 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। देश में कोरोना सक्रिय रोगियों की संख्या 11 हजार 191 हैं। इसमें गुरुवार के मुकाबले 133 की वृद्धि दर्ज की गयी है। देश में सक्रिय मामलों की दर 0.03 प्रतिशत है। इसी अवधि में 810 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 25 लाख सात हजार 038 लोग कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.76 प्रतिशत है। देश में पिछले 24 घंटे में तीन लाख 67 हजार 213 कोविड परीक्षण किये गये हैं। इसी के साथ देश में अब तक कुल 83 करोड़ 11 लाख 77 हजार 370 कोविड परीक्षण किये गये हैं। केरल में पिछले 24 घंटे में एक भी मामला सामने नहीं आने की वजह से इसकी संख्या 2982 पर बरकरार है।

## ठेकेदार सुसाइड केस : विवादों के बीच कर्नाटक के मंत्री केएस ईश्वरप्पा ने दिया इस्तीफा

एजेंसी



नई दिल्ली। कर्नाटक में ठेकेदार संतोष पाटिल के आत्महत्या मामले में राज्य के ग्रामीण विकास और पंचायत राज मंत्री केएस ईश्वरप्पा ने शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया।

उन्होंने मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को अपना त्यागपत्र सौंपा। ईश्वरप्पा ने कल ही इस्तीफा देने का ऐलान कर दिया था। उन्होंने कहा था कि वो शुक्रवार को मुख्यमंत्री को अपना इस्तीफा सौंपेंगे।

अपने इस्तीफे से पहले प्रदेश के ग्रामीण विकास और पंचायत राज (आरडीपीआर) मंत्री के एस ईश्वरप्पा ने शुक्रवार को अपने समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वह एक साजिश के तहत अपने खिलाफ लगाए गए आरोपों से बेगुनाह साबित होकर निकलेंगे और निश्चित रूप से दोबारा मंत्री बनेंगे।

ईश्वरप्पा के खिलाफ पुलिस ने ठेकेदार संतोष पाटिल को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज किया है। ईश्वरप्पा ने कहा, मेरे खिलाफ एक आरोप लगाया जा रहा है, क्या मुझे इससे बेदाग बाहर आना चाहिए या नहीं... अगर जांच जारी रहने के दौरान मैं मंत्री बना रहता हूं तो यह महसूस होगा कि मैं उसको प्रभावित कर सकता हूं। इसलिए मैं मंत्री पद से इस्तीफा दे रहा हूं। मैं आपको बता रहा हूं कि मैं निर्दोष निकलूंगा और निश्चित रूप से एक बार फिर मंत्री बनूंगा।

वहीं, मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई पर ईश्वरप्पा को बचाने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए विपक्षी कांग्रेस ने शुक्रवार को उनकी गिरफ्तारी और उन पर भ्रष्टाचार निरोधक कानून के तहत मामला दर्ज करने की मांग की।

कांग्रेस ने कर्नाटक हाई कोर्ट के किसी न्यायाधीश की निगरानी में पुलिस द्वारा निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

### ईश्वरप्पा गिरफ्तार हों, इस्तीफा काफी नहीं : कांग्रेस

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने शुक्रवार को कहा कि कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पेशे से ठेकेदार एक कार्यकर्ता की मौत के लिए जिम्मेदार कमीशनखोर पंचायतराज मंत्री के एस ईश्वरप्पा का इस्तीफा ही काफी नहीं है इसलिए उन्हें तत्काल गिरफ्तार किया जाना चाहिए।

कांग्रेस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल पर कहा कर्नाटक में भाजपा की 40 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार चल रही है और वहां भ्रष्टाचार जोरों पर है। कमीशनखोर भाजपा के मंत्री केएस ईश्वरप्पा का इस्तीफा काफ़ी नहीं, मंत्री को गिरफ्तार किया जाए। पार्टी ने कहा भाजपा सरकार तानाशाही पर उतारू है, भाजपा की कमीशनखोरी के खिलाफ प्रदर्शन करने वाले कांग्रेस नेताओं को गिरफ्तार कर लेती है। लेकिन भाजपा कार्यकर्ता की मौत के लिए जिम्मेदार मंत्री को गिरफ्तार नहीं किया गया। ये कैसा कमीशनखोर राज है। भाजपा के मंत्री केएस ईश्वरप्पा के भ्रष्टाचार में लिप्त होने को बेनकाब करने वाले भाजपा कार्यकर्ता की मृत्य के बावजूद भी मंत्री को गिरफ्तार नहीं किया गया। क्या यही है- भाजपा की भ्रष्टाचार के प्रति %जीरो टॉलरेंस।

गौरतलब है कि राज्य के ग्रामीण विकास एवं पंचायत राज मंत्री ईश्वरप्पा पर कथिततौर पर काम के बदले में 40 फीसदी कमीशन मांगने का आरोप भाजपा कार्यकर्ता ठेकेदार संतोष पाटिल ने लगाया है। संतोष मंगलवार सुबह उडुपी के एक लॉज में मृत मिला था और उसने मृत्यु से पहले लिखे अपने नोट में कहा था कि उसकी मौत के लिए श्री ईश्वरप्पा जिम्मेदार हैं।

## कांग्रेस में फिर बवाल : हार्दिक पटेल बोले- फैसला नहीं ले पा रहे राहुल गांधी



एजेंसी

### कांग्रेस ने बिहार-ओडिशा के अध्यक्ष से इस्तीफा लिया

**नई दिल्ली।** गुजरात में विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष हार्दिक पटेल ने पार्टी हाईकमान पर फैसला नहीं ले पाने का आरोप लगाया है। हार्दिक ने कहा- मैंने राहुल गांधी के सामने कई बार मुद्दे उठाए हैं, लेकिन समाधान नहीं हो सका। कांग्रेस हाईकमान मुझे ऐसा पद दिया है, जैसे किसी शादी कर देने के बाद उसकी नसबंदी कर दी हो। हार्दिक के इस बयान के बाद उनके पार्टी छोड़ने की भी अटकलें लग रही हैं।

#### राहुल गांधी से क्यों नाराज हैं हार्दिक

पत्रकारों से बातचीत में हार्दिक ने कहा कि मैं करीब 3 महीने से पाटीदार नेता नरेश पटेल को कांग्रेस में शामिल करने के लिए कह रहा हूं, लेकिन हाईकमान उनकी बेइज्जती करने में लगा है। आने वाले 6 महीने में चुनाव होने हैं, लेकिन कांग्रेस हाईकमान कोई फैसला नहीं कर पा रहा है। मैंने राहुल गांधी से कहा, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई।

#### कांग्रेस में मची है उथल-पुथल

5 राज्यों में हार के बाद जहां कांग्रेस पार्टी स्टेट यूनिट में बदलाव कर रही है। कई राज्यों में भारी उथल-पुथल मची हुई है। बिहार कांग्रेस और ओडिशा कांग्रेस के अध्यक्ष ने बुधवार को इस्तीफा दे दिया। यहां नए अध्यक्ष का चुनाव होना है, जबकि हरियाणा में भी नए प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने हैं।

यूपी, बंगाल और गोवा कांग्रेस में भी कलह जारी है। यूपी में करीब एक महीने बीत जाने के बाद भी नए अध्यक्ष का चुनाव नहीं हो सका है। इसके अलावा, गोवा में कद्दावर नेता दिगंबर कामत पार्टी के हालिया फैसले से नाराज हैं।

बंगाल चुनाव में करारी हार के बाद से ही नए अध्यक्ष पर फैसला होने की बात कही जा रही है। बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी लोकसभा में कांग्रेस के नेता भी हैं। ऐसे में बंगाल में नया अध्यक्ष का चुनाव कांग्रेस के लिए आसान नहीं है।

#### हार के बाद जी-23 नेताओं ने खोला था मोर्चा

5 राज्यों में हार के बाद कांग्रेस के भीतर जी-23 के नेताओं ने मोर्चा खोला था। पार्टी नेताओं ने कांग्रेस के भीतर जिम्मेदारी तय करने की मांग की थी। वहीं पार्टी में राहुल गांधी की दखलअंदाजी पर भी सवाल उठाया था।

## अमरनाथ यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन शुरू, 13 से 75 साल तक के लोग कर ऐसे कर सकते हैं आवेदन



नई दिल्ली। भगवान शिव की अमरनाथ यात्रा को लेकर सारी तैयारियां पूरी हो चुकी है। श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने यात्रा को लेकर रजिस्ट्रेशन शुरू कर दिया है। 13 साल से 75 साल तक की उम्र के लोग अमरनाथ यात्रा को लेकर रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इस बार अमरनाथ यात्रा 30 जून से शुरू होकर 11 अगस्त तक चलेगी। पिछले दो सालों से कोरोना के चलते अमरनाथ यात्रा पर रोक लगी थी लेकिन इस बार अमरनाथ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद है।


जिन श्रद्धालुओं को अमरानाथ यात्रा के लिए रिजस्ट्रेशन करवाना है वो पंजाब नेशनल बैंक, जम्मू-कश्मीर बैंक, येस बैंक और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की 100 ब्रांचों में जाकर रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन फीस बढ़ा दी गई है। पहले रजिस्ट्रेशन फीस 100 रुपये होती थी जिसे अब 120 रुपये कर दिया गया है। इसके अलावा सभी यात्रियों को अपने साथ अमरनाथ श्राइन बोर्ड के नजदीक रजिस्टर्ड हॉस्पिटल से हेल्थ सर्टिफिकेट लेना होगा।

अमरनाथ यात्रा पर जाने के लिए रजिस्ट्रेशन करने वाले श्रद्धालुओं को इस बात का खास ध्यान रखना है कि रजिस्ट्रेशन से पहले उनके पास हेल्थ सर्टिफिकेट, चार पासपोर्ट साइज फोटो होने चाहिए और उनका रजिस्ट्रेशन फॉर्म भी पूरी तरह भरा होना चाहिए।

## सिक्किम राज्य में तेजी से घट रही है आबादी

### मुख्यमंत्री ने जताई चिंता; लोगों से की अपील

एजेंसी



**गंगटोक।** देश के सिक्किम राज्य की जनसंख्या में गिरावट जारी है और इसे लेकर मुख्यमंत्री ने चिंता जाहिर की है। मुख्यमंत्री पीएस तमांग ने कहा कि रिकॉर्ड के अनुसार साल 1998 से राज्य की जनसंख्या में तेजी से गिरावट आ रही है। तमांग ने कहा, प्रजनन दर में कमी आने से हमारी आबादी तेजी से कम हो रही है। राष्ट्रीय सर्वेक्षण के अनुसार वर्ष 1998-99 में प्रजनन दर 2.5 प्रतिशत थी, जबकि 2005-06 में यह 2.1 प्रतिशत रह गई और 2015-16 में ष्द्व1.2 प्रतिशत की गिरावट हुई। इसके बाद 2019-20 में यह घटकर 1.1 प्रतिशत रह गई। तमांग ने कहा कि इन विट्रो फर्टिलाइजेशन (आईवीएफ) तकनीक की मदद से दंपतियों को संतान उत्पत्ति में मदद मिल सकेगी।

सिलीगुड़ी (पश्चिम बंगाल) आईवीएफ का केंद्र है। उन्होंने लोगों से इस तकनीक को अपनाने की अपील की ताकि प्रजनन दर में वृद्धि हो सके। उन्होंने कहा कि इस तकनीक को अपनाने से जनसंख्या को बढ़ाने में मदद मिल सकती है। राज्य में प्रजनन दर में कमी होने से जनसंख्या दर में कमी आई है, पर ऐसा क्यों हो रहा है इसका पता नहीं चल पाया।

उन्होंने आशंका जताते हुए कहा कि युवाओं में अपने करियर को लेकर देर से शादी करना, खराब आर्थिक स्थिति, पति और पत्नी दोनों का अपने करियर को आगे बढ़ाना आदि जनसंख्या दर में कमी के कारण हो सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार उन लोगों की हर तरह से मदद करेगी जो अपना परिवार बढ़ाना चाहते हैं। वात्सल्य अभियान के तहत प्रत्येक बच्चे के लिए एक स्वस्थ और खुशहाल बचपन सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि नए बच्चे की योजना को अपनाने वाले सरकारी कर्मचारी तीन लाख रुपये के हकदार होंगे। और गैर-कामकाजी महिलाओं को तीन लाख रुपये दिए जाएंगे। तमांग ने बताया कि हर साल एक लाख रुपये मुख्यमंत्री की स्वास्थ्य सुविधा योजना से शुरुआत की जाएगी। उन्होंने,कहा, वीआईएफ से हमारी जनसंख्या में वृद्धि होने का अनुमान है। हम हैप्पीनेस इंडेक्स बढ़ाने की ओर कदम उठा रहे हैं।

## देश को 10 साल में रिकॉर्ड संख्या में नए डॉक्टर मिलेंगे



एजेंसी

**भुज/ दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को गुजरात के भुज में दो सौ बेड़ वाले के.के. पटेल सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल राष्ट्र को समर्पित करते हुए शुक्रवार को कहा कि देश को आने वाले 10 साल में रिकॉर्ड संख्या में नए डॉक्टर मिलने वाले हैं।

मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अस्पताल राष्ट्र को समर्पित करते हुए कहा कि यह सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल कच्छ के लाखों लोगों को सस्ती और बेहतरीन इलाज की सुविधा उपलब्ध करायेगा। उन्होंने कहा, ये हमारे सैनिकों, अर्धसैनिक बलों के परिवारों को और व्यापार जगत के अनेक लोगों के लिए भी उत्तम इलाज की गारंटी बनकर सामने आयेगा।देश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज के निर्माण का लक्ष्य हो या फिर मेडिकल एजुकेशन को सबकी पहुंच में रखने के प्रयास, इससे आने वाले 10 सालों में देश को रिकॉर्ड संख्या में नए डॉक्टर मिलने वाले हैं। आयुष्मान भारत डिजिटल हेल्थ मिशन से मरीजों के लिए सुविधाएं और बढ़ेंगी।

### हिमाचल के लोगों ने चुनौतियों को अवसर में बदला

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश दिवस पर राज्य के लोगों को शुभकामनाएं देते हुए कहा है कि उन्होंने अपनी मेहनत और ईमानदारी से चुनौतियों को अवसरों में बदल दिया है। हिमाचल प्रदेश दिवस पर अपने विशेष शुभकामना संदेश में श्री मोदी ने शुक्रवार को कहा, हिमाचल दिवस पर देवभूमि के सभी लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं। ये बहुत सुखद संयोग है कि देश की आजादी के 75वें वर्ष में, हिमाचल प्रदेश भी अपना 75वां स्थापना दिवस मना रहा है। हिमाचल के लोगों की मेहनत और ईमानदारी का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा, 1948 में जब हिमाचल प्रदेश का गठन हुआ था तब पहाड़ जितनी चुनौतियां सामने थीं। छोटा पहाड़ी प्रदेश होने के कारण, मुश्किल परिस्थितियों, चुनौतीपूर्ण भूगोल के चलते संभावनाओं के बजाय आशंकाएं अधिक थीं। लेकिन हिमाचल के मेहनतकश, ईमानदार, कर्मठ लोगों ने इस चुनौती को अवसरों में बदल दिया। हिमाचल प्रदेश में विकास की संभावनाओं का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, हिमाचल में जितनी संभावनाएं हैं, उनको पूरी तरह से सामने आने लाने के लिए अब हमें तेज़ी से काम करना है।

## एक और तोहफा: पंजाब में फ्री बिजली की घोषणा कर सकते हैं भगवंत मान



चंडीगढ। शनिवार, 16 अप्रैल को भगवंत मान नीत सरकार का एक महीना पूरा हो रहा है। पंजाब की भगवंत मान नीत आप सरकार घरेलू उपभोक्ताओं के लिए 300 यूनिट मुफ्त बिजली की घोषणा कर सकती है। सूत्रों ने बताया कि मुफ्त बिजली की घोषणा शनिवार को किए जाने की संभावना है।

मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि उनकी सरकार जल्दी ही राज्य के लोगों को खुशखबरी देगी। उनका इशारा घरेलू उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली आपूर्ति की ओर था। पंजाब विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार के दौरान आम आदमी पार्टी ने मुफ्त बिजली का वादा किया था। पिछले साल इस आशय की घोषणा करते हुए अरविंद केजरीवाल ने यह स्पष्ट नहीं किया था कि 300 यूनिट बिजली हर महीने मुफ्त मिलेगी या एक बिल में, क्योंकि पंजाब में बिजली बिल दो महीने में एक बार आता है।

कुछ ही दिन पहले आप के प्रवक्ता मालविंदर सिंह कांग ने मीडिया से कहा था कि घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट मुफ्त बिजली देने के लिए पंजाब सरकार का ब्लूप्रिंट तैयार है और इस आशय की घोषणा जल्दी ही की जाएगी।

इस बीच, कांग्रेस नेता और भोलथ से विधायक सुखपाल सिंह खैरा ने आज कहा कि उन्हें पता चला है कि राज्य में आप सरकार 10 एकड़ या उससे ज्यादा जमीन के मालिक किसानों पर ट्यूबवेल बिल लगाएगी।

खैरा ने ट्वीट किया है, मुझे पता चला है कि भगवंत मान सरकार शातिर तरीके से क्रॉस सबसिडी लगाने वाली है। 10 एकड़ या उससे ज्यादा जमीन के मालिक किसानों पर वह ट्यूबवेल बिल लगाने वाली है और इससे होने वाली बचत से 300 यूनिट मुफ्त बिजली देगी।

भविष्यवाणी

### 1988 से 2021 के बीच 52 प्रतिशत पूर्वानुमान ही सही हुए, 48 प्रतिशत भविष्यवाणियां गलत

## मौसम विभाग की भविष्यवाणी 34 साल में 18 बार गलत

एजेंसी

नई दिल्ली। मौसम विभाग 1988 से अलग-अलग मॉडल के आधार पर मानसून का पूर्वानुमान जारी कर रहा है।

बहुत कम ऐसा होता है जब उसकी भविष्यवाणी सही होती है, लेकिन ज्यादातर मौकों पर मौसम विभाग की भविष्यवाणी गलत साबित हुई है।

एक रिपोर्ट के मुताबिक, 1988 से लकेर अब तक 18 बार उसकी भविष्यवाणी गलत साबित हुई है। जबकि विभाग पूर्वानुमान में 5 प्रतिशत तक कम/ज्यादा की गुंजाइश बताता है। फिर भी 48 प्रतिशत भविष्यवाणियां गलत रहीं। हालांकि, मौसम विभाग का कहना है कि पिछले 15 सालों में उसके पूर्वानुमान में पहले के मुकाबले सुधार आया है।



#### अगले 20 साल में और बढ़ेगी बारिश

मानसूनी बारिश का ट्रेंड ऐसा है कि करीब 30 साल सूखा रहता है फिर अगले 30 वर्ष अच्छी बारिश होती है। ऐसे में 2031-2040 के दौरान बारिश पिछले दशक से अधिक होना शुरू होगी।

### लगातार 11 साल भी हुई सामान्य वर्षा

122 साल के इतिहास में 7 बार ऐसा हुआ है जब लगातार 4 वर्ष सामान्य या उससे अधिक बारिश हुई। 1953 से 1964 तक लगातार 11 वर्ष सामान्य या उससे ज्यादा बारिश हुई थी।

### मौसम पूर्वानुमान एक इंटरनेशनल प्रैक्टिस- मृत्युंजय महापात्र

पिछले 34 सालों यानी 1988 से 2021 के बीच दो बार (1994, 2002) पूर्वानुमान में 20 प्रतिशत से भी ज्यादा अंतर रहा। 6 बार यह अंतर 10 से 15 प्रतिशत के बीच और 10 बार 6 से 9त्न तक रहा। इस बार सामान्य बारिश का पैमाना बदलने पर मौसम विभाग के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्र ने कहा कि यह एक इंटरनेशनल प्रैक्टिस है, जलवायु परिवर्तन की वजह से आए बदलावों के कारण हर दस साल के औसत के आधार पर नए सामान्य का आंकड़ा तय होता है।

## शार्ट न्यूज

### जम्मू-कश्मीर : बारामूला में आतंकियों ने सरपंच की गोली मारकर की हत्या, दो महीने में चौथी वारदात

**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला में शुक्रवार की शाम आतंकियों ने गोशबुग पट्टन में एक सरपंच मंजूर अहमद बांगरू को गोली मारकर हत्या कर दी है। आतंकियों की गोली से घायल होने के बाद बांगरू को नजदीक के अस्पताल ले जाया गया था जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक बांगरू निर्दलीय सरपंच थे। घटना को लेकर पुलिस ने कहा बारामूला जिले के पट्टन के गोशबुग इलाके में आतंकियों ने निर्दलीय सरपंच मंजूर अहमद पर फायरिंग की, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक पिछले छह सप्ताह में पंचायत सदस्य की चौथी हत्या है। पिछले महीने आतंकियों ने कुलगाम में एक सरपंच की गोली मारकर हत्या कर दी थी। पुलिस ने बताया था कि आतंकवादियों ने शब्बीर अहमद मीर को उनके घर काफी करीब गोली मारी थी। इस घटना के दो दिन पहले भी आतंकियों ने श्रीनगर के बाहरी इलाके में एक सरपंच की गोली मारकर हत्या कर दी थी।

### ईश्वरप्पा का इस्तीफा कांग्रेस की जीत

बेंगलुरु। कर्नाटक के चामराजपेटे विधानसभा के कांग्रेस विधायक जमीर अहमद ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी से जुड़े ठेकेदार संतोष पाटिल की आत्महत्या के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार राज्य के मंत्री के. एस ईश्वरप्पा ने शुक्रवार को मंत्री पद से इस्तीफे की घोषणा की है जो कांग्रेस पार्टी की जीत है। अहमद ने शुक्रवार को ट्वीट किया,अगर के.एस ईश्वरप्पा ने अकेले इस्तीफा दे दिया, तो यह इसके लायक नहीं होगा। भ्रष्टाचार और आत्महत्या के आरोप में उन पर तुरंत मामला दर्ज कर जेल भेजा जाना चाहिए। साथ ही उन्होंने संतोष के परिजनों को एक करोड़ मुआवजे की मांग की। अहमद ने मांग की है कि राज्यपाल और केंद्र सरकार मृतक संतोष पाटिल द्वारा राज्य सरकार के खिलाफ लगाए गए 40 प्रतिशत कमीशन के भ्रष्टाचार के आरोपों की जांच का आदेश दें।

### प्रतिबंधित गौ मांस के साथ एक गिरफ्तार

नैनीताल। उत्तराखंड के उधमसिंह नगर जनपद के पुलभट्टा में पुलिस ने प्रतिबंधित गौ मांस के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है जबकि दूसरा फरार होने में कामयाब रहा। आरोपी के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। उधमसिंह नगर पुलिस के अनुसार पुलभट्टा पुलिस को गुरुवार को गौ मांस के परिवहन की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस तुरंत हरकत में आयी और त्वरित कार्यवाही करते हुए अंजनिया रोड तिराहे के पास एक टैम्पो को रोककर 150 किलोग्राम प्रतिबंधित गौमांस बरामद किया। पुलिस ने वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया। एक व्यक्ति मौके से फरार होने में कामयाब रहा। आरोपी अब्दुल वाहिद उर्फ वहिद पुत्र सलानूर नि0 वार्ड नं0 18 सद्दाम गोटिया सिरौली कला थाना पुलभट्टा जिला उधमसिंहनगर का रहने वाला है जबकि मौके से सरताज उर्फ औरा निवासी इन्द्रानगर सिरौलीकला थाना पुलभटटा जनपद उधम सिंह नगर फरार होने में कामयाब रहा। आरोपियों के खिलाफ गौ वंश संरक्षण अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

### फिल्लौर में एक पिस्तौल सहित दो गिरफ्तार

जालंधर। पंजाब जालंधर ग्रामीण की पुलिस ने ठगों के एक गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके पास से एक पिस्टल यू.एस.ए. मॉडल व दो कारतूस बरामद किए हैं। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स्वप्न शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि गत वर्ष 23 अप्रैल को दर्ज एक मामले में वांछित विजय कुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके पास से वारदात मे प्रयुक्त एक पिस्तौल और दो कारतूस बरामद किए। पूछताछ दौरान विजय कुमार ने बताया कि एक अन्य अपराधी संदीप कुमार भी उसके साथ उक्त मामलें में शामिल था जिसे पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

### दो किलो से अधिक गांजा सहित तस्कर गिरफ्तार

जालंधर। पंजाब में जालंधर जिला के थाना नूरमहल की पुलिस ने एक नशा तस्कर को गिरफ्तार कर उसके पास से दो किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक स्वप्न शर्मा ने शुक्रवार को बताया कि थाना नूरमहल की पुलिस टीम ने एक व्यक्ति को काबू करके उससे 02 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया है। उन्होंने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि रविंदर चौधरी निवासी मोराघाट जिला सहरसा बिहार नूरमहल में अपनी झुग्गी में गांजा बेचने की फिराक में है। उन्होने बताया कि पुलिस ने रविंदर को गिरफ्तार कर उसके पास से दो किलो दो सौ ग्राम गांजा बरामद किया है।चोरी के एक अन्य मामले में पुलिस ने बिजली के ट्रांसफार्मर से तार चोरी करने के आरोप में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर उनके पास से 14 किलो तांबे की तार और 13 किलो तांबे की क्वाईल बरामद की है। प्रैस को जानकारी देते हुए नकोदर के पुलिस उपाधीक्षक लखविन्दर सिंह ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी तुलसी मुखिया निवासी गाँव भानाचक्क नज़दीक बिनवलिया बिनटोली ज़िला बेतिया बिहार हाल निवासी मोहल्ला सुरैण्या नूरमहल और निवास गुप्ता पुत्र भोला गुप्ता निवासी गाँव औराटार तहसील निचलोला ज़िला महाराजगंज उत्तर प्रदेश हाल निवासी मोहल्ला सुरैण्या नूरमहल गाँव फतेहपुर में किसानों के नलकूपों पर लगे बिजली के ट्रांसफ़र्मरों और जनरेटरों से तांबे की तारें चोरी कर रेलवे फाटक भल्लोवाल रोड नूरमहल पर किसी वाहन का इंतज़ार कर रहे हैं। श्री सिंह ने बताया कि पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए दोनों चोरों को गिरफ्तार कर लिया है।

### जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों फायरिंग, तीन घायल

**अलवर।** राजस्थान में अलवर के सदर पुलिस थाना अंतर्गत रावतों की ढाणी डहलावास में जमीनी विवाद को लेकर दो गुर्जर पक्षों में हुई फायरिंग में तीन लोग घायल हो गए। सदर थाना प्रभारी राजेश शर्मा ने बताया कि डहलावास में दो गुजर पक्षों में झगड़ा हुआ है जिसमें तीन लोग घायल हो गये। एक के फायर करने से चोट है जिनका अलवर के सामान्य अस्पताल के ट्रॉमा वार्ड में इलाज चल रहा है। पीड़ित पक्ष के कृष्ण गुर्जर ने बताया कि दो वर्ष से जमीन का विवाद चल रहा है दूसरा पक्ष हमारी जमीन को लेना चाहता है। आज सुबह घर पर कोई नहीं था तो दूसरे पक्ष के लोग ख्यालीराम ,रूप सिंह और श्रीराम वगैरह जबरदस्ती खेत को जोतने पहुंच गए। जैसे ही हमें पता चला तो हम पहुंचे तो दूसरे पक्ष के लोगों ने फायरिंग कर दी। जिसमें उनके चाचा राम कुमार रावत के सिर सहित अन्य स्थानों पर फायरिंग की चोट है उनकी हालत सीरियस बनी हुई है। इस घटना में रामकुमार गुर्जर, रूपनारायण गुर्जर अमी चंद गुर्जर घायल हो गए।

### दरभंगा : कर्तव्य में लापरवाही बरतने वाले चार थानाध्यक्ष निलंबित

दरभंगा। बिहार में दरभंगा के वरीय पुलिस अधीक्षक अवकाश कुमार ने चार थानाध्यक्षों को तत्काल प्रभाव से शुक्रवार को निलंबित कर दिया है। पुलिस सूत्रों ने आज यहां बताया कि 27 मार्च को रात्रि करीब 8:30 बजे बहेड़ी थाना क्षेत्र के बहेड़ी बाजार में स्थित अलंकार ज्वेलर्स के मालिक दुकान बंद कर अपने मोटरसाइकिल से घर जा रहे थे तभी तीन अपराध कर्मियों द्वारा मोटर साइकिल को रोक दिया गया एवं मोटरसाइकिल सवार से झोला जिसमें सोना के जेवर एवं अन्य कागजात था लूट लिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष, बहेड़ी के द्वारा लूट का कांड नहीं दर्ज कर केवल सनहा दर्ज किया गया था। इस मामले की जांच अंचल पुलिस निरीक्षक बहेड़ा के द्वारा कराई गई जिसके जांच प्रतिवेदन के आलोक में बरती गई लापरवाही के लिए दोषी पाकर बहेड़ी थाना के थानाध्यक्ष मुकेश कुमार मंडल को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। कुमार ने बताया कि कुशेश्वरस्थान थाना क्षेत्र के हिरनी गांव निवासी संजू सुमन चौधरी का ट्रैक्टर एवं उसका ट्रेलर 10 अप्रैल 2022 को सदर थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय उच्च पथ संख्या 57 पर स्थित काकर घट्टी फूल के समीप अपराधियों द्वारा लूट लिया गया था।

# सोनिया गांधी ने कांग्रेस वर्कर के तौर पर दर्ज कराया नाम, संगठन चुनाव में लेंगी हिस्सा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के विशेष सदस्यता अभियान के आखिरी दिन शुक्रवार को पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी पार्टी की डिजिटल सदस्य के तौर पर अपना नाम दर्ज कराया। सोनिया गांधी से पहले पूर्व पीएम मनमोहन सिंह और कांग्रेस के कई वरिष्ठ नेता भी पार्टी के डिजिटल सदस्य बन चुके हैं। सोनिया गांधी आगामी संगठन चुनाव में हिस्सा लेंगी। सूत्रों के अनुसार, कांग्रेस के डेटा विश्लेषण विभाग के प्रमुख प्रवीण चक्रवर्ती ने सोनिया गांधी का नाम कांग्रेस के डिजिटल सदस्य के तौर पर शामिल किया। बाद में कांग्रेस के



संगठन महासचिव के. सी. वेणुगोपाल ने सोनिया गांधी को डिजिटल पहचान पत्र सौंपा। हाल में पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और कांग्रेस के कई अन्य वरिष्ठ नेता पार्टी के डिजिटल सदस्य बने थे।

गौरतलब है कि कांग्रेस ने पिछले महीने अपने विशेष सदस्यता अभियान को 15 दिनों के लिए बढ़ा दिया था और यह 15 अप्रैल तक चला। 20 राज्यों में चल रहे इस डिजिटल सदस्यता अभियान के माध्यम से 2.5 करोड़ से अधिक सदस्य कांग्रेस में शामिल हुए हैं।

#### चुनावी राज्यों में नहीं चला अभियान

जिन पांच राज्यों में हाल ही में विधानसभा चुनाव (उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, मणिपुर और गोवा) हुए थे, वहां डिजिटल सदस्यता अभियान कार्यक्रम को नहीं किया गया।

दक्षिण भारत के पांच राज्यों कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल और आंध्र प्रदेश से सभी डिजिटल सदस्यों का 55 प्रतिशत हिस्सा हैं। अकेले महाराष्ट्र में सभी सदस्यों का 12 प्रतिशत हिस्सा है।पहले तय किए गए कार्यक्रम के मुताबिक, पार्टी का सदस्यता अभियान 31 मार्च को संपन्न होने वाला था। यह अभियान पिछले साल एक नवंबर को आरंभ हुआ था।

# सरकार को किसानों की परवाह नहीं : चौटाला

हिसार। इंडियन नेशनल लोकदल के सुप्रीमो ओम प्रकाश चौटाला ने कहा है कि सरकार को किसानों की परवाह नहीं ,बस पूंजीपतियों के हितों की चिंता है। कपास की फसल बर्बाद होने पर मुआवजे की मांग को लेकर खेड़ी चौपटा स्थित तहसील कार्यालय पर सत्रह गांवों के किसानों के धरना का समर्थन करने के लिए पहुंचे श्री चौटाला ने धरनारत किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान संघर्ष से पीछे नहीं हटते हैं और वह सरकार को अपनी बात मनवाने के लिए मजबूर कर देते हैं। देश की आय का मुख्य साधन खेती है और किसान खुशहाल है तो देश मालामाल है और यदि किसान कंगाल है तो फिर देश का बुरा हाल है।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार लगातार किसानों के हितों के खिलाफ निर्णय ले रही है, जिसके चलते किसान लगातार आंदोलनरत हैं। सरकार को पूंजीपतियों के हितों की तो चिंता है, लेकिन किसानों की उसे कोई परवाह नहीं है। इसलिए इस गूंगी-बहरी सरकार को जगाने के लिए आंदोलन जरूरी है।

उन्होंने कहा कि प्रकृति की तरफ से नफा नुकसान होते रहते हैं लेकिन सत्ता में बैठे लोगों की जिम्मेवारी होती है कि वो लोगों के दुख-दर्द और मुसीबत में उनका साथ दें।

# स्टालिन ने 11 मछुआरों की कानूनी मदद के लिए जयशंकर को लिखा पत्र

चेन्नई। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने शुक्रवार को विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से श्रीलंकाई नौसेना द्वारा गिरफ्तार किए गए तमिलनाडु के 11 गरीब मछुआरों को कानूनी सहायता सुनिश्चित करने का आग्रह किया।

स्टालिन ने विदेश मंत्री को लिखे अर्ध सरकारी पत्र में कहा है कि 23 मार्च को 11 मछुआरों को श्रीलंकाई नौसेना ने गिरफ्तार कर लिया था और इस मामले की सुनवाई करने वाली किलिनोच्ची अदालत ने सुनवाई पर 12 मई तक रोक दी है।

मुख्यमंत्री ने कहा, मछुआरे जमानत पर रिहा होने के लिए भारी राशि का भुगतान करने में असक्षम हैं। वे वर्तमान में जाफना जेल में बंद हैं। उन्होंने इस संबंध में विदेश मंत्री से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की।

स्टालिन ने डॉ जयशंकर से गरीब मछुआरों की जल्द रिहाई के लिए सभी कानूनी सहायता और मदद सुनिश्चित करने का अनुरोध किया।

# नाश्ते में देरी से गुस्साए ससुर ने बहू को मार दी गोली, मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र में एक शख्स ने देरी से नाश्ता मिलने पर अपनी बहू की गोली मारकर हत्या कर दी। गोली मारने के बाद से आरोपी ससुर फरार है और पुलिस उसे पकड़ने के लिए लगातार दबिश डाल रही है।

बताया जा रहा है कि देरी से नाश्ता मिलने से नाराज ससुर ने अपनी लाइसेंसी रिवॉलवर से बहु के पेट में गोली मारी जिसके बाद परिवार वाले आनन-फानन में महिला को लेकर अस्पताल भागे जहां शुक्रवार को महिला ने दम तोड़ दिया। मामला



महाराष्ट्र के ठाणे जिले के रबोड़ी इलाके का है। परिवार के लोगों ने रबोड़ी थाने में आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान 76 साल के काशीनाथ पांडुरंग पाटिल के तौर पर हुई है जो पेशे से व्यापारी है।

आरोप है कि गुरुवार को 42 साल की सीमा राजेंद्र सुबह परिवार के लिए नाश्ता बना रही थी। नाश्ते में थोड़ी देरी हो गई तो ससुर काशीनाथ पांडुरंग पाटिल को इतना गुस्सा आया कि उसने अपनी लाइसेंसी रिवॉलवर से गोली चला दी जो सीमा के पेट में जाकर लगी।

इस घटना से परिवार वाले हक्के बक्के रह गए और खून से लथपथ सीमा को तुरंत अस्पताल लेकर भागे। करीब 20 घंटे जिंदगी की जद्दोजहद करने के बाद सीमा ने शुक्रवार को आखिरकार दम तोड़ दिया। सीमा की एक बेटी है जिसकी उम्र करीब 17 साल है।

परिवार की तरफ से शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को ढूढ़ने के लिए टीमों का गठन कर दिया है। पुलिस ने आरोपी पर आईपीसी की धारा 307 (हत्या की कोशिश) और 506 (आपराधिक धमकी) और आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है।

# कश्मीरी पंडितों पर चुप्पी का आरोप लगाने वाले बुलडोजर पर क्यों हैं शांत : महबूबा मुफ्ती

**नई दिल्ली।** मध्य प्रदेश की शिवराज सिंह चौहान सरकार इन दिनों बुलडोजर को लेकर चर्चा में है। देशभर के विपक्षी नेता भाजपा सरकार पर आरोप भी लगा रहे हैं। इसी कड़ी में अब पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने भाजपा पर संविधान पर बुलडोजर चलाने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि भगवा पार्टी के नेताओं के बीच मुसलमानों के घर और रोजी रोटी छीनने की होड़ लगी है।

दरअसल, पीडीपी अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने शुक्रवार को अपने सिलसिलेवार ट्वीट में जमकर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा जिस



प्रतिशोध से भारत के संविधान पर बुलडोजर चला रही है, वह अब अल्पसंख्यकों के घरों तक पहुंच गया है। भाजपा नेता मुसलमानों से सब कुछ छीनने में एक-दूसरे को पीछे छोड़ रहे हैं, चाहे वह उनका घर हो, रोजी रोटी हो या सम्मान। इतना ही नहीं उन्होंने कहा कि बहुसंख्यक समुदाय की चुप्पी बेहद चिंताजनक है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि कश्मीरी मुसलमान होने के नाते हम पर कई बार आरोप लगाया जाता है कि हम तब चुप रहे, जब कश्मीरी पंडितों को भागने के लिए मजबूर किया जा रहा था। लेकिन आज के भारत में बहुसंख्यक समुदाय की आपराधिक चुप्पी और भाजपा का भारत के मूल विचार को खत्म करना बेहद चिंताजनक और परेशान करने वाला है।

बता दें कि महबूबा मुफ्ती की यह टिप्पणी मध्य प्रदेश के खरगोन जिले में हुए बवाल के बाद आई है। यहां रामनवमी के जुलूस पर पथराव करने के आरोपियों के कम से कम 50 अवैध ढांचे गिरा दिए गए। आरोप है कि खरगोन जिले में रामनवमी के जुलूस के दौरान मस्जिद के पास कथित तौर पर तेज संगीत बजाया जा रहा था और इसी दौरान जुलूस पर पत्थर फेंका गया। इस घटना के बाद वहां आगजनी और सांप्रदायिक तनाव उत्पन्न हो गया था। इसके बाद शहर में कर्फ्यू लगा दिया गया। घटना को लेकर सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा था कि इस हिंसा में शामिल आरोपियों की पहचान कर ली गई है। सीएम ने कहा कि घटना दुर्भाग्यपूर्ण है, मध्यप्रदेश की धरती पर दंगाइयों के लिए कोई स्थान नहीं है। यह दंगाई चिन्हित कर लिए गए हैं, इनको छोड़ा नहीं जाएगा।

# क्षेत्र में अगले चार दिन लू का प्रकोप रहने के आसार

चंडीगढ़। पश्चिमोत्तर क्षेत्र में आगामी चार दिनों तक तेज हवा के साथ लू चलने के आसार है।

मौसम केन्द्र के अनुसार पंजाब तथा हरियाणा में पारा फिर से चढ़ने से धूल भरी हवा के साथ गर्मी सताएगी। पिछले चौबीस घंटों में क्षेत्र में कुछ इलाकों में अंधड के साथ बूंदाबांदी हुई जिससे गर्मी से राहत मिली ।अमृतसर का पारा 36 डिग्री , पटियाला 38 डिग्री ,लुधियाना 37 डिग्री ,पठानकोट 37 डिग्री , बठिंडा 41 डिग्री , चंडीगढ 37 डिग्री ,अंबाला 37 डिग्री , नारनौल 41 डिग्री , करनाल 37 डिग्री , हिसार 40 डिग्री , गुडगांव 39 डिग्री , सिरसा 41 डिग्री रहा । हरियाणा में मौसम शुष्क होने से तापमान में वृद्धि हुई । पश्चिमी विक्षोभ के चलते मौसम परिवर्तनशील रहा है तथा 20 अप्रैल तक मौसम शुष्क बना रहेगा जिसके चलते अधिकत्तम तापमान 42 से 44 डिग्री तक बने रहने की संभावना है। जबकि न्यूनतम तापमान 17 से 20 डिग्री तक बने रहने की आसार है। जबकि हवा की गति 7.8 से 14 किलोमीटर प्रति घंटा रहने की संभावना है।

कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार गेहूं कटाई का काम तेजी पर है और कुछ स्थानों पर गेहूं कटाई का काम पूरा हो चुका है। कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को सलाह दी है कि पक चुकी गेहूं की जल्दी से कटाई कर संरक्षित कर लें। सडकों तथा रेलवे लाइनों के साथ गेहूं की ढेरियां न लगाएं। जहां गेहूं की कटाई हो चुकी है वहां पर समरमूंग की बिजाई की जा सकती है।

### जिला अस्पतालों में छह माह में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती होगी : रावत

**नैनीताल।** उत्तराखंड के स्वास्थ्य मंत्री डा. धन सिंह रावत ने कहा कि आगामी छह माह में उनकी सरकार ने जिला अस्पतालों व मेडिकल कालेजों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की तैनाती करने का लक्ष्य रखा है। इसके साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों (पीएचसी) व सी एच सी में स्वास्थ्य सेवाएं ठीक की जाएंगी। रावत शुक्रवार को नैनीताल के जिला अस्पताल में सिटी स्कैन मशीन के शुभारंभ के मौके पर बोल रहे थे। उन्होंने सिटी स्कैन मशीन का भी वर्चुअल उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अल्मोड़ा का मेडिकल कॉलेज शुरू हो गया है ।पिथौरागढ़, उधमसिंहनगर व हरिद्वार के मेडिकल कॉलेजों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है जहां दो साल के भीतर पढ़ाई शुरू हो जाएगी ।जिससे राज्य में डॉक्टरों की कमी नहीं रहेगी ।स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार का मुख्य फोकस स्वास्थ्य सेवा है और स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिये धन की कमी नहीं होगी। स्वास्थ्य महानिदेशक डॉ. तृप्ति बहुगुणा ने डॉक्टर्स फ़ॉर यू संस्था द्वारा नैनीताल में सी टी स्कैन मशीन स्थापित करने की सराहना की तथा कहा कि इस मशीन के नैनीताल में लगने से पर्वतीय क्षेत्र के मरीजों को काफी सुविधा हो जाएगी। नैनीताल के जिलाधिकारी धीराज गर्ब्याल ने बी डी पांडे अस्पताल में सी टी स्कैन मशीन स्थापित होने पर खुशी व्यक्त की ।उन्होंने बी डी पांडे अस्पताल को मिशन कायाकल्प के तहत प्रथम पुरस्कार मिलने पर प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. के एस धामी व उनकी टीम को बधाई दी ।इन्होंने डॉक्टर्स फ़ॉर यू संस्था के पदाधिकारियों से नैनीताल जिले को स्वास्थ्य के क्षेत्र में बेहतर बनाने व इसे मॉडल डिस्ट्रिक्ट के रूप चयनित करने का आग्रह किया।

# भाजपा की तथ्यान्वेषी टीम ने हंसखाली का दौरा किया

एजेंसी

कोलकाता। भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के चार सदस्यीय महिला जांच टीम शुक्रवार को पश्चिम बंगाल में नादिया जिले के हंसखाली को दौरा किया। जहां वे नाबालिग पीड़िता के शोक संतप्त परिजनों से मिलेंगी और पीड़िता के मौत के तथ्यों की जांच करेगी।

नादिया जिले के हंसखाली में हाल ही में नाबालिग की सामूहिक दुष्कर्म कर उसकी हत्या कर दी गयी थी। इस घटना के मुख्य आरोपी तृणमूल कांग्रेस नेता के बेटे को गिरफ्तार किया गया है।

आज सुबह सड़क के रास्ते हंसखली जान से पहले समिति के एक सदस्य और उत्तर प्रदेश से सांसद रेखा वर्मा ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। उन्होंने आरोप लगाया कि राज्य में राजनीतिक हत्याएं, सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस द्वारा विपक्षी दलों पर हमला तथा दुष्कर्म की घटना, महिलाओं के प्रति हिंसा और हत्या के कारण यहां की स्थिति भयावह हो गयी है।

तथ्यों की जांच करने वाली समिति के सदस्यों में सुश्री वर्मा के साथ, तमिलनाडु के विधायक तथा भाजपा महिला मोर्चा के राष्ट्रीय नेता बोनोती श्रीनिवासन और खुशबू सुंदर तथा मालदा की विधायक श्री रुपा चौधरी शामिल हैं। इस घटना को लेकर समिति के सदस्यों को शोक संलिप्त परिवारों तथा स्थानीय लोगों से मिलने की उम्मीद है। समिति बाद में इस मामले पर अपनी रिपोर्ट दिल्ली में पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा को सौपेगी।

सुश्री वर्मा ने आरोप लगाया कि राज्य में सभी प्रकार के अपराध हो रहे हैं। खासकर यहां दिन प्रतिदिन महिलाओं के खिलाफ अपराध का ग्राफ बढ़ता ही जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ये सब तब हो रहा है जब राज्य की मुख्यमंत्री एक महिला हैं।

उन्होंने कहा कि यह अपराध दर्शाता है कि प्रशासन और पुलिस बड़े पैमाने पर आम अदमी की बचाव और सुरक्षा करने में विफल रही है।

सुश्री वर्मा ने यह भी दोहराया कि हंसखाली सामूहिक दुषकर्म और हत्या पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की कोई टिप्पणी सामने नहीं आयी थी और यह केवल अपराधियों को और अधिक अपराध करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। उन्होंने कहा , मुख्यमंत्री की टिप्पणी यह है कि यह एक प्रेम प्रसंग मामला है जो कि इस तरह की टिप्पणी बेहद शर्मनाक है। मुख्यमंत्री को पीड़िता के परिवार से मांफी मांगनी चाहिए।

उल्लेखनीय है कि चार अप्रैल को तृणमूल कांग्रेस नेता के बेटे के ने जन्मदिन का आयोजन किया गया था, पार्टी से नाबालिग लड़की देर रात घर वापस लौटी थी। खून बहने के कारण अगले दिन उसकी मौत हो गयी तथा शाम को बिना किसी मृत्यु प्रमाण पत्र के उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया।

इसके बाद अगले दिन पीड़िता के परिवार वालों ने तृणमूल कांग्रेस नेता के पुत्र के खिलाफ दुष्कर्म के आरोप में पुलिस थाने में इसकी शिकायत दर्ज करायी। स्थानीय निवासी और परिवार के सदस्यों ने पुलिस को बताया कि कथित रूप से उसके साथ दुष्कर्म होने से पहले उसको शराब पीने के लिए मजबूर किया गया।

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने हालांकि मंगलवार को इस मामले की जांच केन्द्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को सौंप दी है।

# गेहूं के लिए 500 रुपये प्रति क्विंटल मुआवजा दे केंद्र : राजविंदर कौर

जालंधर। महिला किसान यूनियन ने संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर एमएसपी मांग सप्ताह दौरान यूनियन की अध्यक्ष बीबी राजविंदर कौर राजू के नेतृत्व में प्रधानमंत्री के नाम जालंधर के जिला उपायुक्त को एक मांगपत्र सौंप कर 500 रुपये प्रति क्विंटल मुआवजा देने की मांग की है। बीबी राजविंदर कौर राजू ने शुक्रवार को कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा के नेतृत्व में 11 अप्रैल से 17 अप्रैल तक पूरे भारत में किसान एमएसपी सप्ताह मना रहा है। किसान नेता ने मांग की है कि भारत में सभी प्रकार के किसानों की सभी फसलों के लिए स्वामीनाथन तथा रमेश चंद समिति की सिफारिशों के अनुसार फॉर्मूला के अधीन एमएसपी तय किया जाना चाहिए और इस संबंध में केंद्र सरकार द्वारा घोषित एमएसपी पर फसलों की खरीद की कानूनी गारंटी प्रदान करने के लिए एक नया कानून बनाया जाना चाहिए। बीबी राजू ने यह भी मांग की कि केंद्र द्वारा 23 फसलों के लिए घोषित एमएसपी के साथ ही अन्य सभी फसलों/उत्पादों जैसे सब्जियां, फल, दूध और मछली के लिए भी न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की जानी चाहिए और उसी कीमत पर उपज की खरीद की गारंटी दी जानी चाहिए। यूनियन ने केंद्र सरकार से यह मांग भी की है कि भीषण गर्मी से गेहूं के सिकुड़ने के कारण और गेहूं की उपज को हुए नुकसान के लिए किसानों को 500 रुपये प्रति क्विंटल का मुआवजा दिया जाए। इसके अलावा मंडियों से अनाज की सरकारी खरीद में आवश्यक छूट दी जाए।

यूनियन अध्यक्ष ने केंद्र से कहा कि इस बार रबी के सीज़न में रिकॉर्ड गर्मी के कारण हर किसान का गेहूं उत्पादन प्रभावित हुआ है। उसके कारण प्रति एकड़ पांच से आठ क्विंटल गेहूं की कम उपज है। इस तरह किसानों की आमदनी बढ़ने की बजाय घटी है। बीबी राजू ने केंद्र से मांग की कि पंजाब के किसानों को उनके नुकसान के लिए तत्काल वित्तीय मुआवजे की घोषणा की जाए। महिला किसान नेता ने कहा कि भारतीय खाद्य निगम ने खरीदी गई गेहूं की फ़सल की प्रत्यक्ष डिलीवरी लेने से इनकार कर दिया है। उन्होंने कहा कि कम पैदावार से किसान पहले से ही परेशान हैं और केंद्र सरकार के नए फैसले ने किसानों की चिंता और बढ़ा दी है। वहीं खरीदे गए गेहूं न उठाने से मंडियों में गेहूं का भंडार लगा है।

# धर्म के नाम पर देश में दंगे फसाद हो रहे है, मोदी मौन है : दिग्विजय

एजेंसी

अजमेर। राष्ट्रीय कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ..मौन..रहने पर हमला बोलते हुए कहा है कि धर्म के नाम पर देश में दंगे फसाद हो रहे हैं। मोदी एक शब्द नहीं बोलते।

राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह आज यहां सर्किट हाउस में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में धार्मिक उन्माद फैलता है, नफरत फैलाई जाती है लेकिन मोदी एक शब्द नहीं बोलते। ऐसे मामलों और हालातों पर जो भी दोषी हो सख्ती से कार्यवाही होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें सत्ता की नहीं देश की चिंता है। आज देश में हालात बिगड़ते जा रहे। सामाजिक समरसता नही होना बड़ी चिंता का विषय है। कांग्रेस संगठन पूरे देश में अपना एजेंडा गरीब, किसान, मजदूर के लिए लागू करना चाह रही है इसलिए हम संघर्ष कर रहे है।

देश में पैसे का अवमूल्यन हो रहा है, गरीबी बढ़ती जा रही है, गरीब और ज्यादा गरीब हो रहा है, करोड़पति अरबपति बन रहा है, अरबपति खरबपति बन रहा है, हालात चिंताजनक है। उन्होंने कोरोना का रिलीफ भी गरीबों तक नहीं पहुंचने की बात कहते केंद्र सरकार को आड़े हाथों लिया।

श्री सिंह ने कहा कि बुल्डोजर चलाना है तो महंगाई-बेरोजगारी पर चलाओ, सामाजिक बुराइयों के खिलाफ चलाओ लेकिन आज भाजपा की सरकार संघ के इशारे पर ध्यान भटकाने का काम कर रही है जिससे वैमनस्यता और बढ़ती जा रही है। उन्होंने कहा कि सांप्रदायिक उन्माद भाजपा का सबसे खतरनाक राजनीतिक हथियार है। श्री सिंह ने एक सवाल के जवाब में कहा कि अखंड भारत का मतलब पाकिस्तान का भारत में मिलना है जिसका जवाब प्रधानमंत्री मोदी को देना चाहिए।

श्री सिंह आज पूर्व विधायक डॉ राजकुमार जयपाल के यहां विवाह कार्यक्रम में शिरकत करने आए। उन्होंने यहां ख्वाजा साहब की दरगाह में हाजिरी लगाकर मखमली चादर एवं अकीदत के फूल पेश किए। पुष्कर पहुंचकर उन्होंने पवित्र सरोवर की पूजा अर्चना की एवं ब्रह्मा जी के दर्शन किए।

## शार्ट न्यूज

### दनकौर पुलिस ने अपनी पत्नी की हत्या करने वाला अभियुक्त गिरफ्तार

**ग्रेटर नोएडा।** थाना दनकौर पुलिस ने अपनी पत्नी की हत्या करने वाले अभियुक्त सुनील उर्फ छोटू पुत्र गोपाल निवासी दादूपुर थाना दनकौर गौतमबुद्धनगर को थाना क्षेत्र के मकनपुर खादर रोड पर से शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। 14 अप्रैल 2022 को ग्राम दादूपुर में बीना पत्नी सुनील निवासी ग्राम दादूपुर थाना दनकौर गौतमबुद्धनगर की गला दबाकर हत्या कर दी थी। उक्त महिला की शादी वर्ष 2010 में ग्राम दादूपुर निवासी सुनील पुत्र गोपाल से हुई थी। सुनील हर रोज बीना के साथ मारपीट करता था तथा शराब पीने के लिये पैसे मांगता था। शराब के लिये पैसे ना देने पर सुनील ने बीना की रात्रि में सोते समय गला दबाकर हत्या कर दी थी। जिसके सम्बन्ध में थाना दनकौर पर मुकदमा पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस ने आवश्यक वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

### किचन में मिला 56 वर्षीय महिला का झुलसा हुआ शव, परिवार ने जताई हत्या की आशंका

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर क्षेत्र में शुक्रवार सुबह एक 56 वर्षीय महिला का संदिग्धावस्था में आग में झुलसा हुआ शव उसके मकान के रसोईघर में मिला। इस मामले में महिला के परिजनों ने पुलिस के सामने हत्या की आशंका जताई है। दनकौर थाना प्रभारी सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि कस्बा दनकौर की निवासी वीरमवती (56) का झुलसा हुआ शव शुक्रवार सुबह उनके मकान के रसोईघर में मिला। थाना प्रभारी ने बताया कि महिला के बेटे विपिन ने मामले की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद फॉरेंसिक टीम को मौके पर भेजा गया है। उन्होंने बताया कि घटना के समय महिला के दो नाबालिग पोते घर पर ही मौजूद थे, पुलिस उनसे भी बातचीत कर रही है। सिंह ने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस हादसा या हत्या दोनों पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। वहीं, मामले में मृतका के परिजनों ने कुछ लोगों पर हत्या की आशंका जताई है।

### बिजली का खंभा गिरने से मजदूर की मौत

दनकौर। दनकौर के ही जुनेदपुर गांव में नाले के निर्माण के समय खुदाई के दौरान कथित तौर पर बिजली का खंभा एक मजदूर के ऊपर गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। दनकौर थाना प्रभारी सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि जुनेदपुर गांव में यमुना विकास प्राधिकरण की ओर से नाले का निर्माण कराया जा रहा है। मजूदर सावेज (21) गुरुवार शाम नाले में काम कर रहा था, जब खुदाई करते वक्त पास में लगा एक बिजली का खंभा उसके ऊपर आ गिरा। इस घटना में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। अगर मृतक के परिजन इस मामले में किसी के खिलाफ कोई शिकायत करते हैं, तो पुलिस उसके आधार पर आगे की कार्रवाई करेगी।

### मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण शुरू, 500 वाहन खड़े हो सकेंगे

गाजियाबाद। नया बस अड्डे के पास मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण कराने के लिए मिट्टी का भराव और फाउंडेशन का काम शुरू हो गया। निर्माण कार्य से पहले जांच के लिए भेजे मिट्टी के सैंपल सही आए हैं। जल निगम को निर्माण कार्य आरंभ होने के 12 से 18 माह में पार्किंग तैयार करनी होगी। नया बस अड्डे के पास पांच मंजिला पार्किंग में 500 वाहन खड़े हो सकेंगे। इसके बाद वाहन सड़कों के किनारे खड़े नहीं होंगे। नगर निगम नया बस अड्डे के पास राज्य स्मार्ट सिटी योजना के तहत पार्किंग का निर्माण कराएगा। इसके लिए काफी पहले ही जमीन चिन्हित कर ली थी। पार्किंग बनाने पर 38 करोड़ 83 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। यह काम जल निगम को दिया गया है। जल निगम ने मिट्टी के सैंपल जांच के लिए भेजे थे। पंतनगर विश्वविद्यालय में मिट्टी की जांच कराई गई। इसमें पता कराया कि निर्माण के दौरान मिट्टी धंस तो नहीं जाएगी। विश्वविद्यालय से मिट्टी की रिपोर्ट आ गई है, जिसमें कोई कमी नहीं मिली। जल निगम ने तीन दिन पहले मिट्टी का भराव शुरू करा दिया। मिट्टी को समतल किया जा रहा है। फाउंडेशन बनाने के लिए खुदाई कराई जा रही है। हालांकि निर्माण कार्य 10 दिन बाद रफ्तार पकड़ने लगेगा।

### महंगाई के चलते 15 फीसदी तक रसोई का बजट बढ़ा

**गाजियाबाद।** आम से लेकर खास लोग भी महंगाई की मार से हैरान और परेशान हैं। बीते करीब 25 दिनों में पेट्रोलियम पदार्थों एवं गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि हुई है। इससे रोजमर्रा की चीजों, खाद्य पदार्थों सहित उद्योगों के लिए जरूरी कच्चा माल कई गुना महंगा हो गया है। औद्योगिक उत्पादन की लागत 10 फीसदी तक महंगी हो गई है। लोगों के रसोई का बजट 15 फीसदी तक बढ़ गया है। सब्जी और फलों की कीमत भी आसमान छूने लगी है। थोक मंडी में नींबू की कीमत 300 रुपये प्रति किलो से ऊपर पहुंच गया है। किराना बाजार में रिफाइंड सरसों तेल से लेकर दलहन के भाव में भी जबरदस्त तेजी आई है। घंटाघर किराना बाजार के थोक व्यापारी संदीप बंसल का कहना है कि रिफाइंड का आयात विदेशों से होता है। यूक्रेन युद्ध के बाद से रिफाइंड के दाम में करीब 50 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी हो गई है। वहीं डीजल और सीएनजी के दाम में बीते कुछ दिनों में रिकॉर्ड बढ़ोतरी से दलहन और खाद्य वस्तुओं, सब्जियों आदि के दामों में भी कई गुना महंगाई बढ़ी है। क्योंकि लंबी दूरी के परिवहन वाहनों के माल ढुलाई पर असर पड़ रहा है।

### गुरुग्राम नगर निगम के विज्ञापन विंग के अधिकारियों का दो माह में पांच बार तबादला

गुड़गांव। गुरुग्राम नगर निगम की विज्ञापन विंग में हर माह अधिकारियों के तबादले किए जा रहे हैं। विज्ञापन विंग में लगातार तबादले होने के बाद भी यहां हो रहे गड़बड़झाले पर रोक नहीं लग पा रही है। पिछले दो माह में निगमायुक्त की तरफ से पांच बार टीम को बदला गया है। अब एक बार फिर डीआरओ से चार्ज वापस लेकर कार्यकारी अभियंता मनोज कुमार को चार्ज दिया गया है। एक माह पहले निगमायुक्त ने जेई मनदीप का विंग से तबादला किया। उसके बाद कार्यकारी अभियंता के बाद मुख्य योजनाकार अधिकारी को इस विंग की कमान थमा दी। इसके बाद सीटीपी के अधीनस्थ एटीपी और दो जेई को भी इसमें शामिल कर लिया गया। फिर कार्यकारी अभियंता से चार्ज लेकर डीआरओ को चार्ज दे दिया गया। अब फिर निगमायुक्त ने डीआरओ का चार्ज लेकर एक नए कार्यकारी अभिंयता को विज्ञापन विंग का चार्ज दे दिया। अब अनुमान लगाया जा रहा है कि अगले सप्ताह एसडीओ का भी तबादला किया जाएगा। ऐसे में अब विज्ञापन लगवाने वाले लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। निगमायुक्त के नए आदेशों के अनुसार कार्यकारी अभियंता मनोज कुमार अपने मौजूदा दायित्वों के साथ कार्यकारी अभियंता विज्ञापन की भी जिम्मेदारी संभालेंगे। नगर निगम के आयुक्त मुकेश कुमार आहूजा ने निगम में अभी नियुक्त हुए दो एचसीएस अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंप दी हैं। एचसीएस अधिकारी जयदीप कुमार अतिरिक्त निगमायुक्त की जिम्मेदारी संभालेंगे, जबकि एचसीएस अधिकारी अखिलेश कुमार यादव को संयुक्त आयुक्त के तौर पर जोन-4 की जिम्मेदारी सौंपी गई है। बता दें कि अतिरिक्त निगमायुक्त के पद पर इससे पूर्व आईएस अधिकारी डॉ. वैशाली शर्मा जिम्मेदारी संभाल रही थी। हरियाणा सरकार द्वारा उनका तबादला करनाल कर दिया गया था। उनकी जगह एचसीएस अधिकारी जयदीप कुमार को अतिरिक्त निगमायुक्त के तौर पर नियुक्त किया गया है। निगमायुक्त मुकेश कुमार आहूजा द्वारा जारी आदेशों में कहा गया है कि नवनियुक्त अतिरिक्त निगमायुक्त जयदीप कुमार पूर्व अतिरिक्त निगमायुक्त डा. वैशाली शर्मा द्वारा निभाई जा रही जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे। एचसीएस अधिकारी अखिलेश कुमार यादव को जोन-4 क्षेत्र के संयुक्त आयुक्त की जिम्मेदारी सौंपी गई है।


# लक्ष्मीबाई नगर और लोधी गार्डन में 'सिंथेटिक ईपीडीएम ट्रैक' और नेहरू पार्क में 'विशेष रनिंग सिंथेटिक ईपीडीएम ट्रैक' विकसित करेगा : उपाध्यक्ष, एनडीएमसी


**प्रफुल्ल राय गौरवशाली भारत**

**नई दिल्ली।** माननीय प्रधानमंत्री के स्वच्छ भारत मिशन के दृष्टिकोण और भारत की स्वतंत्रता के 75 वर्षों को आजादी का अमृत महोत्सव के रूप में मनाने के अवसर पर पालिका परिषद नेहरू पार्क के आगंतुकों और सुबह की सैर करने वालों से उल्लेखनीय प्रशंसा मिलने के बाद और नई दिल्ली क्षेत्र के निवासियों के स्वास्थ्य के कल्याण को ध्यान में रखते हुए, एनडीएमसी अपने अन्य प्रमुख पार्कों में समान पैटर्न को विकसित करेगा और अपनाएगा जिसमें संजय झील-लक्ष्मीबाई नगर और लोधी गार्डन में सिंथेटिक ईपीडीएम ट्रैक के साथ-साथ नेहरू पार्क में दौड़ने के उद्देश्य के लिए विशेष रूप से विशेष रनिंग ट्रैक बनाया जाएगा, यह जानकारी नई दिल्ली नगरपालिका परिषद के उपाध्यक्ष श्री सतीश उपाध्याय ने दी।

उपाध्याय ने सिंथेटिक ईपीडीएम ट्रैक, संजय झील, लक्ष्मीबाई नगर की परियोजना का विवरण देते हुए कहा कि सिंथेटिक ईपीडीएम ट्रैक जॉगिंग ट्रैक को दोनों तरफ क्षतिग्रस्त रेड्स और स्टोन फ्लोरिंग और फैंसी कर्ब स्टोन को हटाने के बाद मौजूदा पैदल मार्ग पर उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने आगे कहा कि वॉकवे की लंबाई लगभग 1750 मीटर और 1.5 मीटर चौड़ी है।

सिंथेटिक ईपीडीएम जॉगिंग ट्रैक, लोधी गार्डन का विवरण देते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा रेड्स और स्टोन फ्लोरिंग वॉकवे को परेशान किए बिना मौजूदा बिटुमिनस कंक्रीट वॉकवे पर सिंथेटिक ईपीडीएम जॉगिंग ट्रैक प्रदान किया जाएगा। मौजूदा कच्छा पैदल मार्ग का उपयोग लाल और पत्थर के ट्रैक से डायवर्सन के लिए किया जाएगा जो लाल पत्थर के पैदल मार्ग के





समानांतर है। उन्होंने कहा कि पैदल मार्ग की लंबाई लगभग 2750 मीटर और चौड़ाई साइट पर उपलब्ध स्थान के अनुसार 2 मीटर से 3 मीटर होगी।

उपाध्याय ने बताया कि नेहरू पार्क में सिंथेटिक ईपीडीएम जॉगिंग ट्रैक के सफल क्रियान्वयन के बाद सिंथेटिक ईपीडीएम रनिंग ट्रैक (विशेष रूप से दौड़ने के लिए) बनाया जाएगा। क्योंकि नेहरू पार्क में एथलीटों / छात्रों / धावकों सहित फुटफॉल में काफी वृद्धि हुई है परन्तु उनके द्वारा स्पाइक्स जूते का उपयोग किया जाने से ट्रैक को नुकसान हो रहा है। इसके अलावा गहन सुरक्षा गार्ड और साइन बोर्ड प्रदान किए गए हैं लेकिन उपयोगकर्ताओं द्वारा पटरियों को क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। इसलिए, एक विशेष रनिंग ट्रैक (15 मिमी मोटी) पूर्ण पीयू में ईपीडीएम सिंथेटिक ट्रैक से बना है क्योंकि शीर्ष परत (6 मिमी मोटी) का निर्माण नेहरू पार्क में सार्वजनिक उपयोग के लिए सार्वजनिक उपयोग के लिए पहली बार 4 लेन के साथ लगभग 160 मीटर लंबाई में चलने के लिए किया जाएगा। यह एक सिंथेटिक रनिंग ट्रैक होगा जो आम जनता के लिए उचित स्टेडियम में एथलेटिक ट्रैक के रूप में अच्छा होगा, जिसका उपयोग एक साथ 4 खिलाड़ियों द्वारा किया जाएगा। उपाध्याय ने बताया कि टेराकोटा रंग में आरामदायक सैर और धूल मुक्त ट्रैक के लिए यह पर्यावरण के अनुकूल जॉगिंग ट्रैक होगा। उन्होंने यह भी बताया कि मौजूदा पेड़ों को परेशान नहीं किया जाएगा और मौजूदा पेड़ों के आसपास उचित सांस लेने की जगह भी छोड़ी जाएगी।

उन्होंने यह भी बताया कि इन परियोजनाओं की कुल अनुमानित लागत - लोधी गार्डन में 2.5 करोड़ रुपये, संजय झील में 1.6 करोड़ रुपये और नेहरू पार्क में 60 लाख रुपये होगी और निविदा औपचारिकताएं पूरी होने के बाद जल्द ही कार्य सौंपा जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि एक बार काम शुरू होने के बाद इस वित्तीय वर्ष में समयबद्ध तरीके से काम पूरा कर लिया जाएगा। उपाध्याय ने कहा कि भारत के माननीय प्रधानमंत्री ने 2014 के दौरान स्वच्छ भारत की घोषणा की थी ताकि प्रत्येक शहर में बाजार क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों, सड़कों, पार्कों आदि में स्वच्छता सुनिश्चित की जा सके। इस पहल के पीछे एनडीएमसी का उद्देश्य एनडीएमसी क्षेत्र को सुशोभित करना और आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में 7 स्टार रैंकिंग हासिल करना है। उन्होंने कहा कि टीम एनडीएमसी भारत के माननीय प्रधानमंत्री के विजन को सच्ची भावना के साथ लागू करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# अग्निकांड से प्रभावित किसानों को मुआवजा दे सरकार : बिधूड़ी

## एक-एक लाख रुपए प्रति एकड़ की दर से मुआवजा घोषित किया जाए

**आनंद राय गौरवशाली भारत**

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने मांग की है कि नरेला और बवाना के दर्जनों गांवों में लगभग 300 एकड़ जमीन पर खड़ी गेहूं की फसल आग लगने से नष्ट हो गई है। इस अग्निकांड से प्रभावित किसानों को तुरंत एक-एक लाख रुपए प्रति एकड़ की दर से मुआवजा घोषित किया जाए। खेतों में खड़ी फसलों को काटकर कुछ ही दिनों में किसान बाजारों में बेचने वाले वाले थे। अब फसल जल जाने की वजह से किसानों के सामने रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। बिधूड़ी ने कहा कि नरेला और बवाना में 300 एकड़ से ज्यादा जमीन पर खड़ी फसल जलकर बर्बाद हो गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल मौके पर जाकर हालात का जायजा लें। वह अधिकारियों को वहां भेजें ताकि वे फौरन नुकसान के हिसाब से किसानों के लिए मुआवजा तय करें। नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि इन खेतों के ऊपर से बिजली की हाईटेंशन तारें गुजर रही हैं जिनमें अक्सर स्पार्किंग होती रहती है और इनमें से निकली हुई चिंगारियों की वजह से ही फसलें जल जाती हैं। इन बिजली की तारों को अन्य जगहों पर शिफ्ट किया जाना चाहिये। बिधूड़ी ने कहा कि सरकार को किसानों की मुश्किल के समय मदद करनी चाहिए। पिछले साल 128 गांवों में बारिश के पानी से किसानों की सैकड़ों एकड़ में खड़ी फसल बर्बाद हो गई थी, लेकिन सरकार ने ऐलान करके भी मुआवजा नहीं दिया। इन किसानों को भी 50 हजार रुपए एकड़ के हिसाब से मुआवजे का तुरंत भुगतान किया जाना चाहिये।

# कारों के शीशे तोड़कर सामान चोरी करने वाले गैंग के चार शातिर गिरफ्तार

गुरुग्राम। अपराध शाखा सेक्टर-17 की टीम ने कारों के शीशे तोड़कर सामान चोरी करने वाले अंतरराज्यीय ठक-ठक गैंग के चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों से पुलिस ने लाखों रुपये के जेवर बरामद किए।

एसीपी अपराध प्रीतपाल सांगवान ने बताया कि आरोपियों की पहचान अशोक कुमार, मुकेश, दामोदरन निवासी तमिलनाडु और आदित्य कोईरी निवासी पश्चिम बंगाल के रूप में हुई। उन्होंने बताया कि आरोपियों से दो सोने के कंगन, हीरे और सोने के टॉप्स और 1200 रुपये की नकदी बरामद की गई है।

आरोपी पहले गाड़ियों की सामाने से रैकी करते हैं। सामान देखने के बाद गुलेल से शीशा तोड़कर सामान चोरी कर फरार हो जाते हैं।

# पानीपत के पास ट्रक से टकराने के बाद कार में लगी आग, 3 लोगों की जिंदा जलकर मौत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के पानीपत-रोहतक नेशनल हाईवे पर शुक्रवार को एक कार और ट्रक में टक्कर लगने के बाद कार में आग लग गई। इस हादसे में कार में सवार तीन लोगों की झुलसकर मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर पहुंची इसराना थाना पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ने शुक्रवार को इस बारे में जानकारी दी। इसराना पुलिस थाना के इंस्पेक्टर दीपक कुमार ने बताया कि दुर्घटना के तुरंत बाद कार में आग लग गई, जिसमें झुलसकर तीन लोगों की मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि ट्रक गोहाना से आ रहा था और पानीपत जाने वाला था। उन्होंने बताया कि जब ट्रक चालक ने अनाज मंडी में प्रवेश करने के लिए दाहिनी ओर वाहन को मोड़ा, तभी गोहाना की ओर से आ रही कार इसराना के पास ट्रक से टकरा गई। अधिकारी ने बताया कि टक्कर के बाद तुरंत कार में आग लग गई। हालांकि, आसपास लोग मौजूद थे, लेकिन किसी को भी अंदर फंसे लोगों को बचाने का मौका नहीं मिला। उन्होंने बताया कि मृतकों की अभी शिनाख्त नहीं हो पाई है।

# भारतीय जनता पार्टी ने कृष्णा नगर विधान में किया नव मतदाता सम्मलेन

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी शाहदरा जिला के कृष्णा नगर विधान में नव मतदाता सम्मलेन, भाजपा का इतिहास विकास एवं भारत रत्न बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर जी का जीवन परिचय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम मंह मुख्य अतिथि श्री आदेश गुप्ता जी दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष जी ने कहा भारतीय जनता पार्टी एक मातृ ऐसी पार्टी है जो परिवार वाद में विश्वाश नहीं करती है जो भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ती है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास करके देश को आगे



बढ़ाने का कार्य भारतीय जनता पार्टी कर रही है। इस अवसर पर डॉ अनिल गोयल जी ने कहा आज के कार्यक्रम नव मतदाता सम्मलेन में करीब 200 युवक नव मतदाताओं ने भाग लिया। ये सब नव मतदाता श्यामलाल कॉलेज, विवेकानंद कॉलेज, और आस पास के केंद्रीय विधालय से आये थे और ये अभी अभी तीन चार साल के अंदर ही वोटर बने है। और हमने उनको भारतीय जनता पार्टी की विचार धारा से अवगत करना चाहा। हमे उनको भारतीय जनता पार्टी के इतिहास एवं विकास से अवगत कराया और साथ ही साथ उन्हें डॉ भीमराव अम्बेडकर जी के जीवन परिचय से भी अवगत कराया गया।

भारतीय जनता पार्टी की विचार धारा है नेशन फर्स्ट और रहने वाले निवासी उसके बाद आते है और उसके बाद सेल्फ आता है। किस तरह से राष्ट्रीयता की भावना ऊपर से नीचे तक पहुँचती है इस मोके पर शाहदरा जिला प्रभारी श्री पंकज जैन जी, पार्षद श्री संदीप कपूर जी, पार्षद श्री दीपक मल्होत्रा जी उपस्थित रहे।

# पांच माह से हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त चढा जेवर पुलिस के हत्थे, कब्जे से घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल बरामद

**विवेक राय गौरवशाली भारत**

**ग्रेटर नोएडा।** जेवर कोतवाली प्रभारी अंजनी कुमार सिंह ने अपने पुलिस बल एसएसआई जेवर अभयेन्द्र सिंह, जहाँगीरपुर चौकी प्रभारी एसआई नीलकान्त, कास्टेंबल सुमित कुमार, कास्टेंबल भूपेन्द्र के साथ मिलकर हत्या के अभियोग में वांछित अभियुक्त फरमान पुत्र मौहम्मद शफी निवासी मौहल्ला व्यापारियान कस्बा जहाँगीरपुर थाना जेवर जनपद गौतमबुद्धनगर को झाझर चौराहा कस्बा जहाँगीरपुर से शुक्रवार को कड़ी मशक्कत के उपरांत



गिरफ्तार कर लिया।पकड़े गए अभियुक्त के कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल एक तमंचा तीन सौ पन्द्रह बोर मय दो कारतूस जिन्दा बरामद किए हैं।उपरोक्त अभियुक्त थाना जेवर पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 793/2021 धारा 147,148,149,307, 302 भादवि के तहत पाँच माह से वांछित चल रहा था।अभियुक्त द्वारा अपने साथियों के साथ मिलकर 8 नवम्बर 2021 को रंजिश के चलते ईसुफ पुत्र सईद निवासी मौहल्ला व्यापारियान कस्बा जहाँगीरपुर जनपद गौतमबुद्धनगर की कस्बा जहाँगीरपुर में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जिसके संबंध में थाना जेवर पर मुकदमा पंजीकृत है। अभियुक्त के दो साथी पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजे जा चुके है।गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्त के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 109/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत पंजीकृत कर न्यायालय के समक्ष पेश कर दिया है।

# हिंडन से नए शहरों के लिए उड़ान की तैयारी

**एजेंसी**

**गाज़ियाबाद।** हिंडन एयरपोर्ट से अगले कुछ माह में देश के दूसरे शहरों के लिए भी उड़ान सेवा संचालित होनी है। गुरुवार को एयरपोर्ट कम्युनिकेशन नेविगेशन सर्विलांस सिस्टम के महाप्रबंधक एसआर मेहतो हिंडन एयरपोर्ट आए। उन्होंने एयरपोर्ट पर तैयारियों का जायजा लिया। हिंडन एयरपोर्ट के एजीएम मोहित कांत शर्मा के मुताबिक मौजूदा समय में हिंडन एयरपोर्ट से दो शहरों के लिए उड़ान सेवा संचालित है। यहां से कर्नाटक के कलबुर्गी और हुबली के लिए नियमित उड़ानें हैं। आने वाले दिनों में हिंडन से देश के अन्य शहरों के लिए उड़ान सेवा शुरू होनी है। इसी के मद्देनजर जीएम ने एयरपोर्ट व्यवस्थाओं की समीक्षा की। नई उड़ानें कब से और किस शहर के लिए होगी, यह अभी कुछ भी नहीं बताया गया है। जीएम ने निरीक्षण के दौरान एयरपोर्ट की सफाई और सुरक्षा व्यवस्था पर संतुष्टि जताई। उन्होंने कहा कि हिंडन एयरपोर्ट से नई उड़ानें शुरू करने के लिए कई जगह बात चल रही है, जहां भी फाइनल होगा जल्द ही सभी को सूचित किया जाएगा।

# दिल्ली फिल्म पॉलिसी का पोर्टल होगा पूरी तरह डिजिटल

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में फिल्मों की शूटिंग के लिए दिल्ली फिल्म पॉलिसी की सिंगल विंडो क्लीयरेंस प्रणाली पूरी तरह से डिजिटल होगी और इस संबंध में एक पोर्टल बनाया जा रहा है ताकि अनुमति प्रदान करने वाली 25 विभिन्न एजेंसियों को 15 दिनों में एक प्लैटफॉर्म पर लाया जा सके।

दिल्ली सरकार इस महीने के अंत तक अपनी फिल्म पॉलिसी को नोटिफाई कर सकती है। पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि फिल्म निर्माताओं को ई-फिल्म क्लीयरेंस प्रणाली के तहत बोर्डिंग पास जैसा एक अनुमति पत्र दिया जाएगा और इसमें एक क्यूआर कोड होगा जिसमें शूटिंग की मंजूरी के संबंध में सारी जानकारी होगी।

दिल्ली फिल्म पॉलिसी 2022, को 24 फरवरी को दिल्ली कैबिनेट द्वारा मंजूरी दी गई थी। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने 26 मार्च को अपने बजट भाषण में भी दिल्ली फिल्म पॉलिसी का जिक्र किया था।

फिल्म पॉलिसी के क्रियान्वयन के लिए नोडल एजेंसी, दिल्ली पर्यटन एवं परिवहन निगम (डीटीटीडीसी) के एक अधिकारी ने कहा कि एकल खिड़की निपटान इस नीति की विशेषता है और इसके लिए प्रतिबद्ध एक पोर्टल बनाया जा रहा है।

एक अधिकारी ने बताया कि यह पूरी तरह से डिजिटल होगा। फिल्म निर्देशकों और निर्माताओं को दिल्ली में विभिन्न एजेंसियों के कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। वे बस पोर्टल पर जा सकते हैं और अनुमति के लिए आवेदन कर सकते हैं। आवेदन सभी एजेंसियों को एक साथ भेजा जाएगा जहां से शूटिंग के लिए अनुमति आवश्यक है।

इसके साथ ही इसके तरीके के बारे में बताते हुए अधिकारी ने कहा कि अगर किसी फिल्म निर्माता को किसी ऐतिहासिक स्मारक, बाजार और वेस्ट-टू-वंडर पार्क में शूटिंग करनी है तो आवेदन भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई), दिल्ली पुलिस और एसडीएमसी को भेजा जाएगा।

अधिकारियों ने कहा कि इन विभागों को 15 दिनों के भीतर अनुमति देनी होगी, लेकिन अगर कोई इसे जल्दी चाहता है तो वे विशेष विभाग को अतिरिक्त भुगतान कर सकते हैं और इसे जल्दी से प्राप्त कर सकते हैं।

# दिल्ली के सभी अस्पतालों को अलर्ट रहने की सलाह, सत्येंद्र जैन बोले- सरकार की स्थिति पर पैनी नजर

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने शुक्रवार को कहा कि राजधानी के सभी अस्पतालों को कोरोना वायरस के मामलों में वृद्धि के मद्देनजर अलर्ट रहने की सलाह दी गई है। इसके साथ उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या नहीं बढ़ रही हैं, इसलिए घबराने की जरूरत नहीं है। अभी चिंता की कोई बात नहीं है।

सत्येंद्र जैन ने कहा कि दिल्ली सरकार स्थिति पर अपनी पैनी नजर बनाए हुए है और सरकार कोई भी जोखिम मोल लेना नहीं चाहती, इसलिए पहले से ही हमने अपने हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर को पूरी तरह से दुरुस्त कर लिया है। साथ ही दिल्ली में कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच सभी अस्पतालों को अलर्ट रहने को कहा गया है। कोरोना के प्रसार को बढ़ने से रोकने के लिए दिल्ली सरकार टेस्ट, ट्रेस एवं ट्रीट के सिद्धांत पर काम कर रही है। कोरोना मरीजों की कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग कर रही है। वहीं, जरूरत पड़ने पर आरटी-पीसीआर



टेस्टिंग की संख्या भी बढ़ाई जाएगी।

### डीडीएमए 20 अप्रैल को करेगा हालात पर चर्चा

दिल्ली में भले ही कोरोना के मामले बढ़े हैं, लेकिन अस्पतालों में भर्ती होने वाले मरीजों की संख्या अभी सामान्य है। इसके अलावा एक्सई वैरिएंट को विश्व स्वास्थ्य संगठन की तरफ से वैरिएंट ऑफ कंसर्न की लिस्ट में शामिल नहीं किया गया है, इसलिए अभी घबराने की कोई जरूरत नहीं है। जल्द ही दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) कोरोना मामलों में बढ़ोतरी को लेकर चर्चा और महामारी के प्रसार को रोकने के उपायों पर विचार-विमर्श करने के लिए 20 अप्रैल को बैठक करेगा। इसमें आगामी रणनीतियों पर चर्चा की जाएगी।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आदेश पर राज्य में करीब 37 हजार कोविड बेड और 10,594 कोविड आईसीयू बेड तैयार किए जा चुके हैं। अगर कोरोना संक्रमण फैलता है तो सरकार की तरफ से दो हफ्ते के अंदर दिल्ली के हर वार्ड में 100 ऑक्सीजन बेड बढ़ाने की योजना बनाई गई है। ऐसे में दिल्ली सरकार की योजना 65 हजार बेड तैयार करने की है, ताकि इमरजेंसी में किसी भी व्यक्ति को बेड की कमी से न जूझना पड़े।

कोरोना महामारी की पिछली लहरों के दौरान होम आइसोलेशन सिस्टम मरीजों के लिए बेहद फायदेमंद साबित हुआ था। इसी के मद्देनजर अगर फिर से मामले बढ़े तो होम आइसोलेशन सिस्टम को लागू किया जाएगा। वहीं, हल्के कोरोना लक्षणों वाले मरीजों को घर पर ही बेहतर इलाज मिलेगा। एएनएम, आशा, पैरामेडिकल वर्कर्स के साथ सीडीवी की टीमें कोरोना संक्रमित मरीजों के घर जाकर उन्हें होम आइसोलेशन में रहने और आवश्यक सावधानियां बरतने के बारे में सूचित करेगी।

दिल्ली सरकार की तरफ से कोविड बेड की सुविधा के अलावा पर्याप्त मात्रा में दवाओं की उपलब्धता पर भी जोर दिया जा रहा है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी भी स्थिति में दवाओं की कमी न हो। दिल्ली में गुरुवार को 2.39 प्रतिशत की सकारात्मकता दर के साथ कोरोना के 325 नए मामले दर्ज किए गए थे। राजधानी में कोविड सकारात्मकता दर एक सप्ताह में 0.5 प्रतिशत से बढ़कर 2.7 प्रतिशत हो गई है।

## संपादकीय

# पाकिस्तान में अभी बहुत कुछ हो सकता है

पाकिस्तान में पीएमएलएन के नेता शाहबाज शरीफ 34 वें प्रधानमंत्री बन चुके हैं। उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद साफ हो गया था कि इमरान खान को प्रधानमंत्री पद से हटना पड़ेगा। स्वस्थ लोकतांत्रिक प्रणाली का तकाजा था कि इमरान खान विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव का सामना करते। संसद में विपक्ष के आरोपों का जवाब देते तो संसदीय प्रणाली की अच्छी परंपरा शुरु होती। इसके विपरीत उन्होंने संसद की जगह टेलीविजन को जवाब देने का हथियार बनाया था। जिस ढंग से नेशनल असेंबली में विपक्ष का अविश्वास प्रस्ताव पारित हुआ वह लोकतंत्र की दृष्टि से हास्यास्पद था। सत्ता पक्ष का कोई एक व्यक्ति सदन में नहीं। नेशनल असेंबली के अध्यक्ष असद कैसर ने कह दिया कि इमरान खान से उनकी 30 साल की दोस्ती है ,इसलिए वे अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग नहीं कराएंगे। डिप्टी स्पीकर कासिम खान सूरी पहले ही अविश्वसनीय हो चुके थे। उच्चतम न्यायालय की टेढी नजर देखते हुए दोनों को इस्तीफा देना पड़ा। संसदीय लोकतांत्रिक प्रणाली में अध्यक्ष सत्तारूढ़ पार्टी का होता है और उसके संबंध नेताओं से होते ही हैं। अध्यक्ष चुनने के बाद वह अपने संवैधानिक दायित्वों का निर्वहन करता है न की पार्टी की वफादारी और दोस्ती निभाता है। किंतु पाकिस्तान का लोकतंत्र इसी तरह चलता है। आप देखिए डिप्टी स्पीकर कासिम खान सूरी ने विपक्ष के अविश्वास प्रस्ताव को खारिज कर दिया और कारण बताया कि यह विदेश की साजिश है। राष्ट्रपति ने इमरान खान की सलाह मानकर नेशनल असेंबली भंग कर दिया था। उच्चतम न्यायालय 48 घंटे के अंदर अविश्वास प्रस्ताव पर वोटिंग कराने का आदेश न देता तो वहां चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो सकती थी।

हालांकि पाकिस्तान के उच्चतम न्यायालय पर सेना, राजनीतिक सत्ता और मजहबी तत्वों का प्रभाव रहा है। इस बार या तो उस पर दबाव नहीं आया या फिर किसी अन्य कारण से उसने ऐसा फैसला किया। पाकिस्तान के लिए यह सामान्य स्थिति नहीं थी कि उच्चतम न्यायालय ने अपने आदेश की अवहेलना होती देख रात में ही सुनवाई के लिए न्यायालय खोल दिया था। राजनीतिक तनाव को देखते हुए केवल सुप्रीम कोर्ट ही नहीं इस्लामाबाद हाईकोर्ट भी खोला गया था ताकि कोई याचिका आए तो उसकी तत्क्षण सुनवाई की जा सके। अविश्वास प्रस्ताव पर ऐसे परिदृश्यों की कल्पना शायद ही किसी स्वस्थ लोकतंत्र में की जा सकती है। पूरे देश में टकराव जैसी स्थिति पैदा हो गई थी। लेकिन जिस तरह चारों और सुरक्षा व्यवस्था थी वह भी हैरत में डाल डाल रही थी। इस्लामाबाद के सभी रास्ते बंद कर दिए गए। हवाई अड्डों की भी सुरक्षा बढ़ा दी गई। अस्पतालों को हाई अलर्ट पर रख दिया गया। पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई। पुलिस अधिकारियों को इस्लामाबाद में ही रहने का आदेश दिया गया। जब इमरान सरकार का जाना निश्चित था तो ये सारी व्यवस्थायें कि किसने ? सामान्यत: ऐसी स्थिति में उच्चाधिकारियों की भूमिका बढ़ जाती है। लेकिन इतना सब कुछ यूं ही नहीं हो सकता। आने वाले समय में इन सबका खुलासा होगा। ऐसा लगता है कि इमरान ने पाकिस्तानी सत्ता प्रतिष्ठान में अपने विरोधियों की संख्या ज्यादा ही बढ़ा लिया था।

तत्काल विपक्ष की एकता से सरकार भले बन जाए लेकिन इसे पाकिस्तान के राजनीतिक संकट के टल जाने की उम्मीद नहीं की जा सकती। पीएमएल क्यू और एमक्यूएम जैसी पार्टियां सेना के प्रभाव में रही हैं। उन्होंने सेना के प्रभाव में ही 2018 में इमरान खान सरकार के गठबंधन में शामिल होना स्वीकार किया था। आगे भी वे किसी दिशा में जा सकते हैं। बिलावल भुट्टो जरदारी की पीपीपी और नवाज शरीफ की पीएमएलएन के बीच दोस्ती स्वाभाविक नहीं। इसलिए वह कितने दिन साथ रहेंगे कहना मुश्किल है। इमरान आए तो सत्ता में सेना और कट्टरपंथियों के समर्थन से लेकिन अपने को बाहर स्वतंत्र दिखाने की बेवकूफी में उन्होंने सेनाध्यक्ष को नाराज कर दिया। सेनाध्यक्ष कमर जावेद बाजवा के सेवा विस्तार के बारे में कह दिया कि अभी उस पर विचार नहीं किया। आई एस आई प्रमुख की नियुक्ति में भी उन्होंने सेना की अनुशंसा को स्वीकार करने में देर कर दी। देश की आर्थिक हालत खराब हो ही रही थी।

# कुछ भी, सब कुछ नहीं!

अक्सर हमने देखा है, कि हम सब कभी कबार यह कहते हैं, यह मेरा सब कुछ है, मेरा कैरियर मेरा सब कुछ है, मेरा जीवन साथी मेरा सब कुछ है, मेरे बच्चे मेरे सब कुछ है और आजकल तो, बहुत से लोग वस्तुओं को भी सब कुछ मानने लगे हैं! यह सब कहते हुए हमें बहुत अच्छा लगता है, कि कोई हमारे जीवन में इतना महत्वपूर्ण है, कि हमारी खुशी की वजह है, हमारे लिए सब कुछ है, उनके लिए हमारी जान भी हाजिर! चलिए जरूरत पड़ने पर, अपनी जान को भी हाजिर कर देना चाहे वह अपनों के लिए हो या इंसानियत के लिए! पर एक बार हमें बैठकर यह सोचने की जरूरत है की यह कहां की समझदारी हुई, हम किसी पर निर्भर हो गए, हमारी खुशियां किसी पर निर्भर हो गई और कभी-कभी तो हमारी सांसे भी किसी पर निर्भर हो गई! आजकल हम सभी को और अपनों को यह सिखाते हैं कि हमें आत्मनिर्भर होना है, पर यहां आत्मनिर्भर सिर्फ धन से ही होना है ? जी नहीं, आत्मनिर्भर होने का मतलब यह भी है कि हम, प्रेम, खुशी, शांति, सकारात्मकता के लिए किसी वस्तु, इंसान, परिस्थिति पर ना निर्भर होते हुए, स्वयं पर हो जाए! चलिए इसे ऐसे समझते हैं, पहले के वक्त में, स्त्रियां घरेलू कार्य करती थी और पुरुष कमाने जाया करते थे, कभी यह किसी ने नहीं सोचा होगा कि इसके विपरीत भी होगा और समानता भी आएगी, आते-आते आ गई और यह इंसानियत का सबसे बड़ा अस्तित्व है, जो कि हमें समानता समझाता है और कोई भेदभाव नहीं! वैसे ही आज हमारे लिए यह कठिन जरूर है, कि हम किसी पर निर्भर ना हो !कोई वस्तु हमसे छीन जाए, कोई इंसान दूर चला जाए, कोई परिस्थिति बदल जाए और अगर वह हमारा सब कुछ हे, तो उस दिन हमारे जीवन में घनघोर अंधेरा आजाता है, तनाव, डिप्रेशन, मानसिक पीड़ा, हम इस सब के बुरी तरह से शिकार हो जाते हैं! अगर हम चाहते हैं, कि हम तन मन धन से खुश रहे, तो हमें संतुलन बनाने की जरूरत है इन तीनों में! हमारे जीवन में खुश रहने, शांति के लिए और सकारात्मकता के लिए बहुत से कारण होने चाहिए, जैसे कि पढ़ना, रिश्ते निभाना, कमाना, स्वास्थ्य का ध्यान रखना, इंसानियत के लिए कुछ करते जाना और भी बहुत सी चीजें कि कुछ चला गया तो कुछ है और जीने की वजह, खुश रहने की वजह, सकारात्मक विचारों की वजह, शांति की वजह हमारे पास अनगिनत मौजूद रहे और सबसे महत्वपूर्ण हम खुद, हम स्वयं, हमारा मन, आत्मा, हमारी अंतर्गत शांति, उसकी वजह बने! हमारे जीवन में कुछ भी आए, तो आते ही स्वयं से सच कहें, कि यह सब कुछ नहीं, यह हर समय नहीं, इस धरती पर हर चीज, हर व्यक्ति, हर परिस्थिति अस्थाई है, कभी भी कुछ भी बदल सकता है, कभी भी कोई भी बदल सकता है, कभी भी कुछ भी छूट सकता है! अगर हम जीवन को पारदर्शिता के साथ देखें और सत्य को अपनाएं, हमें प्रसन्न चित्त होने में वक्त तो लगेगा पर हम शांति हर पल महसूस करेंगे! किसी को पाने की खुशी और खोने का गम इतना ज्यादा नहीं होगा क्योंकि सब संतुलित होगा! हमें अपने वक्त को बांटने की जरूरत है और यह जानने की जरूरत है कि हम किसी वस्तु, किसी परिस्थिति या किसी व्यक्ति को अपनी आदत तो नहीं बना रहे हैं! हमें एक बात शांति से सोचने की जरूरत है, अगर हम किसी वस्तु, किसी व्यक्ति और किसी परिस्थिति को सब कुछ मान लेते हैं, तो जब वह हमसे दूर होने लगती है या चली जाती है तो हम उसे सकारात्मकता की जगह, नकारात्मकता दे देते हैं! हम इतने कमजोर हो जाते हैं, कि उसे ठीक करने की जगह, उसकी मदद करने की जगह, हम खुद ऐसी परिस्थिति में आ जाते हैं की हमें किसी की सहायता की जरूरत होने लगती है! अगर हम चाहते हैं, कि हम मजबूत रहे और अपनों की सहायता कर सकें, परिस्थितियों को संभाल सके, खोई हुई वस्तु को वापस ला सके, तो हमें अटैच ना होते हुए डिटैच होकर सभी से प्रेम करना होगा!

# अमेरिका में मानवाधिकार कितना सुरक्षित? कैसे फॉरेन पॉलिसी और डिप्लोमेसी के किंग बन गए जयशंकर

**अभिनय आकाश**



आज आपको बचपन में लिए चलते हैं। हमने-आपने अपने बचपन के दिनों में खिलौने से खूब खेला है। सबसे पसंदीदा खिलौना बंदूक, जिसे थाम कर अक्सर बच्चे कहा करते हैं कि मैं बड़ा होकर पुलिस बनूंगा। लेकिन क्या हो अगर कोई बच्चा वहीं खिलौने वाली बंदूक थामे घर या गली से बाहर निकले और तभी एक तेज आवाज के साथ आती गोली उसके सीने के पार निकल जाए। गोली चलाने वाला कोई और नहीं बल्कि वो शख्स हो जिसे हम नागरिकों के अधिकार और उसके जान की हिफाजत के लिए जानते हैं और पुलिस कहकर संबोधित करते हैं। ये कोई कपोर कल्पना नहीं बल्कि वास्तवकिता का कटु सत्य है। ये ) अमेरिकी राज्य ओहायो के क्लीवलैंड शहर की बता है। 22 नवंबर 2014 का दिन जब 12 साल का एक लड़का तामिर राइस एक खिलौना गन लेकर सड़क पर निकलता है। लेकिन वो थोड़ी ही दूरी पर पुलिस की गोली का शिकार हो जाता है। बाद में पता चलता है कि कॉल मिली थी कि एक अश्वेत लड़का गन लेकर रोड पर है और वो आते-जाते लोगों को निशाना बना सकता है। उसे रोककर पूछताछ की बजाय 46 साल के श्वेत पुलिसकर्मी टिमोथी लेमैन ने तामिर को सीधे गोली मार दी थी। इस वारदात से भी तब अमेरिका सुलग उठा था। लेकिन ये कोई पहली और एकलौती घटना नहीं है। आपको 8 मिनट 46 सेकेंड का वो वीडियो तो जरूर याद होगा जब पुलिस ऑफिसर डेरेक शॉविन जॉर्ज़ फ़्लॉयड की गर्दन को घुटने से दबाता नजर आया। इस दौरान जॉर्ज बार-बार कहता सुनाई दे रहा था कि उसे सांस लेने में दिक्कत हो रही है। आई कान्ट ब्रीद, आई कान्ट ब्रीद। सांस लेने में दिक्कत की वजह से जॉर्ज बेहोश हो गया और फिर उसकी मौत हो गई। नतीजा कई शहरों में भारी आगजनी और हिंसा के रूप में सामने आया। इसी साल न्यूयॉर्क के जॉन एफ कैनेडी इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बाहर भारतीय मूल के एक सिख टैक्सी ड्राइवर के साथ मारपीट और पगड़ी उछालने की घटना सामने आई थी। आप कह रहे होंगे कि आज हम अमेरिका की इन घटनाओं का जिक्र क्यों कर रहे हैं। दो इसकी वजह साफ है कि कभी-कभी इतिहास के सहारे सामने वाले को आईना दिखाना जरूरी होता है। आज का पूरा विश्लेषण भारत की बदलती फॉरेन पॉलिसी, मानवाधघिकार पर अमेरिका के डबल स्टैंडर्ड और मोदी के गो टू मैन के ऊपर है।

### भारत भी मॉनिटर कर रहा है अमेरिका के मानवधिकार वाले मुद्दे

विदेश मंत्री एस जयशंकर एक सवाल के जवाब में कहा कि बैठक के दौरान मानवाधिकार के मुद्दे पर बात नहीं हुई लेकिन अतीत में इस पर चर्चा हुई थी। उन्होंने कहा यह विषय पहले सामने आया था। यह तब सामने आया था, जब विदेश मंत्री ब्लिंकन भारत आए थे। मुझे लगता है कि अगर आप उसके बाद की प्रेस वार्ता को याद करे तो मैं इस तथ्य को लेकर बेहद मुखर था कि हमने इस मुद्दे पर चर्चा की और मुझे जो कहना था वह कहा। लोग हमारे बारे में अपना विचार रखने का हक़ रखते हैं। लेकिन उसी तरह हमें भी उनके बारे में अपना विचार रखने का हक़ है। हमें उन हितों के अलावा लॉबियों और वोट बैंक पर भी बोलने का अधिकार है, जो इन्हें हवा देते हैं। हम इस मामले में चुप नहीं रहेंगे. दूसरों के मानवाधिकारों को लेकर भी हमारी राय है। ख़ासकर जब इनका संबंध हमारे समुदाय से हो। मैं आपको कह सकता हूँ कि अमेरिका समेत बाक़ियों के यहाँ मानवाधिकार की स्थिति को लेकर हमारे पास कहने के लिए है। दरअसल, पूरा मामला मानवधिकार से जुड़ा है और खुद को इसका सेल्फ डेक्लेयर्रड चैंपियन मानने वाले अमेरिका से भी।

### क्या है पूरा मामला

अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा है कि अमेरिका भारत में कथित रूप से कुछ सरकारी अधिकारियों द्वारा मानवाधिकारों के उल्लंघन की घटनाओं में बढ़ोतरी समेत "हालिया कुछ चिंताजनक घटनाक्रम" पर नजर रख रहा है। ब्लिंकन ने सोमवार को यहां 'टू प्लस टू' मंत्रिस्तरीय बैठक के समापन के बाद अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन और भारतीय समकक्षों विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में यह टिप्पणी की। ब्लिंकन ने अपनी प्रारंभिक टिप्पणी में कहा, "हम सरकार, पुलिस और जेल के कुछ अधिकारियों द्वारा मानवाधिकार हनन के मामलों में वृद्धि समेत भारत में हाल के कुछ चिंताजनक घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं।" बहरहाल, उन्होंने इस बारे में विस्तार से जानकारी नहीं दी। ब्लिंकन ने कहा, "हम मानवाधिकारों की रक्षा करने जैसे हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम इन साझा मूल्यों को लेकर हमारे भारतीय साझेदारों के नियमित संपर्क में रहते हैं।"

### दिशा रवि, मुनव्वर फारुकी की हिरासत पर सवाल

ब्लिंकन का बयान अमेरिकी विदेश विभाग की तरफ से भारत पर जारी 2021 की मानवधिकार रिपोर्ट को लेकर था। इस रिपोर्ट में भारत में मनमानी गिरफ्तारी, हिरासत में मौत, अल्पसंख्यकों के खिलाफ धार्मिक हिंसा, अभिव्यक्ति की आजादी, मीडिया पर प्रतिबंध, पत्रकारों पर मुकदमें और बहुत ज्यादा प्रतिबंधात्मक कानूनों को लेकर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट में इसके साथ ही कहा गया है कि सभी मुद्दों को पहले भी उठाया गया है लेकिन इसके बावजूद सरकार की तरफ से कोई जवाब नहीं दिया गया। इसके साथ ही रिपोर्ट में किसान आन्दोलन के दौरान सामने आई देश विरोधी टूलकिट के मामले में गिरफ्तार दिशा रवि का नाम है। कॉमेडी के नाम पर हिंदू देवी-देवताओं का मजाक बनाने वाले मुनव्वर फारूकी का जिक्र है। जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती की बार-बार नजरबंदी का जिक्र है। इसके अलावा भीमा कोरेगांव विरोध के सिलसिले में कैद किए गए 15 कार्यकर्ताओं में से अधिकांश को जमानत देने से इनकार किया गया, इस पर भी विस्तृत चर्चा है। 81 वर्षीय कवि? वरवर राव और स्टेन स्वामी के मामलों की भी चर्चा है जिन्?हें विशेष एनआईए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) अदालत ने मेडिकल आधार पर कई गई जमानत याचिकाओं को भी खारिज कर दिया। इस रिपोर्ट में भारत सरकार के ट्विटर को किसान आंदोलन के दौरान फर्जी खबरें फैलाने वाले पत्रकारों के अकाउंट को बंद करने का निर्देश देने वाले फैसले की भी आलोचना की गई है। लेकिन दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देश को मानवाधिकार के मुद्दे पर ज्ञान देने वाली रिपोर्ट में अमेरिकी की किसी भी घटना का कोई जिक्र नहीं है। यूएस स्टेट डिपार्टमेंट की इस रिपोर्ट में दुनिया के 194 देशों में मानवाधिकारों की स्थिति की समीक्षा की गई है। लेकिन अपने ऊपर उसने एक बार भी कोई नजर डालने की कोशिश नहीं की। अपने देश में घटित होने वाली घटनाओं को पूरी तरह अनदेखा कर दिया।

### अमेरिका में मानवाधिकार की स्थिति को इन घटनाओं से समझें

अमेरिका को आइना भी उन्हीं की अंदाज में दिखाते हैं और खुद के ही पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा का बयान दोहराते हैं। जब अमेरिका में नस्ल, धर्म, वंश आदि के आधार पर होने वाले भेदभाव और मानवाधिकार की बढ़ती घटनाओं से वो इस कदर आहत हो गए थे कि इसका दर्द बयां करने से खुद को नहीं रोक पाए थे। उन्होंने कहा था कि लाखों-करोड़ों अमेरिकियों के साथ उनके रंग, धर्म, नस्ल आदि के आधार पर भेदभाव का शिकार होना पड़ता है। अमेरिकी जनमानस ने इन भेदभावों को सामान्य मान लिया है। अब जरा आपको मानवाधिकार के उल्लंघन के मामले में अमेरिका के श्याम इतिहास से रूबरू करवाते हैं। अफ्रीकी मूल की 26 साल की महिला ब्रियोना टेलर की घटना को भला कौन भूल सकता है। जब टेलर की हत्या पुलिस ने उसके घर में घुसकर कर दी थी। पुलिस की तरफ से टेलर को आठ गोलियां मारी गई थीं। इसी तरह 23 अगस्त, 2020 को 29 वर्षीय अफ्रीकन अमेरिकन जैकब ब्लैक कार में बैठ रहा था तब पुलिस वालों ने उस पर सात गोलियां दागीं। इस गोलीबारी में जैकब बुरी तरह जख्मी हो गया था।




# अमेरिका यात्रा के दौरान जयशंकर ने प्रभावशाली ढंग से भारत का पक्ष रखा



**डॉ. वेदप्रताप वैदिक**

इस यात्रा के दौरान अमेरिकी पक्ष ने भारत में मानव अधिकारों के हनन का सवाल भी उठाया। जयशंकर ने उसका भी करारा जवाब दिया। उन्होंने पूछा कि पहले बताइए कि आपके देश में ही मानव अधिकारों का क्या हाल है ?

यूक्रेन के बारे में भारत पर अमेरिका का दबाव बढ़ता ही चला जा रहा था और ऐसा लग रहा था कि हमारे रक्षा और विदेश मंत्रियों की इस वाशिंगटन-यात्रा के दौरान कुछ न कुछ अप्रिय प्रसंग उठ खड़े होंगे लेकिन हमारे दोनों मंत्रियों ने अमेरिकी सरकार को भारत के पक्ष में झुका लिया। इसका सबसे बड़ा प्रमाण वह संयुक्त विज्ञप्ति है, जिसमें यूक्रेन की दुर्दशा पर खुलकर बोला गया लेकिन रूस का नाम तक नहीं लिया गया। उस विज्ञप्ति को आप ध्यान से पढ़ें तो आपको नहीं लगेगा कि यह भारत और अमेरिका की संयुक्त विज्ञप्ति है बल्कि यह भारत का एकल बयान है। भारत ने अमेरिका का अनुकरण करने की बजाय अमेरिका से भारत की हां में हां मिलवा ली। अमेरिका ने भी वे ही शब्द दोहराए, जो यूक्रेन के बारे में भारत अंतरराष्ट्रीय मंचों पर कहता रहा है। दोनों राष्ट्रों ने न तो रूस की भर्त्सना की और न ही रूस पर प्रतिबंधों की मांग की। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने यह मांग जरूर की कि दुनिया के सारे लोकतांत्रिक देशों को यूक्रेन के हमले की भर्त्सना करनी चाहिए। भारतीय विदेश मंत्री जयशंकर ने यूक्रेन की जनता की दी जा रही भारतीय सहायता का भी जिक्र किया और रूस के साथ अपने पारंपरिक संबंधों का भी! ब्लिंकन ने भारत-रूस संबंधों की गहराई को सार्वजनिक तौर पर स्वीकार भी किया। भारत प्रशांत-क्षेत्र में अमेरिकी चौगुटे के साथ अपने संबंध घनिष्ट बना रहा है। इस यात्रा के दौरान दोनों मंत्रियों ने अंतरिक्ष में सहयोग के नए आयाम खोले, अब अमेरिकी जहाजों की मरम्मत का ठेका भी भारत को मिल गया है और अब भारत बहरीन में स्थित अमेरिकी सामुद्रिक कमांड का सदस्य भी बन गया है। इस यात्रा के दौरान अमेरिकी पक्ष ने भारत में मानव अधिकारों के हनन का सवाल भी उठाया। जयशंकर ने उसका भी करारा जवाब दिया। उन्होंने पूछा कि पहले बताइए कि आपके देश में ही मानव अधिकारों का क्या हाल है ?

अमेरिका के काले और अल्पसंख्यक लोग जिस दरिद्रता और असमानता को बर्दाश्त करते रहते हैं, उसे जयशंकर ने बेहिचक रेखांकित कर दिया। जयशंकर का अभिप्राय था कि अमेरिका की नीति 'पर उपदेशकुशल बहुतेरे' की नीति है। जहां तक रूसी एस-400 प्रक्षेपास्त्रों की खरीद का सवाल है, उस विवादास्पद मुद्दे पर भी जयशंकर ने दो-टूक जवाब दिया।

# प्रधानमंत्री संग्रहालय - स्वतंत्रता के बाद सभी प्रधानमंत्रियों के जीवन और योगदान पर लिखी भारत की गाथा प्रेरणादायक सिद्ध होगी



**राष्ट्र निर्माण की दिशा में भारत के सभी प्रधानमंत्रियों के योगदान को सम्मान देने के लिए संग्रहालय की संकल्पना का साकार होना गौरववित उपलब्धि - एड किशन भावनानी**

गोंदिया - वैश्विक स्तरपर भारत दुनियां का सबसे बड़ा मजबूत लोकतंत्र है। 15 अगस्त 1947 को भारत की आजादी से लेकर आज तक लोकतांत्रिक पर्व के आयोजन में जनता अपने प्रतिनिधियों का चुनाव अपनी वोट की ताकत से करती आई है, जो प्रधानमंत्री को चुनते हैं इसी पारदर्शिता प्रथा के तहत भारत में आज तक 15 प्रधानमंत्रियों का चुनाव हुआ है।

साथियों इन प्रधानमंत्रियों के जीवन से जुड़ी हर जानकारी, पत्राचार, सम्मान से लेकर उनके जीवन की अनसुनी गाथाओं को लोकतंत्र में युवाओं सहित सभी को प्रेरणा देने, स्वतंत्रता के बाद सभी प्रधानमंत्रियों के जीवन और स्वतंत्रता के बाद राष्ट्र निर्माण की दिशा में सभी प्रधानमंत्रियों द्वारा दिए गए योगदान को सम्मान देने के लिए यह आवश्यक हो गया था कि उनसे जुड़ी दुर्लभ वस्तुओं बातों, जानकारियों को आम जनता जान सके और उनसे प्रेरणा लेकर अपने हृदय में राष्ट्रप्रेम का और अधिक गहराई से के साथ समा सके जिसके लिए, दिल्ली के नहरू स्मारक म्यूजियम में प्रधानमंत्री संग्रहालय तैयार हुआ अब तक के प्रधानमंत्रियों के जीवन दर्शन का संग्रहालय का पीएम ने उद्घाटन किया। उद्घाटन के साथ ही उन्होंने इस संग्रहाल का पहला टिकट खरीदा और अंदर प्रवेश किया। ये संग्रहालय दिल्ली में नेहरू स्मारक म्यूजियम और लाइब्रेरी परिसर में बनाया गया है।

जिस तीन मूर्ति भवन की पहचान अब तक नेहरू मेमोरियल म्यूजियम से थी, वो आज के बाद प्रधानमंत्री संग्रहालय के तौर पर जाना जाएगा। इस संग्रहालय में देश के पहले पीएम पंडित जवाहर लाल नेहरू से लेकर मौजूदा पीएम नरेंद्र मोदी तक सभी प्रधानमंत्रियों के जीवन दर्शन को विस्तार से संग्रहित किया गया है।

साथियों बात अगर हम संग्रहालय से जुड़ी जानकारी जुटाने की करें तो इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और पीआईबी के अनुसार,इस सेंटर के लिए प्रधानमंत्रियों से जुड़ी जानकारी दूरदर्शन, फिल्म डिवीजन, संसद टीवी, रक्षा मंत्रालय, मीडिया हाउस (भारतीय और विदेशी), प्रिंट मीडिया, विदेशी समाचार एजेंसियों, विदेश मंत्रालय के तोशाखाना आदि संस्थानों से जुटाई गई है. यही नहीं पूर्व पीएम के बारे में बहुमूल्य जानकारी जुटाने के लिए उनके परिवारों से भी संपर्क किया गया था. प्रधान मंत्री [सामग्री ज्यादातर मामलों में स्थायी लाइसेंस पर हासिल की गई हैं। अभिलेखागार (एकत्रित कार्य और अन्य साहित्यिक कार्य, महत्वपूर्ण पत्राचार), कुछ व्यक्तिगत वस्तुओं, उपहार और यादगार वस्तुओं का उचित उपयोग (सम्मान, सम्मान, पदक प्रदान किए गए, स्मारक टिकट, सिक्के, आदि), प्रधान मंत्री के भाषण और विचारधाराओं का वास्तविक प्रतिनिधित्व और विभिन्न प्रधानमंत्रियों के जीवन के पहलुओं को विषयगत प्रारूप में प्रतिबिंबित किया गया है।

साथियों बात अगर हम इस संग्रहालय के दिनांक 14 अप्रैल 2022 को पीएम द्वारा उद्घाटन समारोह में संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने कहा, देश के हर प्रधानमंत्री ने अपने समय की अलग-अलग चुनौतियों को पार करते हुए देश को आगे ले जाने की कोशिश की है। सबके व्यक्तित्व, कृतित्व, नेतृत्व के अलग-अलग आयाम रहे।

ये सब लोक स्मृति की चीजें हैं। देश की जनता, विशेषकर युवा वर्ग, भावी पीढ़ी सभी प्रधानमंत्रियों के बारे में जानेगी, तो उन्हें प्रेरणा मिलेगी। इतिहास और वर्तमान से भविष्य के निर्माण की राह पर राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर जी ने कभी लिखा था- प्रियदर्शन इतिहास कंठ में, आज ध्वनित हो काव्य बने। वर्तमान की चित्रपटी पर, भूतकाल सम्भाव्य बने। इस संग्रहालय में जितना अतीत है, उतना ही भविष्य भी है। यह संग्रहालय, देश के लोगों को बीते समय की यात्रा करवाते हुए नई दिशा, नए रूप में भारत की विकास यात्रा पर ले जाएगा। एक ऐसी यात्रा जहां पर आप एक नए भारत के सपने को प्रगति के पथ पर आगे बढ़ते हुए निकट से देख सकेंगे। इस बिल्डिंग में 40 से अधिक गैलरियां हैं और लगभग 4 हज़ार लोगों के एक साथ भ्रमण की व्यवस्था है।

हमें अपने युवा साथियों को इस म्यूजियम में आने के लिए अधिक से अधिक प्रोत्साहित करना चाहिए। ये म्यूजियम उनके अनुभवों को और विस्तार देगा। हमारे युवा सक्षम हैं, और उनमें देश को नई ऊंचाइयों तक ले जाने की क्षमता है। वे अपने देश के बारे में,स्वतंत्र भारत के महत्वपूर्ण अवसरों के बारे में जितना अधिक जानेंगे, समझगें, उतना ही वो सटीक फैसले लेने में सक्षम भी बनेंगे। ये संग्रहालय, आने वाली पीढ़ियों के लिए ज्ञान का, विचार का, अनुभवों का एक द्वार खोलने का काम करेगा।

यहां आकर उन्हें जो जानकारी मिलेगी, जिन तथ्यों से वो परिचित होंगे, वो उन्हें भविष्य के निर्णय लेने में मदद करेगी। इतिहास के जो विद्यार्थी रिसर्च करना चाहते हैं, उन्हें भी यहां आकर बहुत लाभ होगा।

प्रधानमंत्री संग्रहालय में आने वाले लोगों को लोकतंत्र की इस ताकत के भी दर्शन होंगे। विचारों को लेकर सहमति-असहमति हो सकती है, अलग-अलग राजनीतिक धाराएं हो सकती हैं लेकिन लोकतंत्र में सबका ध्येय एक ही होता है- देश का विकास।

इसलिए ये म्यूजियम सिर्फ प्रधानमंत्रियों की उपलब्धियों, उनके योगदान तक ही सीमित नहीं है। ये हर विषम परिस्थितियों के बावजूद देश में गहरे होते लोकतंत्र, हमारी संस्कृति में हज़ारों वर्षों से फले-फूले लोकतांत्रिक संस्कारों की मज़बूती और संविधान के प्रति सशक्त होती आस्था का भी प्रतीक है।

अपनी विरासत को सहेजना, उसे भावी पीढ़ी तक पहुंचाना प्रत्येक राष्ट्र का दायित्व होता है। अपने स्वतंत्रता आंदोलन, अपने सांस्कृतिक वैभव के तमाम प्रेरक प्रसंगों और प्रेरक व्यक्तित्वों को सामने, जनता जनार्दन के सामने लाने के लिए हमारी सरकार निरंतर काम कर रही है। अत:अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत की गाथा का वर्णन, प्रधानमंत्री संग्रहालय स्वतंत्रता के बाद सभी प्रधानमंत्रियों के जीवन और योगदान पर लिखी भारत की गाथा प्रेरणादायक सिद्ध होगी। राष्ट्र निर्माण की दिशा में भारत के सभी प्रधानमंत्रियों के योगदान को सम्मान देने के लिए संग्रहालय की संकल्पना का साकार होना गौरववित उपलब्धि है।

# नए शैक्षिक सत्र में शिक्षा के विकास की रेखाएं-

नए शैक्षिक सत्र में शिक्षा की विकास की रेखाएं वृत्त के चतुर्थांश, या अर्धवृत्त में खींचने से काम नहीं चलेगा वरन संपूर्ण वृत्त में शिक्षा की विकास की रेखाएं खींची जानी चाहिए। वैसे तो 46 वें संविधान संशोधन 2002 में 14 वर्ष से कम आयु के बालकों को मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा संविधान के अनुच्छेद 21अ में प्रतिस्थापित किया गया है जो अप्रैल 2010 से प्रभावी भी है। परंतु आज भी हम सर्वशिक्षा के उन विकास के लक्ष्यों को प्राप्त नहीं कर सके है जो प्राप्त होना चाहिए।नए शैक्षिक सत्र में शिक्षा के ज्ञान की उजाले के आस में कई हजार छात्र अपनी ज्ञान की पिपासा को शांत करने लिए बैठे हैं। शिक्षा तो वह महत्वपूर्ण उपकरण है जो पृथ्वी पर हमें अन्य जीवित प्राणियों से अलग करती है। संपूर्ण मनुष्य जाति को पृथ्वी पर अन्य जीवित प्राणियों से चतुर बनाती है तो शिक्षा के प्रति इतना भेदभाव क्यों... ?। हदीस जैसे ग्रंथों में लिखा गया है विद्यार्थियों की कलम की स्याही शहीदों के खून से अधिक पवित्र होती है।जब स्याही खून से इतनी अधिक पवित्र है तो उस पवित्रता में संदेह कैसा। क्या आवरण पृष्ठ पर कागज का विशिष्टकरण करना ही सिर्फ मात्र शिक्षा का उद्देश्य रह गया है।

## शार्ट न्यूज

### यूपी कांग्रेस की मजबूती के लिये बनेगी नयी रणनीति : भंवर जीतेंद्र

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में मात्र दो सीटों पर सिमटी कांग्रेस को फिर से खड़ा करने की दिशा में नयी रणनीति के साथ काम शुरू किया जायेगा और इस सिलसिले में जल्द ही पार्टी के नये प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा की जायेगी। पार्टी महासचिव भंवर जीतेंद्र सिंह ने शुक्रवार को यहां पत्रकारों से कहा कि पार्टी इस समय चुनाव परिणाम को लेकर विशद समीक्षा में जुटी हुई है और जल्दी ही पार्टी को मज़बूत करने की नयी रणनीति के साथ काम शुरू किया जाएगा। सिंह ने लखनऊ, बाराबंकी, प्रतापगढ़, अमेठी, रायबरेली, बहराइच, उन्नाव, कानपुर, कानपुर देहात, हरदोई, सीतापुर, श्रावस्ती, बलरामपुर और गोंडा के कार्यकर्ताओं से मुलाक़ात की। 16 अप्रैल को सुल्तानपुर, बस्ती, संत कबीर नगर, सिद्धार्थनगर, महाराजगंज, गोरखपुर, कुशीनगर, देवरिया, अयोध्या, आंबेडकरनगर, लखीमपुर खीरी, शाहजहाँपुर और पीलीभीत के कार्यकर्ताओं से मिलेंगे। इसके अलावा सेवादल, यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस, राष्ट्रीय छात्र संगठन के साथ अल्पसंख्यक, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग विभाग के पदाधिकारियों से मुलाक़ात करेंगे। उन्होने कहा कि चुनाव में पार्टी के खराब प्रदर्शन को लेकर कार्यकर्ता और पार्टी के नेता अपनी राय दे रहे हैं और भविष्य की रणनीति को लेकर भी बात की जा रही है। लखनऊ के बाद झांसी और वाराणसी में भी विभिन्न ज़िलों के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक होगी जिसके बाद आलाकमान को रिपोर्ट सौंपी जाएगी। उन्होंने बताया कि यूपी के नये प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा भी जल्द होगी।

### उत्तर प्रदेश में 14 आईपीएस इधर से उधर

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के 14 अधिकारियों का तबादला कर दिया है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि मुरादाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बबलू कुमार को प्रतीक्षारत कर दिया गया है जबकि बलरामपुर के पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल को श्री कुमार की जगह मुरादाबाद का नया एसएसपी नियुक्त किया गया है। इसी तरह अमरोहा की पुलिस अधीक्षक श्रीमती पूनम को भी वेटिंग लिस्ट में डाला गया है वहीं हाथरस के पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल को अमरोहा के एसपी का चार्ज लेने को कहा गया है। उन्होने बताया कि रामपुर के पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल का ट्रांसफर सेनानायक, 8वीं वाहिनी पीएसी बरेली के पद पर किया गया है जहां वह राजेश कुमार सक्सेना का स्थान लेंगे। श्री सक्सेना को बलरामपुर का नया एसपी बनाया गया है वहीं पुलिस महानिदेशक मुख्यालय से संबद्ध पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार चतुर्थ को रामपुर के एसपी का कार्यभार सौंपा गया है। सूत्रों ने बताया कि संतकबीरनगर के पुलिस अधीक्षक श्री कौस्तुभ को महाराजगंज इसी पद पर भेजा गया है जबकि गोरखपुर में अपर पुलिस अधीक्षक नगर के पद पर कार्यरत सोनम कुमार को संतकबीरनगर का नया एसपी बनाया गया है। महाराजगंज के मौजूदा पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता का तबादला सेनानायक 37वीं वाहिनी पीएसी कानपुर नगर के पद पर किया गया है। वह विकास कुमार वैद्य से चाजे लेंगे। श्री वैद्य को हाथरस के पुलिस अधीक्षक के पद पर भेजा गया है।

### भाजपा राष्ट्रवादी पार्टी इसलिए शामिल हुई : अपर्णा यादव

औरैया। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुयी समाजवादी पार्टी (सपा) के संरक्षक मुलायम सिंह यादव की छोटी बहू अपर्णा यादव ने कहा है कि भाजपा राष्ट्रवादी पार्टी है, जिसकी वजह से वह इसमें शामिल हुयी हैं। औरैया के बिधूना में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने आयी अपर्णा ने सपा से अलग होने पर सवाल उठाने वालों को जवाब देते हुए कहा, जो लोग मेरे भाजपा में शामिल होने पर प्रश्न उठा रहे हैं, उन्हें बताना चाहती हूं कि भाजपा राष्ट्रवादी पार्टी है इसलिए मैं इसमें शामिल हुई हैं। अपर्णा ने कहा कि उन्होंने जीवन पर्यंत भाजपा में कार्यकर्ता के रूप में कार्य करते रहने का संकल्प लिया है, क्योंकि भाजपा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आत्मनिर्भर व श्रेष्ठ भारत बनाने का काम कर रही है। गौरतलब है कि औरैया जिले के कस्बा बिधूना में अपर्णा के पति प्रतीक यादव की ननिहाल है और बिधूना के पूर्व विधायक प्रमोद गुप्ता उनके मौसा है। अपर्णा ने स्थानीय लोगों से प्रधानमत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के हाथ मजबूत करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एक भारत, श्रेष्ठ भारत का निर्माण करना चाहते हैं। इसके लिये सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास उनका मूल मंत्र है। जिसे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आत्मसात किया है और पिछली सरकार में जिया है।

### चित्रकूट में चौपाल लगा कर केन्द्रीय मंत्री ने की योजनाओं की समीक्षा

चित्रकूट। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री भूपेंद्र यादव ने शुक्रवार को पौराणिक नगरी चित्रकूट में केन्द्र और राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का जायजा लिया और ग्राम पंचायत बनकट में चौपाल लगा कर समीक्षा की। उन्होने कहा कि पूरे देश में विकास की बयार बह रही है। आकांक्षी जिले चित्रकूट को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के सात साल में किए गए कार्यों का लाभ मिला है। यह सरकार एक गरीब कल्याणकारी सरकार है जो पेंशन की योजनाएं लागू करके उसके खाते में पेंशन सीधे भेजी जाती है। गरीब का हक गरीब के खाते में जाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी एवं उत्तर प्रदेश सरकार के योगी जी ने गर्भवती महिलाओं, कुपोषण से पीड़ित छोटे बच्चों के पोषण की बात हो अन्य योजनाएं लागू की गई है। उनकी यात्रा का उद्देश्य विशेष रूप से आकांक्षी जिले का भ्रमण कर केंद्र सरकार को किए गए कार्यों से अवगत कराना है। श्री मोदी ने मंत्रियों को आदेश दिया है कि जिले में जाकर सरकार के कार्यों की समीक्षा करें और देखें। उन्होंने स्वयं सहायता समूह, आशा बहू ग्राम रोजगार सेवक आगनबाड़ी कार्यकत्री पंचायत सहायक से बात कर कार्यों की समीक्षा की।

### अयोध्या में राममंदिर का पुनर्निर्माण भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक : नायडू


अयोध्या। उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने शुक्रवार को उत्तर प्रदेश की प्राचीन धार्मिक नगरी अयोध्या में रामलला के दर्शन करने के बाद कहा कि अयोध्या यात्रा और रामजन्मभूमि के दिव्य दर्शन मिलने से उनकी बीते कई सालों की कामना पूर्ण हुयी है। नायडू ने अयोध्या यात्रा के अपने अनुभव को एक लेख के जरिये सोशल मीडिया पर साझा किया। इसमें उन्होंने कहा, अयोध्या में श्री राम मंदिर का पुनर्निर्माण भारत के सांस्कृतिक पुनर्जागरण का प्रतीक है, यह प्रतीक है राम के आदर्शों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का, एक लोकहितकारी न्यायपूर्ण शासन व्यवस्था का जो सभी के लिए शांति, न्याय और समानता सुनिश्चित करती है। उपराष्ट्रपति ने रामनगरी में आने पर अपनी भावनाओं का इजहार करते हुए कहा, मेरी अयोध्या यात्रा और श्री रामजन्मभूमि के दिव्य दर्शन, आज मेरी वर्षों की प्रतीक्षा पूर्ण हुई। मुझे विश्वास है कि मेरी तरह देश के लाखों श्रद्धालु नागरिक भी भगवान श्री राम के भव्य मंदिर में दर्शन की प्रतीक्षा कर रहे हैं। इस तीर्थयात्रा ने, मुझे अपने संस्कारों, अपनी महान संस्कृति से जुड़ने का अवसर प्रदान किया। नायडू ने अपने लेख में रामचरित मानस की चौपाईयों का भी जिक्र करते हुए भारतीय आस्था के प्रतीक भगवान राम के बारे में लिखा, राम भारतीय संस्कृति के प्रेरणा पुरुष हैं, वे भारतीयता के प्रतीक-पुरुष हैं। एक आदर्श राजा, आदर्श पुत्र, आदर्श भाई, आदर्श पति, आदर्श मित्र- वे आदर्श पुरुष हैं। हम भारतीय जिन सात्विक मानवीय गुणों को सदियों से पूजते आए हैं, वे सभी राम के व्यक्तित्व में निहित हैं। इसीलिए महाविष्णु के अवतार श्री राम, मर्यादा पुरुषोत्तम हैं। रामायण के महत्व का भी उपराष्ट्रपति ने जिक्र करते हुए कहा कि रामायण का संदेश भागौलिक सीमाओं से परे, सार्वभौम और कालातीत है, उसकी प्रासंगिकता महज भारतीय उपमहाद्वीप तक ही सीमित नहीं है। इस कालजयी रचना के अनगिनत संस्करण दक्षिण पूर्वी एशिया के देशों जैसे थाईलैंड, इंडोनेशिया, कंबोडिया, म्यांमार, लाओस में आज भी प्रचलित हैं। आज भी, भगवान राम और देवी सीता का चरित्र चित्रण इन देशों की लोक परंपराओं का हिस्सा हैं। रामायण का संदेश सदैव हमारी आस्था का केंद्र रहा है, पीढ़ियों से ये हमारी चेतना का हिस्सा है, सदियों पुरानी हमारी सभ्यता की प्राणवायु है।

# मोदी के बाद अब योगी से मिले सपा के राज्यसभा सांसद सुखराम

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी (सपा) के राज्यसभा सदस्य चौधरी सुखराम सिंह यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर दूसरी बार प्रदेश की सत्ता संभालने के लिये उन्हें बधाई दी।

सपा खेमे से वरिष्ठ नेताओं के छिटकने की अटकलों के बीच योगी से वरिष्ठ सपा सांसद की मुलाकात के बाद सियासी गलियारों में चर्चाओं का नया दौर शुरु हो गया है। यह बात दीगर है कि सुखराम ने सपा संरक्षक मुलायम सिंह यादव के भाई और प्रसपा अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव के साथ उनके भी भाजपा में शामिल होने की अटकलों को खारिज कर दिया।

वरिष्ठ समाजवादी नेता ने यूनीवार्ता को बताया कि योगी से उनकी मुलाकात का मंतव्य भाजपा में शामिल होना नहीं है। चौ. सुखराम ने बताया कि गुरुवार को उन्होंने अपने परिवार के सदस्यों के साथ योगी से मुलाकात कर दोबारा प्रदेश का मुख्यमंत्री बनने की उन्हें बधाई दी। उन्होंने बताया कि पिछले दिनों उनकी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भी भेंट हो चुकी है, लेकिन इसका अर्थ



यह नहीं है कि वह भाजपा में शामिल हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह शिष्टाचार मुलाकात मात्र थी।

गौरतलब है कि राज्यसभा सदस्य के रूप में उनका कार्यकाल आगामी चार जुलाई को समाप्त हो रहा है। उत्तर प्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले उनके बेटे ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर ली थी। सपा सांसद ने कहा कि वह अपनी ही पार्टी के अंदर ही पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह के सम्मान की रक्षा की लड़ाई लड़ रहे हैं। यादव ने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश ने 2017 में कहा था कि चुनाव के बाद सपा सरकार बनने पर वह पार्टी अध्यक्ष का पद छोड़ देंगे, लेकिन तब से लेकर अब तक दो विधान सभा और एक लोक सभा चुनाव हो चुके हैं, मगर अखिलेश ने अपनी बात पूरी नहीं की है।

उन्होंने कहा कि वह सपा के संस्थापक सदस्यों में हैं और इस पार्टी के जनक मुलायम सिंह के सम्मान की खातिर लड़ते रहेंगे। यादव ने कहा कि वह सच्चे अर्थों में मुलायम सिंह के समाजवादी सिपाही हैं, उन्हें सम्मान की खातिर अपनी लड़ाई लड़ना आता है।

ज्ञात हो कि भाजपा में शामिल होने की अटकलों के बीच शिवपाल सिंह ने शुक्रवार को प्रसपा की राष्ट्रीय और प्रदेश कार्यकारिणी को भंग कर दिया। प्रसपा ने हाल ही में संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में सपा गठबंधन का हिस्सा बन कर चुनाव लड़ा था।

## उप्र होमगार्ड के 20 प्रतिशत पदों पर होगी महिलाओं की भर्ती

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने होमगार्ड्स में 20 प्रतिशत पदों पर महिलाओं को ही नियुक्त करने की पहल करते हुए इस विभाग में रिक्त पदों को जल्द भरने का निर्णय किया है।

मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से जारी बयान के अनुसार होमगार्ड्स विभाग के रिक्त पदों को भरने और 20 प्रतिशत पदों पर केवल महिलाओं की भर्ती होगी। विभाग के अधिकारियों को 100 दिनों में भर्ती प्रक्रिया को शुरू करने का प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया गया है।

सरकार का मानना है कि प्रदेश में शांति व्यवस्था बनाने और आतंरिक सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले होमगार्ड विभाग में इन भर्तियों से महिलाओं के प्रति अपराधों में भारी कमी आएगी। साथ ही प्रदेश में सुरक्षा का माहौल भी विकसित होगा।

सरकार ने अगले 04 वर्षों में होमगार्ड के रिक्त पड़े सभी पदों को चरणवार भरने के लिए भी दिशा-निर्देश जारी कर दिये हैं। सशक्त नारी, सक्षम युवा और सभी विभागीय रिक्तियों को शीघ्रता से भरने तथा नौकरियों में महिलाओं की संख्या बढ़ाने में सरकार तेजी से काम कर रही है। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स संगठन के लिये भारत सरकार ने वर्तमान में 1,18,348 होमगार्ड स्वयंसेवकों की स्वीकृति दी है। जिनमें 785 ग्रामीण, 366 नगरीय कम्पनियों सहित कुल 1151 कम्पनियों की संरचना की गयी है, जिसमें 25 महिला एवं 60 स्वतंत्र महिला प्लाटूनें भी शामिल हैं।

## यूपी परिवहन निगम के बेड़े में शामिल होंगी दो हजार नयी बसें : दया शंकर सिंह

महोबा। उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दया शंकर सिंह ने शुक्रवार को कहा कि राज्य में सड़क परिवहन निगम के खोये हुए गौरव को वापस दिलाया जाएगा और जल्द ही निगम के बेड़े में दो हजार नयी बसों को शामिल किया जायेगा।

महोबा जिले के धौर्रा गांव में आयोजित सामूहिक विवाह समारोह में शिरकत करने पहुंचे दयाशंकर सिंह ने कहा कि योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली सरकार में रोडवेज के कायाकल्प की रूपरेखा तैयार की गई है। राज्य परिवहन निगम की सेवाओं को यात्रियों के भरोसे पर एक बार फिर खरा उतारा जाएगा। जल्दी ही निगम के बेड़े में 2000 नई बसें शामिल होंगी जो सूबे के विभिन्न डिपो के माध्यम में महत्वपूर्ण रूट पर अपनी सेवाएं प्रदान करेगी।

## पांच सालों में शिवपाल ने सिर्फ खोया ही है : बघेल

इटावा। प्रगतिशील समाजवादी पार्टी अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव के भारतीय जनता पार्टी में शामिल होने की अटकलों के बीच केंद्रीय राज्यमंत्री एसपी सिंह बघेल ने कहा है कि पांच साल तक प्रसपा नेता ने सिर्फ अपमान झेला है और अब अगर वह अपने सम्मान के लिये कोई निर्णय लेते है तो वह उनका अपना निजी फैसला होगा। बघेल ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि शिवपाल अगर अपने सम्मान के लिए कोई निर्णय लेते है और हाईकमान हरी झंडी देती है तो यह शिवपाल का निजी निर्णय ही कहा जायेगा। पिछले पांच साल में किसी ने अपना कुछ खोया है तो वो शिवपाल सिंह यादव ही है। शिवपाल ने सपा से अपमान झेलने के बाद अपनी पार्टी बनाई फिर पिछले विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी के साथ मिलकर लड़ने का फैसला कर 80 से 100 सीटे अपनी पार्टी के लिये मांगी और आखिरकार उन्हे सिर्फ एक सीट पर समझौता करना पड़ा।

## शिवपाल ने प्रसपा की सभी कार्यकारिणियों को भंग किया

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में प्रगतिशील समाजवादी पार्टी (लोहिया) (प्रसपा) के अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ नजदीकी बढ़ाने की अटकलों के बीच बड़े राजनीतिक उलटफेर के संकेत देते हुए शुक्रवार को अपनी पार्टी की राष्ट्रीय और प्रदेश कार्यकारिणी को भंग कर दिया।

पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार शिवपाल के पुत्र और प्रसपा के महासचिव आदित्य यादव की ओर से जारी पत्र में प्रसपा की कार्यकारिणी भंग करने की घोषणा की गयी है।



गौरतलब है कि शिवपाल ने गुरुवार को अंबेडकर जयंती के अवसर पर बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर के दृष्टांत का हवाला देते हुए देश में समान नागरिक संहिता को लागू करने की पैरवी करके सियासी हलकों में हलचल तेज कर दी थी। उन्होंने यहां स्थित प्रसपा कार्यालय में पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा था कि डा अंबेडकर ने भी समान नागरिक संहिता लागू करने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि इसे लागू करने का अब उचित समय आ गया है। ज्ञात हो कि समाजवादी पार्टी (सपा) सैद्धांतिक रूप से समान नागरिक संहिता की पक्षधर नहीं है। शिवपाल ने हाल ही में विधानसभा चुनाव सपा के साथ गठबंधन करके लड़ा था लेकिन चुनाव में सपा गठबंधन की हार के बाद विधायक दल की बैठक उन्हें नहीं बुलाये जाने के कारण वह सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव से नाराज हो गये थे। इसके बाद से ही शिवपाल के भाजपा में शामिल होने की चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया।

इस बीच पार्टी कार्यकारिण भंग करने की घोषणा से एक बार फिर सपा खेमे में टूट की आशंकायें उपजने लगी हैं। अक्षय यादव द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि प्रसपा अध्यक्ष के निर्देश पार्टी की राष्ट्रीय एवं प्रदेश कार्यकारिणी के अलावा सभी प्रकोष्ठ एवं प्रवक्ता मंडल को तत्काल प्रभाव से भंग किया जाता है।

## फर्रूखाबाद में सड़क हादसे में दंपत्ति और पुत्री की मौत, पुत्र घायल

एजेंसी

**फर्रूखाबाद।** उत्तर प्रदेश में फर्रुखाबाद जिले के मोहम्मदाबाद कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को रोडवेज बस की चपेट में आकर दपंत्ति और उनकी पुत्री की मौत हो गयी जबकि मासूम पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गया।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि मैनपुरी जिले के ग्राम मकियानी विनायकपुर थाना कुर्रा निवासी बलराम सिंह (32) पत्नी वंदना (26), पुत्री शालिनी (03) तथा डेढ़ वर्षीय बालक कार्तिक के साथ अपनी ससुराल हरदोई जिले के ग्राम महेरपुर से मोटरसाइकिल पर सवार होकर अपने घर वापस लौट रहे थे कि क्षेत्र के फर्रुखाबाद-इटावा हाईवे पर मदनपुर पुलिस चौकी के पास तेज रफ्तार फाउन्ड्री नगर डिपो की रोडवेज बस से टक्कर हो गयी।

उन्होने बताया कि हादसे में चारों मोटरसाइकिल सवार सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने इन सभी घायलों को मोहम्मदाबाद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे उपचार के लिए भेजा जहां चिकित्सक ने मां वंदना और बेटी शालिनी को मृत घोषित कर दिया। इसके साथ ही पति बलराम सिंह को चिकित्सा उपचार के लिए फर्रुखाबाद के डॉ राममनोहर लोहिया अस्पताल लाया गया, जहां सरकारी चिकित्सक ने बलराम सिंह को मृत घोषित कर दिया। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल बालक कार्तिक का उपचार चल रहा है।

पुलिस ने दुर्घटना करने वाली रोडवेज की बस को अपने कब्जे में ले लिया तथा मृतकों के शवो का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल फतेहगढ़ को भिजवाया।

## राज्य मंत्री दिनेश प्रताप सिंह का ट्विटर अकाउंट हैक हुआ

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह का ट्विटर अकाउंट शुक्रवार को दोबारा हैक हो गया। सिंह ने यह जानकारी देते हुए यहां बताया कि उनका ट्विटर अकाउंट एक महीने में दूसरी हैक हुआ है। उन्होंने ट्विटर इंडिया को भी इस स्थिति से अवगत करा दिया है। उन्होंने बताया कि इसके पहले जब उनका अकाउंट हैक हुआ था, तब इसकी पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई थी। उसके बाद दुबारा शरारती तत्वों ने मंत्री का ट्विटर एकाउंट हैक कर लिया है। सिंह ने कहा कि कल उनका अकाउंट हैक हुआ था।

## क्रय केन्द्रों पर खरीद फरोख्त का नाटक : अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गेंहू खरीद में अनियमितिता बरतने का आरोप लगाते हुये कहा कि सरकारी क्रय केन्द्रों पर खरीद फरोख्त और भुगतान का नाटक चल रहा है और बिचौलियों की झोली भरी जा रही हैं।

श्री यादव ने शुक्रवार को कहा कि भाजपा राज में किसान के साथ सर्वाधिक अन्याय हो रहा है। महंगाई और कर्ज से किसान आत्महत्या करने को मजबूर है। गेहूं की फसल लिए किसान क्रय केन्द्रों का पता ढूंढ़ता मारा-मारा फिर रहा है। सरकारी विज्ञापनों में खुले कथित क्रय केन्द्रों में ही खरीद फरोख्त और भुगतान का नकली नाटक चल रहा है। किसान की फसल एमएसपी पर तो नहीं बिक रही, बिचौलियों के झोलों में भरी जा रही है। उन्होने कहा कि किसान पर आफत की मार यही नहीं रुक रही है। कई जिलों में खेतों में खड़ी फसल आग में जलकर राख हो गई। मैनपुरी, अमेठी, चंदौली, गाजियाबाद, चित्रकूट में 80 बीघा, कानपुर देहात, हरदोई, जौनपुर और कुशीनगर समेत राज्य के अलग अलग जिलों में हजारों बीघा फसल जल कर स्वाहा हो चुकी है। हर दिन हजारों बीघा फसल जल रही है तबाही मची हुई है। भाजपा सरकार ने पीड़ित किसानों की सुध नहीं ली। मुआवजा देना तो दूर मुख्यमंत्री ने खेतों की लगी आग और किसानों के पेट की आग बुझाने को कोई कदम नहीं उठाया।

## पूर्वी उत्तर प्रदेश में आलू की खेती को बढ़ावा देगी सरकार

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में योगी सरकार राज्य के पूर्वी इलाकों में आलू की खेती को बढ़ावा देगी और इसकी शुरुआत कुशीनगर में 'सेंटर फॉर एक्सीलेंस पोटैटो' की स्थापना के साथ की जाएगी।

मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से शुक्रवार को जारी बयान के अनुसार प्रदेश सरकार कुशीनगर में सेंटर फॉर एक्सीलेंस पोटैटो के प्रशासनिक भवन का शिलान्यास जल्द किया जाएगा। इसे सरकार ने अपनी 100 दिन की कार्ययोजना में शामिल किया है। इसका फायदा यह होगा कि किसानों को उच्च गुणवत्ता का बीज आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। किसानों की बड़ी समस्या बीज को लेकर होती है। एक तो निजी संस्थानों के बीज महंगे होते है और उसकी गुणवत्ता की भी कोई गारंटी नहीं होती है।

इस केंद्र में आलू की गुणवत्ता, औद्योगिक प्रयोग के लिए बेहतर किस्म और नई प्रजातियों की खोज और उन्नत बीज संबंधी शोध किया जाएगा।

साथ ही आलू के फसल में लगने वाली बीमारियों से बचाने के लिए योजनाएं भी बनाई जा सकेंगी।

इसके साथ ही सेंटर फॉर एक्सीलेंस पोटैटो में किसानों को आलू की खेती की नई तकनीक के बारे में जानकारी मिल सकेगी।

## सहारनपुर में देवी मंदिरों में लाखों श्रद्धालुओं ने लगायी हाजिरी

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले में शुक्रवार को मां दुर्गा और बाला सुंदरी देवी के करीब पांच लाख भक्तों ने शाकुम्बरी देवी मंदिर और श्री त्रिपुर मां बाला सुंदरी देवी मंदिर देवबंद एवं कस्बा चिलकाना में प्रसाद चढ़ाया और मनोतियां मानी।

जिला पुलिस प्रशासन ने शाकुम्बरी, देवबंद और चिलकाना में भरे देवी मेलों में सुरक्षा और श्रद्धालुओं की सुविधा के व्यापक इंतजाम किए हुए थे। देवबंद में दो साल के अंतराल के बाद एक माह तक चलने वाले मेले की शुरूआत बीती रात लोक निर्माण राज्य मंत्री कुंवर बृजेश रावत द्वारा की गई। शाकुम्बरी देवी का मेला पहले नवरात्र को शुरू हुआ था कल संपन्न होगा। चिलकाना बस स्टैंड पर मां काली के



बाग में स्थित बाला सुंदरी देवी मेले का उद्घाटन आज मेला प्रबंधक पवन कुमार सिंघल, पालिकाध्यक्ष अकबर कुरैशी, एसएचओ चिलकाना सत्येंद्र राय द्वारा किया गया। इस मौके पर हिमांशु गर्ग, बालकृष्ण शर्मा, प्रवीण गोयल, बंसत गुप्ता आदि खासतौर से मौजूद रहे।

देवबंद में मेले का उद्घाटन तीन घंटे की देरी से गुरूवार रात में हुआ। चेयरमैन मेला मनोज सिंघल ने बताया कि इस बार मेले का समापन 13 मई को होगा। कोरोनाकाल के चलते वर्ष 2020-2021 में मेले का आयोजन नहीं हुआ था।

लोक निर्माण राज्य मंत्री कुंवर बृजेश रावत ने मेला आयोजकों और प्रशासन से अपील की कि मंदिरों पर आने वाले देवी के श्रद्धालुओं और दर्शकों की सुविधाओं और सुरक्षा का ध्यान रखा जाए। देवबंद मेले का आयोजन नगर पालिका करती है। शाकुम्बरी देवी मेले की व्यवस्थाएं जिला पंचायत देखती है और कस्बा चिलकाना में मेले का प्रबंध मोहन सिंघल की अध्यक्षता वाली कमेटी करती है। तीनों स्थानों पर आज तड़के चार बजे से ही देवी दर्शनों के लिए मंदिरों के बाहर महिलाओं और पुरूषों की लंबी लंबी कतारें लग गई थीं। शाम चार बजे तक पांच लाख से ज्यादा देवी भक्त मंदिरों पर प्रसाद चढ़ा चुके थे। कमिश्नर डा. लोकेश एम और जिलाधिकारी अखिलेश सिंह ने जनपद के लोगों को चैत्र नवरात्र चतुर्दशी पर अपनी शुभकामनाएं दी और मेलों के निर्विघ्न सफल होने की उम्मीद जताई।

## दो हजार लाख से ज्यादा मत्स्य बीज का वितरण करेगी योगी सरकार

एजेंसी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में मत्स्य पालन को प्रोत्साहन देने की योजना के तहत योगी सरकार अगले सौ दिनों में मछली पालन के लिए दो हजार लाख से अधिक मत्सय बीज का वितरण करेगी।

आधकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि योगी सरकार प्रदेश में लघु, सूक्ष्म व्यवसाय इकाइयों को प्रोत्साहित कर रही है। इस संबंध में वह कम पूंजी में अधिक लाभ देने के लिए राज्य में मत्सय पालन को बढ़ावा दे रही है।

प्रदेश में मछली उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए उप्र मत्सय पालन विकास निगम के विभागीय मत्स्य फार्मों/हैचरी एवं निजी क्षेत्र की हैचरी से मत्स्य कृषकों को गुणवत्तापूर्ण मत्स्य बीज की आपूर्ति की जायेगी। इससे मत्सय उत्पादन में वृद्धि होगी और मछली पालन को अपनाने वाले लोगों को स्थायी



आजीविका भी उपलब्ध होगी।

रिवर रैंचिंग की तकनीक को अपनाते हुए अगले 100 दिनों में मत्स्य विभाग द्वारा विभिन्न प्रजातियों की लगभग पांच लाख मत्स्य अंगुलिका का संचय किया जाएगा। इससे रोजगार के अवसर पैदा होंगे और राज्य में मछुआरा समुदाय की आय में वृद्धि होगी।

सूत्रों के अनुसार अगले 100 दिनों में राज्य सरकार द्वारा विभिन्न तालाबों के पानी और मिट्टी के लगभग 3950 नमूनों की जांच की जाएगी। रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक अवयवों की पूर्ति के लिये निवेश किया जायेगा, जिससे अनावश्यक निवेश पर होने वाले व्यय में कमी आयेगी परिणामस्वरूप निवेश में बचत, तालाब की उत्पादकता एवं आय में वृद्धि होगी।

उन्होने बताया कि योगी सरकार द्वारा प्रदेश में मत्स्य पालन के लिए नवीन 750 हेक्टेयर अतिरिक्त जल क्षेत्र का आच्छादन किया जायेगा।

ग्राम सभा के आवंटित तालाबों तथा पिछले वर्ष निजी क्षेत्र में बने तालाबों में मत्स्य बीज का भण्डारण किया जायेगा।

इस योजना द्वारा व्यवसाय से जुड़े लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे और उनकी आजीविका के साधन में वृद्धि होगी साथ ही साथ राज्य के कुल उत्पादन में वृद्धि होगी।

## जौनपुर में मल्हनी विधायक लकी यादव पर आरोप तय

जौनपुर। उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में अपर सिविल जज (एफटीसी प्रथम) की अदालत में सड़क हादसे के एक मामले में मल्हनी के समाजवादी पार्टी (सपा) विधायक लकी यादव के खिलाफ आरोप तय हो गये हैं।

जौनपुर कोतवाली क्षेत्र के बदलापुर पड़ाव के पास दस साल पहले हुई सड़क दुर्घटना के मामले में गाड़ी चला रहे लकी यादव के खिलाफ विभिन्न धाराओं में आरोप तय हो गए। कोर्ट ने वादी अमित को 20 अप्रैल को गवाही के लिए उपस्थित होने को कहा है।

आधिकारिक सूत्रों के अनुसार वादी अमित दुबे निवासी ग्राम बहोरिकपुर, थाना महराजगंज ने कोतवाली थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई कि वह 27 जनवरी 2012 को विद्यालय कार्य के लिए जौनपुर आ रहा था।

बदलापुर पड़ाव के पास बदलापुर की तरफ से लापरवाहीपूर्वक तेज गति से जा रही स्कार्पियो के चालक लकी यादव ने वादी की गाड़ी में टक्कर मार दी।

इससे वह गाड़ी समेत गिर पड़ा, उसे गंभीर चोटें आई तथा उसका वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। आरोप है कि अमित ने कहा कि गाड़ी सावधानीपूर्वक धीरे चलाएं जिस पर लकी ने गालियां देते हुए धमकी दी।

नई दिल्ली
शनिवार 16 अप्रैल 2022
Www.gauravshalibharat.com

## शार्ट न्यूज

### जिंसों के भाव स्थिर

नई दिल्ली। मलेशियाई बाजार की तेजी के बावजूद स्थानीय स्तर पर ग्राहकी कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेल समेत सभी जिंसों के भाव पिछले दिवस के स्तर पर स्थिर रहे। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा 129 रिंगिट उबलकर 6693 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। हालांकि गुड फ्राइडे पर अवकाश के कारण अमेरिकी बाजार में कारोबार स्थगित रहा। इस दौरान स्थानीय स्तर पर सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ और वे पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर पड़े रहे। गुड़-चीनी : मीठे के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव स्थिर रहे। दाल-दलहन : दाल-दलहन के बाजार में भी स्थिरता रही। इस दौरान चना, चना दाल, मसूर दाल, मूंग दाल, उड़द दाल और अरहर दाल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज : अनाज मंडी में टिकाव रहा। इस दौरान चावल और गेहूं के भाव स्थिर रहे।

### नहीं हुआ सर्राफा बाजार में कारोबार

मुंबई। गुड फ्राइडे के उपलक्ष्य में अवकाश रहने के कारण आज घरेलू सर्राफा बाजार में कोई कारोबार नहीं हुआ। देश के सबसे बड़े वायदा कारोबार बाजार एमसीएक्स के अनुसार, शुक्रवार को गुड फ्राइडे के उपलक्ष्य में अवकाश रहने के कारण सर्राफा कारोबार स्थगित रहा। अब एमसीएक्स में अगले सप्ताह सोमवार से कारोबार होगा।

### शक्कर में मांग, खाद्य तेल मजबूत, दलहनों में नरमी, दाल, चावल सामान्य

**इंदौर।** सियागंज किराना बाजार में शक्कर में मांग रही। खाद्य तेल मजबूत बताए गए। आज सोयाबीन रिफाइंड बढ़कर बिका। दलहन नरमी लिए रहे। आज चना सस्ता बिका। दालों में ग्राहकी सुस्त बताई गई। चावल में मांग रही। शक्कर में पूछपरख रही। आज शक्कर में कामकाज 3580 से 3620 रुपये के स्तर पर चला। शक्कर में 08 गाड़ी आवक हुई। नारियल में लिवाली बनी रही। खोपरा गोला तथा हल्दी में उठाव बताया गया। साबूदाना में खरीदी साधारण रही। खाद्य तेल में तेजी दर्ज की गई। आज सोयाबीन रिफाइंड मजबूत बताया गया। तिलहन में सोयाबीन में प्लान्टो की लिवाली रही। सरसों में कामकाज बना रहा। स्थानीय संयोगितागंज अनाज मंडी में दलहन नरमी लिए रहे। चना घटकर बिका। आज दालों में लिवाली घटी बताई गई इससे भाव मंदे बोले गए। चावल में पूछपरख सुधार लिए रही।

### पाकिस्तान में महंगाई की नई मार, 119 रुपए तक बढ़ेंगे पेट्रोल-डीजल के दाम!

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान में सत्ता परिवर्तन के बाद आम लोगों पर महंगाई की नई मार पड़ने वाली है। पाकिस्तान के आर्थिक हालात को देखते हुए ये अनुमान लगाया जा रहा है कि देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में जबरदस्त इजाफा होगा। पाकिस्तानी करेंसी में पेट्रोल और डीजल की कीमतें 83.5 रुपए और 119 रुपए प्रति लीटर बढ़ सकती है। दरअसल, ऑयल एंड गैस रेगुलेटरी अथॉरिटी ने केंद्र सरकार को शनिवार से पेट्रोल पर 83.5 रुपए प्रति लीटर और डीजल पर 119 रुपए प्रति लीटर तक की भारी बढ़ोतरी करने का प्रस्ताव दिया है। इस पर अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ से परामर्श करने के बाद वित्त मंत्रालय द्वारा लिया जाएगा। एआरवाई न्यूज ने सूत्रों के हवाले से बताया है कि प्रस्तावित बढ़ोतरी जीएसटी के 70 फीसदी और 30 रुपए प्रति लीटर लेवी के आधार पर की गई थी। वर्तमान में, पेट्रोल और डीजल के लिए, लेवी 30 रुपये प्रति लीटर और जीएसटी का 17 फीसदी है। OGRA ने पूर्ण लेवी और टैक्स के आधार पर पेट्रोल पर 83.5 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी लागू करने का सुझाव दिया, जबकि डीजल पर 119 रुपए प्रति लीटर की बढ़ोतरी करने की सिफारिश की गई है। अन्य पेट्रोलियम उत्पादों की बात करें तो हल्के डीजल के लिए 77.31 रुपए, मिट्टी के तेल पर 36.5 रुपए और हल्के डीजल पर 38.89 रुपए की पूर्ण टैक्स रेट और लेवी का प्रस्ताव किया गया है।

### सऊदी प्रिंस ने मस्क का ऑफर ठुकराया

नई दिल्ली। एलन मस्क के ट्विटर को खरीदने के बीच ट्विटर के सबसे बड़े शेयरधारकों में से एक सऊदी अरबपति प्रिंस अल वलीद बिन तलाल ने गुरुवार को ट्विटर के टेकओवर के लिए 41 अरब डॉलर की नकद बोली को ठुकरा दिया है। उन्होंने ट्विटर के जरिए बताया, मुझे एलन मस्क के प्रस्ताव पर पूरी तरह विश्वास नहीं है। अल वलीद बिन तलाल ने कहा, ट्विटर के सबसे बड़े लंबे समय तक रहने वाले शेयर होल्डर में से एक होने के नाते, @Kingdom_KHC और मैं इस प्रस्ताव को रिजेक्ट करते हैं। मस्क ने इस प्रस्ताव को कायम रखा है और सऊदी प्रिंस से दो सवाल किए हैं। उन्होंने वलीद बिन तलाल के ट्वीट का रिप्लाई देते हुए फ्री स्पीच और ह्यूमन राइट का हवाला दिया। एलन ने दो सवालों में पहला सवाल पूछा कि प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रिंस की किंगडम कंपनी ट्विटर का कितना स्वामित्व रखती है और दूसरा पत्रकारिता की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर प्रिंस के क्या विचार हैं? अल वलीद बिन तलाल अल सऊद, जो किंगडम होल्डिंग कंपनी के प्रमुख हैं, रियाद स्थित समूह ने 2011 में ट्विटर शेयर खरीदे थे। सऊदी अरबपति प्रिंस अल वलीद बिन तलाल की किंगडम होल्डिंग कंपनी के पास फोर सीजन्स होटल सीरीज, उबेर, लिफ्ट और सिटीग्रुप में भी अहम स्टॉक हैं। सऊदी अरबपति का ट्वीट ट्विटर के मैनेजिंग बोर्ड की बैठक के बाद आया, जिसमें एलन मस्क ने लगभग 43 बिलियन डॉलर में माइक्रोब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म के 100त्न शेयर खरीदने की पेशकश की थी। अल वलीद बिन तलाल ने यह कहते हुए प्रस्ताव को ठुकरा दिया कि फर्म की लागत बहुत ज्यादा है। अलवलीद और किंगडम होल्डिंग कंपनी ने ट्विटर पर अपना स्वामित्व बढ़ाकर 3.75 अरब रियाल (1 अरब डॉलर) से ज्यादा लगभग 5.2 प्रतिशत कर दिया। मस्क ने सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज कमीशन को फाइलिंग में 54.20 डॉलर प्रति शेयर की कीमत की पेशकश की। मस्क इस सप्ताह इसके मैनेजिंग बोर्ड में एक सीट की पेशकश की गई थी। मस्क ने इस प्रस्ताव को रिजेक्ट कर दिया।

# पेटीएम, जोमैटो समेत इन कंपनियों के शेयरों पर टॉप म्यूचुअल फंड्स ने लगाया बड़ा दांव

एजेंसी

**नई दिल्ली।** टॉप म्यूचुअल फंड्स ने इस साल मार्च में तेज गिरावट झेलने वाले न्यू एज बिजनेस और हाल में लिस्टेड हुई कंपनियों के शेयरों का हाथों-हाथ लिया है।

SBI म्यूचुअल फंड, ICICI प्रूडेंशियल, निप्पॉन इंडिया और TI ने पेटीएम की पैरेंट कंपनी One97 कम्युनिकेशंस के शेयरों को खरीदा है। यह बात इकनॉमिक टाइम्स की एक



रिपोर्ट में कही गई है। 18 नवंबर को लिस्टिंग के बाद से ही पेटीएम के शेयरों पर बिकवाली की दबाव है।

### इश्यू प्राइस से 75 फीसदी गिर गए थे पेटीएम के शेयर

पेटीएम के शेयर इस साल 23 मार्च को 520 रुपये के निचले स्तर पर पहुंच गए थे। 2150 रुपये के IPO इश्यू प्राइस से कंपनी के शेयरों में 75 फीसदी की गिरावट आ चुकी थी। हालांकि, इसके बाद से कंपनी के शेयरों में करीब 32 फीसदी की रिकवरी आई है और कंपनी के शेयर बुधवार (13 अप्रैल 2022) को 688 रुपये के स्तर पर बंद हुए हैं। इसके अलावा, इन फंड्स ने PB फिनटेक (पॉलिसी बाजार), जोमैटो, स्टार हेल्थ के भी शेयर खरीदे हैं।

### इन कंपनियों के शेयरों पर भी फंड मैनेजर्स ने लगाया दांव

इक्विटी फंड्स में बढ़ते इनफ्लो के बीच फंड मैनेजर्स री-ओपनिंग ट्रेड पर दांव लगा रहे हैं। फंड मैनेजर्स एयरलाइंस, होटल्स, मॉल्स, एंटरटेनमेंट और लॉजिस्टिक्स के शेयर खरीद रहे हैं। प्रमुख फंड हाउसेज के फंड मैनेजर्स ने अपने मार्च 2022 पोर्टफोलियो में इंडियन होटल्स, केपीआर मिल, वी-मार्ट रिटेल, सुंदरम फाइनेंस, भारत फोर्ज, पीवीआर और Barbeque-Nation हॉस्पिटैलिटी जैसी कंपनियों के शेयर खरीदे हैं। इसके अलावा, फंड मैनेजर्स ने रुचि सोया इंडस्ट्रीज, Coforge, जायडस वेलनेस, अमारा राजा बैटरीज, सुदर्शन केमिकल इंडस्ट्रीज, कोरोमंडल इंटरनेशनल, त्रिवेणी टर्बाइन के शेयर खरीदे हैं।

### ओलेक्ट्रा ने भारी इलेक्ट्रिक वाहन की शुरूआत

हैदराबाद। मेघा इंजीनियरिंग एवं इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड समूह के हिस्से वाली कंपनी ओलेक्ट्रा ग्रीनटेक लिमिटेड ने शुक्रवार को कहा कि उसने इलेक्ट्रिक ट्रक वर्ग में विस्तार करने की पहल के तहत भारी इलेक्ट्रिक वाहन टिपर बनाने की सफलतापूर्वक शुरूआत की है। हैदराबाद स्थित एमईआईएल ने एक विज्ञप्ति में बताया कि इलेक्ट्रिक बस निर्माण में अग्रणी और प्रमुख ओलेक्ट्रा ने ट्रक निर्माण क्षेत्र में भी उतरी है और ट्रक को भारी इलेक्ट्रिक टिपर की तरह बनाया गया है। हैदराबाद स्थित एमईआईएल ने यहां एक विज्ञप्ति में कहा है कि इलेक्ट्रिक बस निर्माण में अग्रणी और मार्केट लीडर ओलेक्ट्रा ने अब ट्रक निर्माण क्षेत्र में भी उतरी है।

### रूस-यूक्रेन जंग से बढ़ी गेहूं की मांग

नई दिल्ली। यूक्रेन और रूस के गेहूं का बड़ा इंपोर्टर मिस्र (इजिप्ट) अब भारत से गेहूं खरीदेगा। मिस्र ने भारत को गेहूं सप्लायर के रूप में मंजूरी दे दी है। कॉमर्स एंड इंडस्ट्री मिनिस्टर पीयूष गोयल ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी। पीयूष गोयल ने ट्वीट किया, भारत के किसान दुनिया का पेट भर रहे हैं। मिस्र ने भारत को गेहूं सप्लायर के तौर पर मंजूरी दी है। जब दुनिया सतत फूड सप्लाई के भरोसेमंद अल्टरनेट सोर्स की तलाश में है तो मोदी सरकार आगे आई है। हमारे किसानों ने भंडारों को भरा रखा है और हम दुनिया को सर्व करने के लिए तैयार हैं। दरअसल, रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे संघर्ष के कारण ग्लोबल मार्केट में गेहूं की उपलब्धता में भारी गिरावट आई है। ऐसा इसलिए क्योंकि दोनों देश गेहूं के प्रमुख उत्पादक और निर्यातक हैं। मिस्र ने 2020 में रूस से लगभग 1.8 अरब डालर और यूक्रेन से 610.8 अरब डालर का गेहूं आयात किया। अफ्रीकी देश भारत से 10 लाख टन गेहूं आयात करना चाहता है और उसे अप्रैल में 2,40,000 टन गेहूं की जरूरत होगी। भारत का गेहूं निर्यात मुख्य रूप से पड़ोसी देशों को होता है। 2020-21 में मात्रा और मूल्य दोनों के लिहाज से बांग्लादेश की सबसे बड़ी 54त्न हिस्सेदारी है।

# पेट्रोल-डीजल के दाम लगातार नौवें दिन स्थिर

**नयी दिल्ली।** देश में तेल विपणन करने वाली कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दामों में पिछले नौ दिन से कोई बदलाव नहीं किया है, जिसके कारण शुक्रवार को भी पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर रहीं।

इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन की मूल्य अधिसूचना के अनुसार, दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल 96.67 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। वहीं, मुंबई में पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपये प्रति लीटर और डीजल के दाम 104.77 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर हैं।




चेन्नई में पेट्रोल की कीमत 110.85 रुपये और डीजल की कीमत 100.94 रुपये पर बरकरार है।

कोलकाता में पेट्रोल और डीजल की कीमत क्रमशः 115.12 और 99.83 रुपये है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव के बीच लंदन ब्रेंट क्रूड आज 2.65 प्रतिशत बढ़कर 111.66 डालर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 2.20 प्रतिशत की गिरावट के साथ 106.54 डालर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। देश में पेट्रोल-डीजल की कीमतें 137 दिनों की स्थिरता के बाद गत 22 मार्च से बढ़नी शुरू हुई हैं। कंपनियों ने पिछले 24 दिन में 14 बार पेट्रोल और डीजल के दामों में वृद्धि की है। तब से अब तक इनके दामों में करीब 10 रुपये प्रति लीटर की तेजी आयी है।

उल्लेखनीय है कि शुक्रवार लगातार नौवां दिन है, जब कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। इससे पहले एक अप्रैल को कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया था।

# रियल एस्टेट की 8 कंपनियां देने वाली हैं तगड़ा रिटर्न, ब्रोकरेज का ये है टारगेट प्राइस

**नई दिल्ली।** भारत के रियल एस्टेट की कई ऐसी कंपनियां हैं जिनके स्टॉक निवेशकों को अच्छा रिटर्न देने वाले हैं। घरेलू ब्रोकरेज हाउस एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने ये अनुमान लगाया है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने रियल एस्टेट की आठ कंपनियों के स्टॉक्स के लिए टारगेट प्राइस तय किया है। आइए जानते हैं किस कंपनी का क्या है टारगेट प्राइस।

- रियल एस्टेट फर्म डीएलएफ के लिए 486 रुपए का टारगेट प्राइस है। वर्तमान में बीएसई इंडेक्स पर स्टॉक काप्राइस 390.85 है। इस हिसाब से देखें तो प्रति शेयर निवेशकों को 95 रुपए से ज्यादा का फायदा होगा।
- वर्तमान में ओबेरॉय रियल्टी का



शेयर भाव 998.10 रुपए है, जिसका टारगेट प्राइस 1,142 रुपए था। फीनिक्स मिल्स का टारगेट प्राइस 1,364 रुपए तय किया गया है। वर्तमान में इसकी कीमत 1065.15 रुपए है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के मुताबिक ब्रिगेड एंटरप्राइजेज का टारगेट प्राइस 619 रुपए, प्रेस्टीज एस्टेट्स का टारगेट प्राइस 633 रुपए और महिंद्रा लाइफस्पेस का टारगेट प्राइस 473 रुपए है। एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने सोभा डेवलपर्स के लिए टारगेट प्राइस 1,000 रुपए, कोलटे-पाटिल डेवलपर्स के लिए टारगेट प्राइस 381 रुपए और गोदरेज प्रॉपर्टीज के लिए 1,804 रुपए तय कर रखा है। ब्रोकरेज हाउस ने इन सभी स्टॉक्स के लिए बाय रेटिंग दी है। मतलब ये कि निवेशक स्टॉक्स की खरीदारी कर सकते हैं।

ब्रोकरेज का अनुमान है कि मार्च तिमाही में रियल एस्टेट कंपनी की प्री-सेल्स काफी हद तक तीसरी तिमाही बिक्री के अनुरूप रहेगी। कुछ डेवलपर्स की सेल्स में गिरावट देखी जा सकती है, जो कोविड की तीसरी लहर से प्रभावित रही हैं।

# अदानी पोर्ट्स कर सकती है जीपीएल में 100 फीसदी हिस्सेदारी का अधिग्रहण

**विशाखापत्तनम।** देश के सबसे बड़े एकीकृत बंदरगाह एवं लॉजिस्टिक कंपनी अदानी पोर्ट्स एंड एसईजेड (एपीएसईजेड) के चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में गंगावरम पोर्ट लिमिटेड (जीपीएल) में 100 प्रतिशत हिस्सेदारी का अधिग्रहण पूरा करने की उम्मीद है।

एपीएसईजेड ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि वर्तमान में एपीएसईजेड की जीपीएल में 41.9 प्रतिशत हिस्सेदारी है। पोर्ट से वित्त वर्ष 2022 में 30 एमएमटी कार्गो का परिचालन हुआ है। वित्त वर्ष 23 का लक्ष्य 40 एमएमटी से अधिक कार्गो का प्रबंधन करना है। वर्तमान में 0.8 एमटीईयू की एक नई कंटेनर सुविधा



शुरू हो रही है और जुलाई 2022 तक इसके पूरी होने की उम्मीद है।

उसने बताया कि पहले से ही दो एमएमटी कंटेनर कार्गो प्रबंधन के लिए करार हो चुका है, जिसके वित्त वर्ष 2025 तक बढ़कर छह एमएमटी कंटेनर तक पहुंचने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 23 में नगरनार में राष्ट्रीय खनिज विकास निगम (एनएमडीसी) संयंत्र की शुरुआत, सेल, राष्ट्रीय इस्पात निगम लिमिटेड (आरआईएनएल), जेएसडब्ल्यू स्टील और जेएसपीएल से इस्पात के आयात-निर्यात में वृद्धि से पोर्ट के परिचाल को गति मिलेगी। साथ ही उत्तर भारत से गेहूं और आंध्र प्रदेश के गुंटूर इलाके से चावल, तंबाकू और मिर्च जैसे कृषि उत्पादों के निर्यात के से भी समर्थन मिलेगा।

कंपनी के मध्यम अवधि के दृष्टिकोण से आरआईएनएल का निजीकरण उसके लिए एक प्रमुख विकास उत्प्रेरक है। आरआईएनएल जीपीएल का एक प्रमुख ग्राहक है और बंदरगाह को इस्पात संयंत्र से सात एमएमटी कार्गो मिलता है, जो इसके कारोबार में 20 प्रतिशत से अधिक का योगदान देता है।

# एलोन मस्क नहीं रहे ट्विटर के सबसे बड़े शेयरधारक

**वाशिंगटन।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलोन मस्क अब ट्विटर के सबसे बड़े शेयरधारक नहीं रहे। यह द वैनगार्ड समूह के हाल ही में माइक्रो-ब्लॉगिंग कंपनी में अपनी हिस्सेदारी बढ़ाने के कारण हुआ।

द वॉल स्ट्रीट जर्नल ने गुरुवार को बताया कि ट्विटर को खरीदने की कोशिश कर रहे मस्क अब इसके सबसे बड़े शेयरधारक नहीं हैं। अखबार ने कहा कि वैनगार्ड समूह द्वारा आयोजित धन ने सोशल मीडिया मंच में उसकी हिस्सेदारी को बढ़ा दी है, जिससे यह ट्विटर का सबसे बड़ा शेयरधारक हो गया है और सबसे ऊपर मौजूद मस्क को नीचे कर दिया है।

निवेश कंपनी वैनगार्ड ने 08 अप्रैल को शेयर बाजार में बताया था कि उसके पास ट्विटर के 8.24 करोड़ शेयर हैं, जोकि कंपनी की 10.3 प्रतिशत



हिस्सेदारी है।

बुधवार को बंद हुए शेयर बाजार के मुताबिक वैनगार्ड के पास मौजूद ट्विटर के शेयरों की कीमत 3.78 अरब डालर है।

शेयर बाजार को दी जानकारी से पता चलता है कि वैनगार्ड ने अपनी हिस्सेदारी में बढ़ोतरी पहली तिमाही के दौरान की है।

फैक्टसेट के अनुसार, ट्विटर के सबसे बड़े शेयरधारक के रूप में मस्क को पीछे करने के लिए यह पर्याप्त है।

ट्विटर पर वैनगार्ड दिशात्मक दांव नहीं लगा रहा है। इसके बजाय, समूह की अधिकांश संपत्ति सूचकांक और अन्य तथाकथित निष्क्रिय कोषों में है। अखबार ने बताया कि मतदान के मुद्दों पर फर्म अक्सर प्रबंधन का पक्ष लेती है और हेज फंड या सक्रिय निवेशक जैसे बदलावों की वकालत नहीं करती है।

मस्क ने इस महीने की शुरुआत में घोषणा की थी कि उन्होंने ट्विटर में 9.2 फीसदी हिस्सेदारी खरीदी है और इसने उन्हें कंपनी का सबसे बड़ा शेयरधारक बना दिया है।

मस्क ने 11 अप्रैल को निदेशक मंडल में शामिल होने का प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया था।

ट्विटर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पराग अग्रवाल ने कहा था, एलोन मस्क ने निदेशक मंडल में शामिल नहीं होने का फैसला किया है। निदेशक मंडल में शामिल ना होने के मस्क के फैसले के उपरांत ट्विटर के शेयर का दाम गिरना शुरू हो गया था।

सीएनबीसी ने शेयर बाजार के आंकड़ों के आधार पर बताया कि 11 अप्रैल की सुबह ट्विटर के शेयर का भाव 2.66 प्रतिशत गिरकर 54 डालर प्रति शेयर हो गया था।

फैक्टसेट के मुताबिक दिसंबर के अंत तक कंपनी के 6.72 करोड़ शेयर या कंपनी की 8.4 प्रतिशत की हिस्सेदारी थी। हालांकि कंपनी ने टिप्पणी को नकार दिया था। अखबार ने बताया कि मस्क के साथ ट्विटर के पूर्व सीईओ जैक डोर्से दोनों अकेले व्यक्ति हैं, जो कंपनी उच्च 10 शेयरघारकों की सूची में शामिल हैं, इसके अलावा बचे हुए स्थानों पर वित्तीय संस्थान हैं।

मस्क ने गुरुवार को ट्विटर को 54.20 डालर प्रति शेयर पर खरीदने की पेशकश की ।

### महंगे शेयर्स को भी 100 रुपए में खरीद पाएंगे, देश में शुरू होगी फ्रैक्शनल शेयर ट्रेडिंग

नई दिल्ली। देश के छोटे इनवेस्टर्स को जल्द ही महंगे शेयरों में भी पैसा लगाने का मौका मिल सकता है। वे 100 रुपए जैसी छोटी रकम में भी महंगे शेयरों का एक छोटा सा हिस्सा (फ्रैक्शनल शेयर) खरीद सकेंगे। कंपनी लॉ कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में देश में




फ्रैक्शनल शेयरों की अनुमति देने की सिफारिश की है। अमेरिका, ब्रिटेन और जापान समेत ज्यादातर विकसित देशों में फ्रैक्शनल शेयरों की ट्रेडिंग होती है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को भेजी अपनी रिपोर्ट में कमेटी ने कहा है कि मौजूदा कंपनी अधिनियम के तहत कंपनियों को फ्रैक्शनल शेयर जारी करने की अनुमति नहीं है। यदि इसकी अनुमति दी जाती है तो रिटेल इनवेस्टर्स को हाई-वैल्यू शेयरों में पैसा लगाने का मौका मिलेगा। इससे पूंजी बाजार में बड़े पैमाने पर पैसा आएगा। अकेले वित्त वर्ष 2020-21 में ही 1.42 करोड़ नए रिटेल इनवेस्टर्स ने शेयर बाजार में कदम रखा है। लॉ कंसल्टेंसी फर्म जे. सागर एसोसिएट्स के पार्टनर आनंद लाकरा कहते हैं, शेयर बाजार में रिटेल इनवेस्टर्स की बढ़ती भागीदारी को देखते हुए फ्रैक्शनल शेयरों की ट्रेडिंग की अनुमति देने की सिफारिश शानदार पहल है। इससे छोटे इनवेस्टर्स को ऐसे शेयरों में पैसा लगाने की सुविधा मिलेगी, जिनमें वे अभी निवेश नहीं कर सकते।

# अडानी की संपत्ति 2 साल में 8.9 अरब डॉलर से 121.7 अरब डॉलर पर पहुंची, करीब 14 गुना की उछाल

**नई दिल्ली।** अडानी ग्रुप के चेयरमैन इस समय भारत ही नहीं बल्कि एशिया के सबसे बड़े रईस हैं। उनकी संपत्ति साल 2020 से 2022 के बीच करीब 14 गुना उछली है। इसके पीछे सबसे बड़ी वजह है उनकी कंपनियों के शेयरों का बढ़ता भाव। आपके घर के राशन से लेकर कोयले की खदान तक, हवाई अड्डे, रेलवे, बंदरगाह से लेकर बिजली बनाने तक ऐसे दर्जनों कारोबार हैं, जहां गौतम अडानी का ही सिक्का चल रहा है।

### अडानी समूह की कंपनियां

अडानी एंटरप्राइजेज लिमिटेड
अडानी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड
अडानी पावर लिमिटेड




अडानी ट्रांसमिशन लिमिटेड
अडानी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड
अडानी टोटल गैस लिमिटेड
अडानी विल्मर लिमिटेड

### 2017 में गौतम अडानी की कुल संपत्ति 5.8 अरब डालर थी

फोर्ब्स के मुताबिक साल 2017 में गौतम अडानी की कुल संपत्ति 5.8 अरब डालर थी और वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 250वें नंबर पर थे। 2018 में उनकी संपत्ति बढ़कर 9.7 अरब डॉलर पर पहुंच गई और इसके साथ ही वह 154वें स्थान पर पहुंच गए। इसके बाद 2019 में यह घटकर 8.7 अरब डॉलर पर आ गई और फोर्ब्स की लिस्ट में 154वें स्थान से खिसकर 167वें स्थान पर पहुंच गए। साल 2020 में भी बहुत ज्यादा ग्रोथ नहीं हुई यह केवल 8.9 अरब डॉलर पर ही पहुंच पाई। इसके साथ ही उनके रैंक में थोड़ा सुधार हुआ और वह 155वें स्थान पर पहुंच गए। गौतम अडानी के लिए साल 2021 कई बहुत बड़ा साबित हुआ। उनकी संपत्ति 8.9 अरब डॉलर से छलांग लगाकर या यूं कहिए उड़ान भर कर 50.5 अरब डालर पर पहुंच गई। इसके साथ ही फोर्ब्स की लिस्ट में 131 पायदान की छलांग लगाकर 24वें स्थान पर काबिज हो गए।

### 2022 तो 2021 से भी लकी

15 फरवरी 2022 को इनकी संपत्ति 83.6 अरब डॉलर पर पहुंची और वह दुनिया के अमीरों की लिस्ट में 11वें नंबर पर पहुंच गए। ठीक दो महीने बाद 15 अप्रैल को अडानी की संपत्ति 121.7 अरब डॉलर हो गई और दुनिया के अरबपतियों की लिस्ट में छठे स्थान पर काबिज हो गए हैं।

फोर्ब्स के मुताबिक अडानी ने सितंबर 2020 में भारत के दूसरे सबसे व्यस्त मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में 74त्न हिस्सेदारी हासिल की।

अब वह देश का सबसे बड़ा हवाई अड्डा परिचालक है।

अडानी हरित ऊर्जा का दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक बनना चाहते हैं और उन्होंने कहा है कि वह अक्षय ऊर्जा परियोजनाओं पर 70 बिलियन डॉलर तक का निवेश करेंगे।

# दिल्ली को मिला यामाहा का पहला प्रीमियम शोरूम

**नयी दिल्ली।** भारतीय बाजार में वाहनों बिक्री को बढ़ाने की प्रतिबद्धता के तहत इंडिया यामाहा मोटर (आईवाईएम) ने शुक्रवार को यहां अपना पहला ब्लू स्क्वायर (प्रीमियम शोरूम) का उद्घाटन किया।

दिल्ली में इस नए शोरूम के साथ ही देश में अब यामाहा के 62 ब्लू स्क्वायर शोरूम हो गए हैं।

साहनी ऑटोमोबाइल्स के बैनर तले द्वारका में शुरू हुए इस शोरूम में 3एस सुविधा प्रदान की जाएगी। इसमें शुरू से अंत तक बिक्री, सेवा और पुर्जों की सुविधा प्रदान की जाएगी।

यामाहा का यह शोरूम 1940 वर्ग फुट में फैला हुआ है। यामाहा के इस शोरूम में सभी दुपहिया वाहन, परिधानों और सहायक सामग्री की पूरी श्रृंखला को प्रदर्शित किया जाएगा।

यामाहा मोटर इंडिया ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन इशिन चिहाना ने कहा, 'द कॉल ऑफ द ब्लू के ब्रांड अभियान के तहत यामाहा दिल्ली में अपने पहले ब्लू स्क्वायर शोरूम के




खुलने से काफी उत्साहित है। यामाहा के लिए उत्तर भारत बहुत अहम बाजार है। इन प्रीमियम शोरूम के माध्यम से हमारा लक्ष्य ग्राहकों की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखते हुए डिजिटल और निजी अनुभव को साथ लाना है।

उन्होंने कहा, ब्लू स्क्वायर शोरूम में आने वाले हर ग्राहक को लेकर हमारा लक्ष्य है कि उसे अंतरराष्ट्रीय मोटरखेलों में यामाहा की समृद्ध विरासत से जुड़ाव का अनुभव कराना है। ब्लू स्क्वायर शोरूम में हमारे ग्राहकों को अपने ब्रांड से जुड़ने, उत्पाद से जुड़ी जानकारियां लेने और यामाहा के समानों और परिधानों के बारे में जानने के साथ ही वाहन खरीदने का शानदार अनुभव प्राप्त होगा।'

इस प्रीमियम शोरूम में यामाहा मोटरसाइकिल को आकर्षक तरीके से प्रदर्शित करने के साथ ही उससे जुड़े समान, परिधान एवं कलपुर्जे भी मिल सकेंगे।

ग्राहकों के लिए एक-दूसरे से जुड़ने और ब्रांड के बारे में जानकारी पाने के लिए शोरूम में एक कैफे भी बनाया गया है।

## शार्ट न्यूज

### अय्यर, कमिंस ने मनाया बंगाली नव वर्ष

**मुंबई।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर और स्टार ऑलराउंडर पैट कमिंस ने सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) मैच से पहले शुक्रवार को बंगाली नव वर्ष (पोहेला बैसाख) मनाया। केकेआर ने ट्विटर पर अय्यर द्वारा कमिंस के साथ मिठाई साझा करते हुए एक वीडियो पोस्ट किया, जिसमें कमिंस पारंपरिक पोशाक पीले कुर्ता और पैजामा पहने दिखाई दिए। वीडियो में अय्यर कमिंस के लिए मिठाई लाते हैं और उन्हें नव वर्ष की शुभकामनाएं देते हैं। फिर कमिंस मिठाई उठाते हैं हैं और अय्यर से पूछते हैं कि क्या आपने इसे खुद बनाया है, जिस पर अय्यर जवाब देते हैं, आप कह सकते हो कि मैंने बनाई है। जैसे ही अय्यर जाने लगते हैं, कमिंस उन्हें रोकते हैं और कहते हैं कि वह सारी मिठाई खत्म करना चाहते हैं। एक अन्य वीडियो में ऑस्ट्रेलियाई कप्तान आरोन फिंच भी पारंपरिक भारतीय पोशाक पहने हुए केकेआर प्रशंसकों को बधाई देते हुए नजर आए।

### क्रिकेट प्रेमियों के लिए एको की अनूठी पहल

नयी दिल्ली। देश में सबसे प्रख्यात खेल क्रिकेट में योगदान देने के लिए इंश्योरेंस कंपनी एको ने एक अनूठी पहल की है। आईपीएल 2022 के सभी महाराष्ट्र में आयोजित हो रहे हैं। ऐसे में देश भर के क्रिकेट प्रेमी लाइव एक्शन से वंचित न रह जाएं, इसलिए एको की ओर से आठ से 21 अप्रैल के बीच एको फैन एरिना का आयोजन किया जा रहा है। अहमदाबाद में आठ अप्रैल को आयोजित हुए इसके पहले इवेंट को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली, जबकि 14 अप्रैल को दूसरे इवेंट ने भी दर्शकों का खूब मनोरंजन किया। एको का उद्देश्य फैन एरिना में एक शानदार ड्राइव-इन अनुभव देते हुए अपने प्रशंसकों के लिए क्रिकेट के साथ-साथ स्टैंडअप कलाकार, लाइव संगीत, डीजे, फेस पेंटिंग, मर्चेंडाइजिंग, रिफ्रेशमेंटकी सुविधा देना है, जिससे प्रशंसक मनोरंजन के एक अगले स्तर पर पहुंचें। यह क्रिकेट कार्निवल अहमदाबाद से शुरू होकर सात शहरों दिल्ली, लखनऊ, बेंगलुरु, मुंबई, कोलकाता और हैदराबाद से गुजरेगा और तीन हजार से अधिक प्रशंसकों को आकर्षित करेगा। एको के ईवीपी मार्केटिंग आशीष मिश्रा ने इस पहल के बारे में कहा, हमने सात शहरों में इस कार्यक्रम का आयोजन करने का फैसला किया है। हमने इन शहरों को उनकी होम टीम के हिसाब से चुना है, ताकि सभी प्रशंसक मैच में अपनी टीम के लिए लाइव रहते हुए उसे प्रोत्साहित कर सकें।

### बिली जीन किंग कप में भारत की इंडोनेशिया पर 2-1 से जीत

अंताल्या (तुर्की)। भारतीय महिला टेनिस टीम ने लगातार दो हार झेलने के बाद इंडोनेशिया को 2-1 से हराकर बिली जीन किंग कप एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक में पहली जीत दर्ज की है। भारतीय टेनिस खिलाड़ी रुतुजा भोसले ने गुरुवार को पहले एकल मैच में 1-0 की शुरुआती बढ़त बनाई और फिर इंडोनेशिया की बीट्राइस गुमुल्या को सीधे सेटों में 6-4, 6-1 से हरा दिया। दूसरे मैच में भारत की शीर्ष रैंकिंग महिला एकल खिलाड़ी अंकिता रैना ने एल्डिला सुतजियादी पर 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की और भारत को इंडोनेशिया पर 2-0 की अजेय बढ़त दिलाई। फिर आखिरी युगल मुकाबले में रिया भाटिया और सौम्या बाविसेट्टी की भारतीय जोड़ी को जेसी रोम्पीज और एल्डिला सुतजियादी से तीन सेटों के संघर्ष में 6-4, 7(9)-6(7), 2-6 से हार का सामना करना पड़ा। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भारत को अपने पहले दो मुकाबलों में चीन और जापान के हाथों 3-0 से हार का सामना करना पड़ा था।

### दिल्ली कैपिटल्स के फिजियो पैट्रिक फरहार्ट कोरोना संक्रमित

मुंबई। आईपीएल 2022 सीजन में कोरोना वायरस के संक्रमण का पहला मामला सामने आया है। आईपीएल ने शुक्रवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए दिल्ली कैपिटल्स के फिजियो पैट्रिक फरहार्ट के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने की जानकारी दी है। आईपीएल की प्रेस विज्ञप्ति के मुताबिक फिलहाल दिल्ली कैपिल्टस की मेडिकल टीम फरहार्ट की कड़ी निगरानी कर रही है। उल्लेखनीय है कि मौजूदा 2022 आईपीएल सीजन में कोरोना का यह पहला मामला है, हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है कि दिल्ली का कोई अन्य सदस्य फरहार्ट के संपर्क में आने से संक्रमित पाया गया है या नहीं।

### डब्ल्यूटीसी 2023 चक्र में अब तक स्पिनरों का दबदबा

दुबई। बेहद रोमांच के साथ आगे बढ़ रहे मौजूदा आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के 2023 चक्र में अब तक स्पिनरों का दबदबा देखने को मिला है। वर्तमान डब्ल्यूटीसी 2023 चक्र में अब तक के शीर्ष पांच गेंदबाजी आंकड़ों में से चार स्पिनरों के हैं, जिसमें न्यूजीलैंड के लेफ्ट आर्म स्पिनर एजाज पटेल का 10 विकेट का प्रदर्शन, पाकिस्तान के ऑफ ब्रेक स्पिनर साजिद खान का आठ विकेट और दक्षिण अफ्रीकी लेफ्ट आर्म स्पिनर केशव महाराज के सात-सात विकेटों के दो आकर्षक स्पैल शामिल हैं। एजाज का टेस्ट क्रिकेट इतिहास में अब तक का तीसरा 10 विकेट का प्रदर्शन वर्तमान डब्ल्यूटीसी 2023 चक्र में असाधारण गेंदबाजी प्रदर्शन की सूची में सबसे आगे है। उनसे पहले इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर जिम लेकर और पूर्व भारतीय स्पिनर अनिल कुंबले ने एक पारी में 10 विकेट लेने का कीर्तिमान हासिल किया था। उल्लेखनीय है कि एजाज ने दिसंबर 2021 में मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में भारत के खिलाफ सीरीज के दूसरे टेस्ट मैच में एक पारी में 10 विकेट चटकाए थे। वहीं पाकिस्तानी ऑफ स्पिनर साजिद ने ढाका के शेर-ए-बंगला स्टेडियम में बंगलादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच के आखिरी दिन आठ दिसंबर को पहली पारी में आठ विकेट लिए थे। उनके इस शानदार प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने यह मैच पारी और आठ रन से जीत लिया था।

### पाकिस्तान नवंबर-जनवरी के बीच घर पर इंग्लैंड, न्यूजीलैंड के साथ खेलेगा नॉन स्टॉप क्रिकेट

लाहौर। पिछले सीजन आखिरी समय पर अपने-अपने दौरे रद्द करने के बाद अब इंग्लैंड और न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम नवंबर 2022 और अगले साल जनवरी के बीच पाकिस्तान का दौरा करने के लिए तैयार है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की ओर से शुक्रवार को जारी आगामी बंपर शेड्यूल में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड की टीमें भी शामिल हैं। पीसीबी के शेड्यूल के मुताबिक पाकिस्तान पुरुष क्रिकेट टीम 2022-23 के घरेलू सत्र में सात आईसीसी विश्व चैंपियनशिप टेस्ट मैच खेलेगी। दो श्रीलंका, तीन इंग्लैंड और दो न्यूजीलैंड के खिलाफ होंगे, जबकि पाकिस्तान 12 आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग मैच भी खेलेगा। वेस्ट इंडीज, श्रीलंका, नीदरलैंड और न्यूजीलैंड सभी टीमों के साथ तीन-तीन मैच होंगे। पाकिस्तान के घरेलू सत्र की शुरुआत पांच से 12 जून के बीच रावलपिंडी में वेस्ट इंडीज के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला से होगी। नवंबर में तीन टेस्ट मैचों से पहले इंग्लैंड की टीम सितंबर-अक्टूबर में सात मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए भी पाकिस्तान का दौरा करेगी। वहीं न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम दिसंबर-जनवरी में दो टेस्ट और तीन वनडे मैचों के बाद पांच वनडे और पांच मैचों की टी-20 सीरीज के लिए अप्रैल में फिर से पाकिस्तान आएगी। टी-20 प्रारूप में पाकिस्तान पुरुष टीम अगस्त-सितंबर में एक्शन में दिखेगी, जब वह श्रीलंका में टी-20 एशिया कप और फिर बाद में 15 अक्टूबर से 15 नवंबर तक ऑस्ट्रेलिया में 2022 आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप 2022 खेलेगी। इस बीच पाकिस्तान महिला टीम के पास 12 महीने का एक पैक्ड सीजन है, जिसमें आईसीसी महिला वनडे चैंपियनशिप 2022-25 मैच, दक्षिण अफ्रीका में अंडर-19 और सीनियर टी-20 विश्व कप, बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेल और हांग्जो में 2022 एशियाई खेल और फिर एशिया कप(टी-20 प्रारूप) शामिल है, जिसके श्रीलंका में होने की उम्मीद है। पाकिस्तान महिला टीम श्रीलंका, आयरलैंड (दोनों घर) और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन अंतरराष्ट्रीय महिला चैंपियनशिप श्रृंखलाएं भी खेलेगी।

# दीपक चाहर आईपीएल 2022 से बाहर, रसिख की जगह हर्षित केकेआर में शामिल

मुंबई। चार बार के आईपीएल विजेता चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) को बड़ा झटका लगा है। टीम के महत्वपूर्ण ऑलराउंड खिलाड़ी दीपक चाहर चोट से न उभर पाने के कारण आईपीएल 2022 सीजन से बाहर हो गए हैं। आईपीएल ने शुक्रवार को इसकी पुष्टि की।

आईपीएल की ओर से जारी बयान के मुताबिक सीएसके के तेज गेंदबाज दीपक चाहर पीठ की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं, जबकि कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने तेज गेंदबाज रसिख सलाम की जगह पर युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा को रिप्लेसमेंट के तौर पर साइन किया है। इस सीजन केकेआर के लिए दो मैच खेलने वाले सलाम पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण टूर्नामेंट में आगे हिस्सा नहीं ले पाएंगे।

कोलकाता ने सलाम के स्थान पर दिल्ली के हर्षित राणा को उनके 20 लाख रुपए के आधार मूल्य पर टीम में शामिल किया है।



इस बीच आईपीएल की ओर से दिल्ली कैपिटल्स के फिजियो पैट्रिक फरहार्ट के कोरोना वायरस से संक्रमित पाए जाने की जानकारी दी गई है। फिलहाल दिल्ली की मेडिकल टीम उनकी कड़ी निगरानी कर रही है।

उल्लेखनीय है कि चाहर पिछले साल सीएसके की चौथी आईपीएल जीत का एक अभिन्न हिस्सा थे। उन्होंने 2021 आईपीएल सीजन में 15 मैचों में 8.35 की इकोनॉमी से 14 विकेट लिए थे।

पॉवरप्ले में गेंद के साथ उनके घातक प्रदर्शन ने चेन्नई को 2022 की मेगा नीलामी में उनके लिए मोटी राशि खर्च करने पर मजबूर किया। सीएसके को नीलामी में कड़ी चुनौती मिली, लेकिन उसने अंततः तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजियों से प्रतिस्पर्धा को दूर करते हुए अपने खिलाड़ी को 14 करोड़ में वापस टीम में शामिल किया।

नीलामी के कुछ दिनों बाद चाहर चोटिल हो गए और बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में रिहैबिलिएटेशन के चलते श्रीलंका के खिलाफ श्रृंखला से चूक गए। ऐसी मत थे कि चाहर अप्रैल के अंत में सीएसके के लिए एक्शन में लौट आएंगे, लेकिन इस झटके ने उन सभी उम्मीदों पर पानी फेर दिया।

चाहर की अनुपस्थिति में सीएसके ने इस सीजन के अपने पहले चार मैचों में हार का सामना किया। टीम हालांकि रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ पांचवां मैच जीतने में कामयाब रही थी।

चेन्नई को अब चाहर के रिप्लेसमेंट के तौर पर खिलाड़ी चुने जाने की अनुमति दी जाती है या नहीं, इस पर निर्णय होना बाकी है।

## रोमांचक एएफसी चैंपियंस लीग मैच में मुंबई सिटी एफसी अल जजीरा से 1-0 से हारा

**रियाद (सऊदी अरब)।** एक बार की इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) विजेता टीम मुंबई सिटी एफसी को यहां जारी एएफसी चैंपियंस लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में दूसरी हार का सामना करना पड़ा है मुंबई सिटी एफसी को गुरुवार रात को यहां रियाद के किंग फहद इंटरनेशनल स्टेडियम में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अल जजीरा फुटबॉल क्लब के खिलाफ अपने तीसरे रोमांचक ग्रुप चरण मैच में 1-0 के अंतर से हार नसीब हुई। अल जजीरा की टूर्नामेंट में यह पहली जीत है। पिछले मैच में अच्छा प्रदर्शन करने वाले मुंबई सिटी एफसी ने इस मैच में भी कड़ी चुनौती पेश की। मैच में दोनों टीमों ने किस हद तक एक-दूसरे को टक्कर दी, इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि मैच का एकमात्र गोल 40वें मिनट में हुआ और वो भी पेनल्टी से हुआ। अल जजीरा के पहले हाफ में दबदबे के बाद मुंबई सिटी एफसी ने दूसरे हाफ में मजबूती से वापसी करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी को बेहद दबाव में डाल दिया, लेकिन भारतीय टीम महत्वपूर्ण मौकों को भुना कर गोल में करने में सफल नहीं हो पाई, जबकि इस बीच अमीराती सेंटर फॉरवर्ड अली मबखौत ने 40वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक हासिल किया और इसे गोल में तब्दील करने में कोई गलती नहीं की। इस गोल के साथ अल जजीरा ने मैच में 1-0 की बढ़त बनाई, जो अंत तक बरकरार रही और अल जजीरा विजयी घोषित हुआ। उल्लेखनीय है कि मुंबई सिटी एफसी ने सोमवार को अपने पिछले मैच में इराक के एयर फोर्स क्लब को 2-1 से हरा कर एएफसी टीम एएफसी चैंपियंस लीग मैच जीतने वाला पहला भारतीय फुटबॉल क्लब बनने का कीर्तिमान हासिल किया था। फिलहाल मुंबई सिटी एफसी तीन मैचों में एक जीत और दो हार के साथ तीन अंक लेकर ग्रुप बी में सबसे निचले चौथे स्थान पर है।

# जो रूट ने तत्काल प्रभाव से छोड़ी इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट टीम की कप्तानी

लंदन। जो रूट ने तत्काल प्रभाव से इंग्लैंड की टेस्ट क्रिकेट टीम के कप्तान पद से इस्तीफा दे दिया है। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने शुक्रवार को इसकी जानकारी दी।

रूट ने हालांकि पुष्टि की है कि वह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा कि वह आगे भी अच्छा प्रदर्शन करके टीम की जीत में योगदान देने के लिए उत्साहित हैं। वह आगामी कप्तान, अपने साथियों और कोच की मदद करने के लिए हमेशा तैयार रहेंगे।

रूट पांच सालों तक इस पद पर बने रहे। उन्होंने इंग्लैंड के लिए 64 टेस्ट मैचों में कप्तानी करते हुए सबसे ज्यादा 27 मैच जीते और 26 हारे। रूट की कप्तानी में इंग्लैंड ने 2018 में भारत के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला में 4-1 और 2020 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 3-1 से जीत दर्ज की थी। 2018 में रूट 2001 के बाद से श्रीलंका में टेस्ट श्रृंखला जीतने वाले इंग्लैंड पुरुष टीम के पहले कप्तान भी बने थे। इस प्रदर्शन को उन्होंने 2021 में फिर से दोहराया, जब इंग्लैंड ने श्रीलंका को 2-0 से क्लीन स्वीप किया था।

इंग्लैंड की टीम हालांकि पिछले 17 मैचों में केवल एक ही मैच जीत पाई, जिससे उनके पद पर बादल मंडराने लगे थे। इंग्लैंड के पिछले 14 महीने बहुत मुश्किल रहे, जिसमें भारत के खिलाफ घर पर और घर से बाहर हार, ऑस्ट्रेलिया में 0-4 एशेज हार, टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में न पहुंच पाना और सबसे हालिया वेस्टइंडीज में तीन मैचों की सीरीज में 0-1 की हार शामिल है। इन सभी के चलते रूट को पद छोड़ना पड़ा।

रूट ने एक बयान में कहा, वेस्ट इंडीज दौरे से लौटने पर मैंने सोच-विचार किया और उसके बाद मैंने इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान के पद से इस्तीफा देने का निर्णय लिया है। यह मेरे करियर के सबसे मुश्किल फैसलों में से एक है, लेकिन मैंने यह अपने परिवार और नजदीकी लोगों से बात करने के बाद लिया है, मुझे पता है यही सही समय है।

उन्होंने कहा, मुझे अपने देश की कप्तानी करने पर गर्व है और जब भी मैं पिछले पांच सालों के बारे में सोचूंगा तो मुझे गर्व होगा। इस पद पर रहना सम्मान की बात है। देश का नेतृत्व करते हुए मुझे बहुत मज़ा आया लेकिन हाल में जिस तरह का दबाव मुझ पर आया, इसने मैच में ही नहीं उससे बाहर भी मुझे पर असर डाला है।

रूट के कप्तानी छोड़ने के बाद अब उप कप्तान बेन स्टोक्स ही कप्तान बनने के सबसे बड़े दावेदार माने जा रहे हैं। रॉरी बर्न्स, स्टुअर्ट ब्रॉड और जॉस बटलर भी इस पद के दावेदारों में से एक हैं।

इंग्लैंड टीम की एशेज और वेस्ट इंडीज में हार के बाद हुई आलोचना के बाद रूट का इस्तीफा आया है। आलोचकों की ओर से कहा गया था कि इंग्लैंड पुरुष टीम का ना कोई मैनेजिंग डायरेक्टर है, ना कोई प्रमुख कोच है, ना कोई चयनकर्ता और ना कोई टेस्ट कप्तान है।



इस बीच ईसीबी प्रमुख टॉम हैरिसन ने इस बारे में कहा, अपने कार्यकाल के दौरान रूट एक रोल मॉडल रहे हैं। उन्होंने कप्तानी में एक संतुलन पैदा किया, जिससे उन्होंने अपने व्यक्तिगत प्रदर्शन में भी अच्छा करने में मदद मिली। रूट की नेतृत्व करने की क्षमता कमाल की थी। उन्होंने कई बार मुश्किल समय में टीम का नेतृत्व किया।

# मारियुपोल पर कब्जा करने के करीब रूस, कीव के बाहर बना मिलिट्री बेस भी तबाह किया

कीव/मॉस्को। यूक्रेन जंग को 51 दिन बीत चुके हैं। इस बीच बुधवार को रूसी सेना यूक्रेन के मारियुपोल शहर पर कब्जा करने के करीब दिखाई दे रही है। अगर ऐसा होता है तो क्रीमिया से जाने वाले सड़क मार्ग पर रूस का कब्जा होगा। वहीं रूस डोनबास में अपने सैनिकों की संख्या बढ़ा रहा है, जिसके बाद यहां बड़ा हमला होने की आशंका जताई जा रही है।

दूसरी तरफ, यूक्रेन के सभी इलाकों में एक साथ हवाई हमले का अलर्ट घोषित किया गया है। कीव इंडिपेंडेंट के मुताबिक, राजधानी कीव में ब्लास्ट की जानकारी मिली है। यहां एक के बाद एक 3 विस्फोट हुए हैं। वहीं रूस ने धमकी दी है कि अगर युद्ध लंबा खिंचा तो, हम परमाणु हमला कर सकते हैं।

इस बीच यूक्रेनी हमले का शिकार रूस का मिसाइल दागने वाला वॉरशिप डूब चुका है। रूसी डिफेंस मिनिस्ट्री ने गुरुवार देर रात कहा कि यूक्रेन में सैन्य अभियान के दौरान क्षतिग्रस्त होने के बाद वॉरशिप मस्कवा ब्लैक सी में डूब गया। जहाज को टो करने के दौरान संतुलन बिगड़ने से ऐसा हुआ।



### रूस की नाटो को चेतावनी

रूस ने अमेरिका को एक डिप्लोमैटिक नोट भेजकर यूक्रेन को हथियार भेजने पर चेतावनी दी है। रूस ने कहा- अमेरिका और नाटो की तरफ से यूक्रेन को भेजे जा रहे हथियार आग में घी डालने का काम कर रहे हैं, जिसका अंजाम खतरनाक हो सकता है। बता दें कि हाल ही में अमेरिका ने यूक्रेन को 800 मिलियन डॉलर के साथ ही कई घातक हथियार भेजने का ऐलान किया है।

### पुतिन ने माना- प्रतिबंधों ने रूस के तेल और गैस सेक्टर को नुकसान पहुंचा

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन ने गुरुवार को स्वीकार किया है कि पश्चिमी देशों की ओर से लगाए गए प्रतिबंधों की वजह से रूस के तेल और गैस सेक्टर को नुकसाना पहुंचा है। इस वजह से एक्सपोर्ट कम हुआ है और इंडस्ट्री की लागत बढ़ी है।

मॉस्को में अधिकारियों के साथ वर्चुअल कॉन्फ्रेंस के दौरान पुतिन ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि पश्चिमी देशों के बैंकों ने रूसी एनर्जी एक्सपोर्ट का भुगतान करने में देरी की।

### यूक्रेन में एक सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर को भेजने पर विचार कर रहा अमेरिका

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने गुरुवार को कहा कि यूक्रेन में एक सीनियर अमेरिकी अफसर को भेजा जा सकता है। इस मसले पर वह अपनी टीम के साथ जाने पर विचार कर रहे हैं। बाइडेन ने कहा- हम अभी इस मामले में फैसला लेने वाले हैं। US के प्रिंसिपल डिप्टी प्रेस सेक्रेटरी काराइन जीन-पियरे ने बताया कि हम हर दिन यूक्रेनी सरकार के संपर्क में हैं। इस बारे में अधिक जानकारी बाद में दी जाएगी। कीव से रूसी सेना के पीछे हटने के बाद कई पश्चिमी देशों के राष्ट्राध्यक्ष यूक्रेन का दौरा कर चुके हैं। हालांकि, बाइडेन के फिलहाल कीव जाने की संभावना नहीं है।

ब्रिटेन ने रूसी अरबपति रोमन अब्रामोविच से जुड़े दो रूसी बिजनेसमैन की संपत्तियों को जब्त करने का फैसला किया है। इनमें यूजीन टेनेनबाम और डेविड डेविडोविच शामिल हैं। इनसे जुड़ी 13 अरब डॉलर की संपत्ति को सीज किया गया है। अब्रामोविच चेल्सी फुटबॉल क्लब के मालिक हैं और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के करीबी हैं। ब्रिटेन ने अब्रामोविच के सहयोगी डेविडोविच पर ट्रैवल बैन भी लगाया है।

### अमेरिका : कोरोना के मामलों में आई गिरावट, सफर में दी जाएगी छूट

वाशिंगटन। अमेरिकी सरकार ने कोरोना संक्रमण के मामलों में आई गिरावट को देखते हुए अगले हफ्ते से यात्रा संबंधी प्रतिबंधों में ढील देने का फैसला किया है। अमेरिकी विदेश विभाग ने एक मीडिया नोट में इसकी जानकारी दी है। इसमें कहा गया है, अमेरिका के सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (सीडीसी) ने कोविड-19 के निम्न स्तर का संकेत देते हुए अपने कोविड ट्रैवल रिकमंडेशन को सुधारा है। हालांकि अगर सीडीसी किसी देश की यात्रा के लिए खतरे के स्तर को लेवल 4 पर लेकर जाता है, तो विदेश विभाग को भी यात्रा संबंधी एडवाइजरी को लेवल 4 पर ले जाना होगा यानि कि कोरोना के कारण यात्रा पर प्रतिबंध।

# चीन ने अमेरिका से ताइवान के साथ संबंध खत्म करने का किया आग्रह

बीजिंग। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता झाओ लिजियन ने शुक्रवार को अमेरिका से ताइवान के साथ सभी आधिकारिक संबंध खत्म करने का आग्रह किया है, जिसे वह अपना अविभाज्य हिस्सा मानता है।

गौरतलब है कि चीन की तरफ से यह बयान उस समय सामने आया है, जब अमेरिकी सीनेट की विदेश संबंधी समिति के अध्यक्ष बॉब मेनेंडेज़ की अध्यक्षता में छह अमेरिकी सांसदों का एक प्रतिनिधिमंडल गुरुवार को ताइवान के राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन और रक्षा मंत्री चिउ कुओ-चेंग से मुलाकात की थी।



चीन ने कहा कि वह अमेरिका और ताइवान के बीच किसी भी आधिकारिक संबंध का कड़ा विरोध करता है।

श्री झाओ ने संवाददताओं से कहा, अमेरिका को ताइवान के साथ सभी आधिकारिक आदान-प्रदान को बंद करना चाहिए।

चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के पूर्वी थिएटर कमांड ने कहा कि चीनी सशस्त्र बल अमेरिकी सांसदों के द्वीप के दौरे के आलोक में शुक्रवार को ताइवान के पास सैन्य अभ्यास करेंगे।

कमांड ने कहा, चीनी पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के पूर्वी थिएटर कमांड ने युद्धपोत, बमवर्षक, लड़ाकू जेट और अन्य बलों को बहुउद्देश्यीय गश्त करने और ताइवान के द्वीप के आसपास समुद्री और हवाई अभ्यास करने के लिए 15 अप्रैल को भेजा गया।

### म्यांमार में तख्तापलट के विरोध पर सेना का कहर

**म्यांमार।** लोकतंत्र समर्थक भिक्षुओं के गांव बिन को म्यांमार सेना ने पिछले साल 2021 में आग के हवाले कर दिया था। ऐसा इसलिए, क्योंकि इस गांव के लोग सैन्य जुंटा के विरोधी और लोकतंत्र के समर्थक हैं। सेना ने इसका बदला लेने के लिए बिन सहित करीब 100 गांवों और कस्बों को आग में झोंक दिया। विरोध का दमन करने के लिए सैन्य जुंटा के 100 जवानों ने 5500 से अधिक आबादी वाले बिन गांव में आग लगी दी। इससे शहर का बड़ा इलाका जलकर खाक हो गया।

### सऊदी के साथ रणनीतिक साझेदारी को प्राथमिकताः शी जिनपिंग

बीजिंग। चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने शुक्रवार को कहा कि उनका देश सऊदी अरब के साथ संबंधों की मजबूती और व्यापक रणनीतिक साझेदारी को प्राथमिकता देता है। श्री जिनपिंग ने अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान के साथ फोन पर बातचीत के दौरान यह बात कही। 'चीन सेंट्रल टेलीविजन' ने श्री जिनपिंग के हवाले से कहा,सऊदी अरब के साथ संबंधों के विकास को चीनी पक्ष प्राथमिकता देता है और व्यापक रणनीतिक साझेदारी को लगातार बढ़ाने के लिए सऊदी अरब के साथ काम करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में दुनिया जटिल परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। श्री जिनपिंग ने हालांकि कहा, चीन-सऊदी संबंधों की रणनीतिक प्रकृति तेजी से स्पष्ट हो रही है। दोनों नेताओं ने यूक्रेन स्थिति पर भी विचार साझा किए।

### श्रीलंका में पेट्रोल पम्पों पर ईंधन कटौती की घोषणा की

कोलम्बो। श्रीलंका के सरकारी स्वामित्व वाली सीलोन पेट्रोलियम कॉरपोरेशन (सीपीसी) ने शुक्रवार अपराह्न एक बजे से पेट्रोल पंप पर ईंधन कटौती की घोषणा की है। सीपीसी ने कहा कि प्रत्येक मोटरसाइकिल के लिए 1,000 श्रीलंकाई रुपये (3.2 डॉलर) का ईंधन जारी किया जाएगा। तिपहिया वाहनों के लिए 1,500 रुपये और कार, वैन और जीप के लिए 5,000 रुपये का ईंधन जारी किया जाएगा। सीपीसी के अध्यक्ष सुमित विजेसिंघे ने कहा कि यह सीमा बसों, लॉरियों और वाणिज्यिक वाहनों पर लागू नहीं होती है। इस सप्ताह की शुरुआत में सीपीसी ने घोषणा की कि वैश्विक तेल कीमतों में वृद्धि और बढ़ती घरेलू मांग के कारण श्रीलंका का मासिक ईंधन आयात अप्रैल में बढ़कर 70 करोड़ डॉलर हो गया है, जो दो महीने पहले 45 करोड़ डॉलर था।

### जिम्बाब्वे : सड़क दुर्घटना में कम से कम 32 लोगों की मौत, 40 घायल

हरारे। दक्षिण जिम्बाब्वे के चिपिंग शहर में गुरुवार रात एक बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से कम से कम 32 लोगों की मौत हो गयी और 40 गंभीर रूप से घायल हो गये। जिम्बाब्वे ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन ने आज बताया , गुरुवार रात करीब साढ़े नौ बजे दक्षिण-पूर्वी जिम्बाब्वे के चिपिंग में स्थित जोपा बाजार के पास यह हादसा हुआ है। जियोन क्रिश्चियन चर्च के लोग इस्टर चर्च की सभा में भाग लेने जा रहे थे। बस अचानक सड़क के किनारे आ गई और पलटकर खाई में गिर गई। रिपोर्ट के अनुसार शवों को पोस्टमार्टम के लिए चिपिंग हॉस्पिटल भेजा गया है और घायलों का इलाज किया जा रहा है।

### अल-अक्सा मस्जिद में इजरायल पुलिस और फिलिस्तीनियों की झड़प, 60 से अधिक घायल

यरुशलम। यरूशलम के पवित्र स्थल अल-अक्सा मस्जिद में एक बार फिर झड़प हुई है। शुक्रवार सुबह मस्जिद में इजरायली पुलिस और फलस्तिनियों के बीच झड़प में 67 फिलिस्तीनी घायल हो गए। अल जजीरा न्यूज ने यह जानकारी दी। अल जजीरा के अनुसार मस्जिद का संचालन (बंदोबस्ती) करने वाले ने कहा कि जुमे की नमाज अदा करने के लिए हजारो नमाजी एकत्र हुए थे तभी इस दौरान इजराइली पुलिस जबरन मस्जिद में घुस गई। फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट आपातकाल सेवा ने बताया कि घायलों को मस्जिद से निकालकर अस्पताल पहुंचाया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. ·DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा



# बादल में बौना

जंगल में एक पुराना महल था। उसके मुख्य द्वार के बाहर सोने का एक सांप बना हुआ था। सांप इतनी कुशलता से बनाया गया था कि जीवित लगता था। महल खंडहर बन गया था, पर सांप अभी भी चमकदार था। उधर से गुजरने वाले लोग सोने का सांप देखकर लालच में पड़ जाते। सोचते, 'सोने का सांप बेचकर तो बहुत पैसा कमाया जा सकता है।' लेकिन जो भी सांप की मूर्ति को उठाना चाहता, वह असफल रहता।
लोग कहते थे कि उन्होंने उस महल और सांप की मूर्ति को हमेशा वैसा ही देखा था। राह चलते लोग खंडहर हुए महल में रुकते, आराम करते और अपनी राह चले जाते। महल किसने बनाया और दरवाजे पर द्वारपाल के रूप में सांप की मूर्ति क्यों बनाई गई, यह बात निश्चित रूप से कोई नहीं कह सकता था। पूछने पर पास के गांव के बड़े-बूढ़े इस बारे में एक बहुत ही विचित्र कथा सुनाते थे।
कहीं एक औरत और उसका बेटा रहते थे। औरत मेहनत-मजदूरी करके अपना और अपने बेटे का पेट भरती थी। वह रोज काम पर चली जाती और बेटा घर पर रहता। बेटा अपना समय घर में अकेले बिताता। उसका नाम था जैक। वह बहुत दयालु था।
एक दिन जैक ने घर की दीवार से एक सांप को निकलते देखा। सांप धीरे-धीरे रेंगते हुए दूसरी तरफ अपने बिल में चला गया। जैक उस समय खाना खा रहा था। उसने थोड़ा सा खाना सांप के बिल के बाहर रख दिया। फिर इंतजार करने लगा कि सांप कब वहां से बाहर आता है।
उस दिन से जैक ने यह नियम बना लिया। जब भी भोजन करता, सांप के लिए उसका हिस्सा जरूर रख देता था। जैक की मां ने भी यह देखा। उसने पूछा, तो जैक ने सांप के बारे में बता दिया। सुनकर मां तो डरी, पर जैक ने कहा, मुझे सांप से जरा भी डर नहीं लगता। एक दिन जैक ने सुना, घर की मरम्मत की जाएगी और पुरानी दीवार को तोड़ दिया जाएगा। उसने मां से कहा, मां, दीवार को मत तोड़ो। इस तरह तो सांप बेचारा बेघर हो जाएगा।
मां ने जैक को बहुत समझाया, पर वह तो जिद पकड़ बैठा। मां ने उसकी बात मान ली। आखिर दीवार नहीं तोड़ी गई। दिन सप्ताहों में, सप्ताह महीनों में और महीने वर्षों में बदल गए। जैक सुंदर, सजीला युवक बन गया। कुछ समय बाद जैक की मां की मृत्यु हो गई। इसलिए जैक एकदम अकेला रह गया था।
एक दिन जैक दीवार के पास खड़ा था। तभी उसने एक आवाज सुनी, जैक, मैं तुम्हारा मित्र सांप हूं। अब तुम मेरे लिए कुछ मत रखना। मेरा अंत आ गया है। तुम बहुत अच्छे हो। मैं जाते समय तुम्हें एक मामूली भेंट देकर जाना चाहता हूं। जैक के देखते-देखते दीवार फट गई। उसमें से एक बांसुरी बाहर गिर गई। सांप ने कहा, यह जादुई बांसुरी संकट के समय तुम्हारी मदद करेगी। यह एक परी की है। वह इसे एक झील के किनारे भूल गई थी। मैं इसे किसी अच्छे आदमी को देना चाहता था। जैक ने बांसुरी ले ली। तभी वह दीवार गिर पड़ी। जैक ने देखा, मलबे के बीच मरा हुआ सांप पड़ा है।
जैक ने उसी दिन गांव छोड़ दिया। अब भला उसका कौन था वहां! वह हमेशा बांसुरी अपने साथ रखता था। बांसुरी की सुरीली आवाज से लोग मोहित हो जाते। जैसे बांसुरी में कोई जादू था। उसकी आवाज सुन बीमार लोग अच्छे हो जाते, दुष्टों का दिल दहलने लगता। जंगल में भटके हुए पशु लौट आते।
एक बार जैक किसी गांव के समीप से गुजर रहा था। रास्ते में उसने देखा, सब खेत जले हुए हैं। उसे आश्चर्य हुआ। उसने वहां रहने वालों से पूछा। पता चला, वहां जब-तब अंगारों की बारिश होती है। मुखिया ने बताया, न जाने कहां से एक काला बादल आता है। उससे अंगारे बरसने लगते हैं। सारी फसल जल जाती है।
जैक मैदान में खड़ा होकर आकाश की ओर देखने लगा। तभी पश्चिम दिशा से काला बादल वहां आया। उससे अंगारे बरसने लगे। जैक ने तुरंत बांसुरी उठाई और बजाने लगा। बांसुरी की मीठी आवाज गूंज उठी। एकाएक अंगारे उछले और बादल में वापस समा गए, जैसे उन्हें किसी ने ऊपर की ओर उछाल दिया हो। सब पहले जैसा हो गया। इसके बाद बादल बड़ी जोर से गरजने लगा। फिर भयानक सूरत वाला एक बौना नीचे उतरा। उसने जैक से पूछा, यह बांसुरी कैसे बजाते हो? तुम्हारे बांसुरी बजाने से आज भारी गड़बड़ हो गई। अंगारे धरती से उछलकर ऊपर चले गए। आज तक तो ऐसा कभी नहीं हुआ था। तुम यह बांसुरी मुझे दे दो।
जैक समझ गया कि बौना उसकी बांसुरी छीनना चाहता है। वह पीछे हटकर जोर-जोर से बांसुरी बजाने लगा। बौना पागलों की तरह उछल-कूद करने लगा। वह बुरी तरह हांफ रहा था, बंद करो बांसुरी बजाना। मैं बहुत थक गया हूं।
जैक समझ गया कि बौना उसके चंगुल में आ चुका है। वह रुका नहीं, उसी तरह बांसुरी बजाता रहा। अब तो बौना गिड़गिड़ाने लगा, मैं तुम्हें एक जादुई सेब देता हूं। इसे जमीन पर फेंकोगे, तो तुम्हें एक उपहार मिलेगा। कहते-कहते उसने एक सेब जैक की तरफ लुढ़का दिया। जैक ने सेब को जोर से जमीन पर पटका, तो वहां एक शानदार महल दिखाई देने लगा। अब जैक ने कहा, तुम्हें मैं इस तरह नहीं छोड़ सकता। तुमने इन भोले गांव वालों को बहुत परेशान किया है। तुम वादा करो कि इन्हें फिर कभी परेशान नहीं करोगे?
मरता क्या न करता? बौने ने कहा, मैं आज के बाद कभी अंगारों की बारिश नहीं करूंगा। जैक ने बांसुरी बजाना बंद कर दिया। बौना बादल में बैठकर भाग गया। जैक उस जादुई महल में रहने लगा। अब उसे किसी चीज की कमी नहीं रही। उसने अपने मित्र सांप की याद में सोने का सांप बनवाकर महल के बाहर लगवा दिया।
इस घटना को बहुत समय बीत चुका है। न जैक रहा, न दूसरे लोग। पर जैक और सोने के सांप की कहानी आज भी जीवित है।



# टॉपियरी मतलब घास पर सजी इमेजिनेशन

**जब मामला आर्ट का हो तो कई सारे रंगों का दुनिया में बिखर जाना लाजमी है।**

जितने सारे लोग इस धरती पर उतनी ही अलग-अलग उनकी कल्पनाएं और दिमाग की दौड़। और जब मामला आर्ट का हो तो कई सारे रंगों का दुनिया में बिखर जाना लाजमी है। जिन बन्दों की कारीगरी हम यहां तुम्हें बता रहे हैं वो काम करते हैं पेड़-पौधों की दुनिया से जुड़कर। ये लोग बनाते हैं ग्रास स्कल्पचर एक आर्ट फॉर्म जिसे टॉपियरी भी कहा जाता है। खास बात यह है कि इस आर्ट फॉर्म को बनने में कुछ महीने से लेकर सालों तक का भी समय लग सकता है।

## पर्ल फ्रेयर

टॉपियारी की कला का यह महान आर्टिस्ट दुनिया भर में अपने काम के लिए जाना जाता है। पूरी दुनिया में प्रेम, शांति और सद्भाव फैलाने का विचार लेकर चलने वाले इस अफ्रीकन-अमेरिकन आर्टिस्ट की लगन, खूबसूरत आर्ट और कड़ी मेहनत को आज सभी सलाम करते हैं। यही कारण है कि आज दुनियाभर के टूरिस्ट इनका साउथ कैरोलिना वाला टॉपियारी गार्डन देखने आते हैं जहां 300 से भी ज्यादा प्रकार के पौधे हैं जिनका उपयोग विभिन्न आकारों को बनाने के लिए भी किया गया है। इस गार्डन में कुछ पौधे तो ऐसे भी हैं जिन्हे यूं ही पड़े खाद के ढेर में से उठाकर यहां लाया और रोपा गया है। आज ये बेकार पड़े पौधे खूबसूरत, कलात्मक आकृतियों में बदल चुके हैं। पर्ल के आर्ट पर एक डॉक्यूमेंट्री मूवी 'अ मैन नेम्ड पर्ल'' भी बनाई गई है जो लोगों को प्रकृति से जुड़े रहने की प्रेरणा देती है।

## मथिल्डे रोसेल

इस फ्रेंच आर्टिस्ट ने जिस सोच के साथ ग्रास आर्ट पर काम किया है वह दुनिया के हर इंसान के सोचने का विषय है। रोसेल ने रीसाइकल्ड मैटल की बॉडी में मिट्टी में गेंहू के दाने डालकर उन्हें आकार दिया है। जब मैटल के ढांचे में नन्हे घासनुमा पौधे पनपते हैं तो ऐसा लगता है जैसे नए जीवन को आकार मिल रहा हो और फिर जब घास सूख जाती है तो मिट्टी का शरीर मिट्टी में ही मिल जाता है। यही कलाकार का विचार भी है। रोसेल चाहती हैं कि इस कला के जरिए वे लोगों को अपने पर्यावरण, प्रकृति और भोजन की महत्ता समझने में मदद कर सकें। इन आकृतियों को रोसेल ने एक्शन फॉर्म में भी बनाया है। इसलिए ये और भी जीवंत नजर आती हैं। ग्रास स्कल्पचर के अलावा रोसेल अन्य आर्ट फॉर्म पर भी काम करती हैं लेकिन उनकी 'लाइव्स ऑफ ग्रास'' की कलाकृतियों ने लोगों को बहुत प्रभावित किया है।

# एक अनोखा पत्थर, जिसे पीटने पर आती है घंटी की आवाज

वैसे तो आपने कई अनोखे पत्थरों के बारे में सुना होगा। लेकिन मध्य प्रदेश के रतलाम में मां दुर्गा के मंदिर में एक ऐसा अनोखा पत्थर है, जिसको बजाने पर घंटी की तरह आवाज निकलती है। इस पत्थर से निकलने वाली आवाजों के सुनकर लोग हैरत में पड़ जाते हैं। कई लोग इसे दैवीय चमत्कार भी मानते हैं। बता दें कि इस पत्थर पर किसी भी अन्य पत्थर के टकराने से धातु की तरह आवाज आती है। रतलाम से करीब 25 किलोमीटर की दूरी पर बेरछा गांव के पास प्राचीन पहाड़ी पर स्थित यह मंदिर अंबे माता के मंदिर के तौर पर जाना जाता है। इस पहाड़ी पर मंदिर से कुछ ही दूरी पर एक अनोखा पत्थर भी है। इस पत्थर पर किसी अन्य पत्थर से पीटने पर धातु की तरह आवाज निकलती है। पत्थर से निकलने वाली ये आवाज घंटी की तरह सुनाई देती है, जिसे ग्रामीण चमत्कारी पत्थर मानते हैं। बता दें कि इस मंदिर का इतिहास काफी पुराना है। इस मंदिर को सबसे पहले एक ग्रामीण ने देखा था। उस समय यहां आने के लिए रास्ता भी नहीं था। बाद में ग्रामीणों के द्वारा यहां आने के लिये एक कच्चा सकरा रास्ता बनाया गया ताकि मंदिर तक आवश्यक पूजा व अन्य सामग्री ले जाई जा सके। बेरछा गांव के पास स्थित इस प्राचीन मंदिर से थोड़ी ही दूरी पर एक विचित्र पत्थर है, जिसे बजाने पर उसमें से धातु की तरह टन टन की आवाज आती है। ये किसी चमत्कार से कम नहीं है। वैसे तो पूरी पहाड़ी पत्थरों से भरी हुई है, लेकिन उसमें सिर्फ एक ही पत्थर खास है।



धातु की तरह आवाज निकालने वाला यह पत्थर अब भी रहस्य बना हुआ है। कई ग्रामीण इस पत्थर को दैवीय चमत्कार मानते हुए पूजा भी शुरू कर दी है और यहां पर एक ध्वज भी लगा दिया गया है। यह अनोखा पत्थर अंबे माता के मंदिर से से करीब 700 मीटर की दूरी पर है, जहां पैदल भी जाया जा सकता है। इन दिनों इस पत्थर से निकलने वाली आवाजों को सुनने के लिए लोगों की काफी भीड़ जुट रही है।



# पेपर को करो रीसाइकल बनाओ कुछ बेहतर

**जब भी रीसाइकलिंग की बात होती है सबसे पहला ध्यान पुराने, बेकार पेपर्स पर ही जाता है।**

घर पर तुम भी अक्सर पुराने बेकार पड़े कागज से नाव बनाकर पानी में तैराया करते होंगे या फिर कागज का प्लेन बनाकर उड़ाया करते होंगे लेकिन क्या तुम्हारे दिमाग में इन पुराने पड़े न्यूजपेपर्स या मैगजीन्स को लेकर और कोई आइडिया आता है। क्योंकि जब भी रीसाइकलिंग की बात होती है सबसे पहला ध्यान पुराने, बेकार पेपर्स पर ही जाता है। आओ हम मिलकर बनाते हैं कुछ मजेदार चीजें जो दिखने में अच्छे लगेंगे और यूजफुल भी होंगे।

## ये चीजें चाहिए

- न्यूज पेपर या मैगजीन
- चिपकाने के लिए ग्लू

## फ्रेम विथ पेपर

तुम्हारे पास कोई पुराना फोटो फ्रेम पड़ा है तो पेपर की मदद से तुम उसे नया लुक दे सकते हो। न्यूजपेपर को मनचाही लंबाई में काटो और उसे फ्रेम के ऊपर एक-एक कर चिपकाते जाओ।

## बनाओ पॉट को इंटरेस्टिंग

अपने सिंपल से प्लांट पॉट को पेपर के टुकड़ों से एक क्रिएटिव और नया रूप दे सकते हो। पेपर या मैगजीन को अपने पॉट के आकार के अनुसार काट लो और उसे पतले-पतले ट्यूब के रूप में पॉट के इर्द-गिर्द चिपकाते जाओ।

## पेपर बैग

पेपर को दो या तीन लेयर की मोटाई में आपस में चिपका लो ताकि उसमें मजबूती आ जाए। इसके दोनों हिस्सों पर हल्की मोटी रस्सी या फिर खूबसूरत रिबन का इस्तेमाल कर सकते हो। इस इकोफ्रेंडली बैग को हल्के-फुलके सामानों को ले जाने के लिए उपयोग कर सकते हो।

## जार की बढ़ाओ खूबसूरती

घर पर पड़े पुराने और बदरंग जार को पेपर के जरिए नए तरीके से प्रेजेंट कर सकते हो। इसके लिए तुम्हें पुरानी मैगजीन के कलरफुल पन्ने लेने होंगे ताकि जार अधिक खूबसूरत दिखे। मैगजीन के पन्नों को सही तरीके से मोड़ते हुए एक के ऊपर चिपकाते जाओ।

## कॉफी मग होल्डर

पेपर को गोल-गोल घुमाते हुए मोड़ते जाओ और उनको आपस में चिपकाते जाओ। चाहो तो इसे कलर भी कर सकते हो। इसे तुम कॉफी होल्डर के लिए या डाइनिंग टेबल पर कोई गर्म चीज रखने के भी काम ला सकते हो।

## दीवार सजाओ

अच्छी-सी डिजाइन में पेपर्स को काटो और उसे फ्रेम करके अपने ड्रॉइंग रूम में या फिर अपने रूम में दीवार पर डेकोरेट करने के लिए लगा सकते हो। चाहो तो कोई फ्लावर या फिर किसी अन्य शेप में पेपर या मैगजीन को काट सकते हो। कुछ ऐसा ही तुम दीवार घड़ी के साथ भी प्रयोग कर सकते हो। दीवार घड़ी के पिछले हिस्से पर पेपर को कोन के आकार का बनाकर लगा सकते हो।

# ग्रीटिंग और कार्डबोर्ड का क्रिएटिव जादू

घर में खाली रखे मिठाई के डिब्बों या किसी सामान के साथ आए कार्डबोर्ड बॉक्स से भी बहुत अद्भुत चीजें बनाई जा सकती हैं। शादियों, त्योहारों और अन्य मौकों पर दिए जाने वाले इन्विटेशन कार्ड्स, ग्रीटिंग कार्ड्स और आर्ट एंड क्राफ्ट की दुकान पर मिलने वाली रंगबिरंगी पेपर शीट्स से आर्ट एंड क्राफ्ट के कई आइडियाज पनप सकते हैं। इसी तरह घर में खाली रखे मिठाई के डिब्बों या किसी सामान के साथ आए कार्डबोर्ड बॉक्स से भी बहुत अद्भुत चीजें बनाई जा सकती हैं। चलो इनमें से कुछ आइडियाज हम तुमसे शेयर करते हैं और चित्रों के माध्यम से भी तुम्हें आइडियाज देते हैं।

## ग्रीटिंग्स और अन्य कार्ड्स

रंगबिरंगे ग्रीटिंग कार्ड्स या शादी और अन्य तरह के ओकेजन्स पर घर में आने वाले कार्ड्स अक्सर बहुत सुन्दर डिजाइन के साथ आते हैं। इनके रंग और डिजाइंस का उपयोग आसानी से सीनरी या वॉल पीस बनाने में किया जा सकता है। तुम चाहो तो इसके साथ कलर्ड पेपर शीट्स का भी उपयोग कर सकते हो। तो सबसे पहले एक बड़ी शीट लेकर उस पर अपनी कल्पना से किसी सीन की आउटलाइन खींचो। जैसे पेड़, फूल, आसमान, जानवर या अन्य चीजें। अब कार्ड्स के रंग के अनुसार और अपने सोचे सीन के अनुसार कार्ड्स में से अलगअलग आकार कैंची की मदद से काट लो। यहां एक बात का खास ध्यान रखना कि कैंची का उपयोग करते समय बहुत सावधानी रखो और हो सके तो किसी बड़े की मदद भी लो। अब काटे गए कार्ड पीसेस को शीट पर किसी भी एड्हेसिव की सहायता से चिपका दो। तुम चाहो तो किसी खास रंग के लिए एक्रेलिक कलर्स का भी उपयोग कर सकते हो और चाहो तो कलर्ड शीट भी यूज कर सकते हो। यही नहीं, चीजों को और भी क्रिएटिव बनाने के लिए ऊन या धागों, बटन्स या बीड्स जैसी चीजों को भी यूज कर सकते हो।

## कार्डबोर्ड बॉक्सेस

मिठाई के डब्बे हों या किसी अन्य सामान के साथ आए गत्ते यानी कार्डबोर्ड के मजबूत बॉक्स। इनका प्रयोग भी एक आर्ट पीस बनाने के लिए किया जा सकता है। इसके लिए भी तुम्हें कुछ कलर पेपर, एक्रेलिक या वॉटर कलर, क्रेयॉन्स, कैंची और एड्हेसिव की जरूरत होगी। कैंची के लिए यहां भी वैसी ही सावधानी रखनी होगी। मिठाई के डिब्बों से तुम सोफे, गाड़ी, मोबाइल कवर, छोटी शेल्फ या घर आदि बना सकते हो तो कार्डबोर्ड के मजबूत टुकड़ों या पूरे बॉक्स से तुम अपने लिए मॉड्यूलर किचन से लेकर बड़ा ट्रक, बड़ी शेल्फ, फ्रिज, टीवी, ज्वैलरी बॉक्स, फर्नीचर, एक डॉल हाउस, छोटा-सा शहर आदि जैसी कई चीजें बना सकते हो। जरूरत बस अपनी कल्पना को रंग देने की है।

# शादी के बंधन में बंधे रणबीर-आलिया

एजेंसी

मुंबई। बॉलीवुड की दुनिया की दो सबसे हॉट सितारे रणबीर कपूर और आलिया भट्ट गुरूवार को शादी के बंधन में बंध गए। उनकी शादी पाली हिल स्थित उनके वास्तु आवास पर बड़े ही धूमधाम से हुई।
बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट के पति-पत्नी बनने के तुरंत बाद सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर अपने 'मिस्टर राइट' रणबीर कपूर के साथ खुश का इजहार करते हुए तस्वीरें साझा की।
शादी समारोह में नीतू कपूर, रिद्धिमा कपूर, शाहीन भट्ट, सोनी राजदान, शाहीन भट्ट, महेश भट्ट, पूजा भट्ट, करीना कपूर खान, सैफ अली खान, करिश्मा कपूर, करण जौहर, नव्या नवेली नंदा और आकाश अंबानी सहित कई जानी-मानी हस्तियां इस शादी में शामिल हुए। आज सुबह सात बजे से मेहमानों के आने का सिलसिला जारी हो गया था।
शादी समारोह की शुरुआत बुधवार को वास्तु में गणेश भगवान के पूजन के साथ हुई। आज ही के दिन ठीक 43 साल पहले नीतू और दिग्गज दिवंगत अभिनेता ऋषि कपूर शादी के बंधन में बंधे थे।
अभिनेता रणधीर कपूर ने बताया, परिवार के लिए यह एक बड़ा दिन है और चिंटू (ऋषि कपूर) को यहां होना चाहिए था। हम उन्हें हर दिन याद करते हैं, लेकिन आज उनकी काफी याद आ रही हैं। रणबीर और आलिया को जीवन के इस नए अध्याय की शुरुआत करते हुए देखकर अच्छा लगा। काश ऋषि इस पल को देखने के लिए यहां होते। मुझे आज उनकी बहुत कमी खल रही है।





